

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 गेंदबाजों ने बल्लेबाजों का काम आसान कर दिया : वार्नर

सीबीआई ने जम्मू कश्मीर के पूर्व उपराज्यपाल के आरोपों... 12



वर्ष : 12 | अंक : 341 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 अप्रैल, 2022 | वैशाख कृष्ण, षष्ठी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 41.0°C
न्यूनतम तापमान 30.0°C

दिल्ली के मौसम में थोड़ी नमी रहेगी। बारिश होने की भी संभावना है। तेज हवा चलने की उम्मीद है।

**पोल**

**क्या दिल्ली में 9 सब वैरिएंट मिलने से क्या कहर मचेगा?**

| | |
|---|---|
| हां | 60% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 54,175 |
| चांदी | 67,400 |
| सेंसेक्स | 57,911 |
| निफ्टी | 17,392 |

## संक्षिप्त खबर

### सिद्धू के भगवंत मान को लेकर अटपटे बोल, कहा- रबड़ के बबुआ हैं पंजाब के मुख्यमंत्री

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने आज राज्य की भगवंत मान सरकार के खिलाफ जमकर निशाना साधा। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर हमला करते हुए कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री तो रबर का बबुआ है। राज्य में कानून- व्यवस्था की हालत बहुत खराब है। उन्होंने राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से मुलाकात की और राज्य में कानून-व्यवस्था की हालत सहित विभिन्न मुद्दों पर शिकायत की। सिद्धू ने राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत की। सिद्धू ने बताया कि उन्होंने राज्यपाल को मांग पत्र दिया। सिद्धू ने राज्यपाल से कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था का बुरा हाल हो गया है। पुलिस का राजनीतिकरण किया जा रहा है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद से अभी तक 39 लोगों की हत्याएं हो चुकी है। उन्होंने गेहूं की फसल कम होने के लिए 500 रुपये प्रति एकड़ की दर से बोनस देने की मांग की।

### अफसर अशोक खेमका के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप, केस दर्ज करने के आदेश

चंडीगढ़। भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर रहे हरियाणा के चर्चित आइएएस अधिकारी अशोक खेमका खुद भ्रष्टाचार के आरोप में घिर गए हैं। खेमका के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों में पंचकूला के सेक्टर पांच थाने में एफआइआर दर्ज करने के आदेश जारी किए गए हैं। अशोक खेमका पर आरोप है कि वर्ष 2010 में हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के एमडी पद पर रहते हुए प्रथम श्रेणी के दो अधिकारियों की गलत ढंग से पैसे लेकर नियुक्तियां की गईं। यह दोनों अधिकारी मैनेजर रैंक के हैं। अशोक खेमका की छवि भ्रष्टाचार का विरोध करने वाले अधिकारी की है, लेकिन संजीव वर्मा की इस कार्रवाई से उनकी छवि पर सवाल खड़े हो गए हैं। संजीव वर्मा ने उन दोनों अधिकारियों को भी निलंबित करने की सिफारिश कर दी है जिन्हें अशोक खेमका ने भर्ती किया था।

### मंत्री धनंजय मुंडे से पांच करोड़ रुपये रंगदारी मांगने वाली महिला गिरफ्तार

मुंबई, प्रेट्र। महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय मंत्री धनंजय मुंडे पर दुष्कर्म का आरोप लगाने की धमकी देकर कथित तौर पर पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित उस महिला की बहन है, जिसने पिछले साल दावा किया था कि वह राकांपा नेता की दूसरी पत्नी है। एक अधिकारी ने बताया कि मुंडे की शिकायत पर महिला के खिलाफ मालाबार हिल थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने मामले को अपने हाथ में लेते हुए बुधवार को मध्य प्रदेश के इंदौर से महिला को गिरफ्तार कर लिया।

### दिल्ली में ऑपरेशन बुलडोजर पर बड़ा फैसला: सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# सिर्फ जहांगीरपुरी में रोक, पूरे देश में नहीं

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



• याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि अदालती रोक के बावजूद अतिक्रमण हटाने का काम घंटों चलता रहा

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली के दंगा प्रभावित जहांगीरपुरी में नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अभियान पर गुरुवार को अगले दो सप्ताह के लिए रोक जारी रखने का आदेश दिया।

न्यायमूर्ति एल. एन. राव और न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की खंडपीठ ने अतिक्रमण विरोधी अभियान पर कल लगाई गई रोक पर 'यथास्थिति' बरकरार रखने का आदेश पारित किया। इसके साथ ही पीठ ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की याचिका पर जहांगीरपुरी अतिक्रमण विरोधी अभियान की तरह कई अन्य राज्यों की कार्रवाइयों के मामले में केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। उसने शीर्ष अदालत के कल के आदेश पर तत्काल अमल नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और हिमा कोहली की खंडपीठ ने कल वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे और कपिल सिब्बल के विशेष उल्लेख पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि अदालती रोक के बावजूद अतिक्रमण हटाने का काम घंटों चलता रहा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता वृंदा करात की ओर से इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया गया। सुनवाई के दौरान श्री सिब्बल ने कहा कि अतिक्रमण की समस्या देश भर में है लेकिन इस मामले को सिर्फ मुस्लिम समुदाय से जोड़कर कार्रवाई की जा रही है। दवे ने विभिन्न कानूनों का हवाला देते हुए पीठ के समक्ष कहा कि बिना नोटिस के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करके कानून की धज्जियां उड़ाई गई।

## उपासना पद्धति को माने मगर दूसरों की सुविधा का भी रखें ख्याल: योगी

**लखनऊ, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर किसी को अपनी उपासना पद्धति को मानने की आजादी है मगर माइक की आवाज परिसर से बाहर नहीं आनी चाहिये और बगैर अनुमति किसी धार्मिक यात्रा को नहीं निकाला जाना चाहिये। योगी ने गुरूवार को यहां उच्चस्तरीय टीम-09 की बैठक में कहा कि अपनी धार्मिक विचारधारा के हर किसी को अपनी उपासना पद्धति को मानने की स्वतंत्रता है। पूर्व से अनुमति से जहां माइक लगे हैं वहाँ माइक का प्रयोग किया जा सकता है, लेकिन यह सुनिश्चित हो कि माइक की आवाज उस परिसर से बाहर न आए। अन्य लोगों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। नए स्थलों पर नए माइक लगाने की अनुमति न दें। उन्होने कहा कि कोई शोभायात्रा अथवा धार्मिक जुलूस बिना विधिवत अनुमति के न निकाली जाए। अनुमति देने से पूर्व आयोजक से शांति-सौहार्द कायम रखने के संबंध में शपथ पत्र लिया जाए। किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जाना चाहिए। माहौल खराब हुआ तो हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी।

## भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम को मिली वैश्विक पहचान: अश्विनी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

• कई क्षेत्रों में स्टार्टअप के साथ सहयोग से आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं

आईटी और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम ने वैश्विक मान्यता और सम्मान प्राप्त किया है। इसके साथ ही, अश्विनी वैष्णव ने स्टार्टअप और उद्यमियों को गरीब तथा हाशिए के वर्गों के जीवन को बदलने के लिए समावेशी नए युग के समाधान के साथ आगे आने का आह्वान किया। स्टार्टअप्स को एक्सीलेटर्स बताते हुए मंत्री ने कहा कि विश्वसनीय डाकघर नेटवर्क की ताकत के साथ-साथ उनके गुणक बल के संयोजन से वित्तीय समावेशन लक्ष्यों के लिए अभूतपूर्व परिणाम मिल सकते हैं। मंत्री ने 'फिनक्लुवेशन' लॉन्च के अवसर पर कहा, मानवता और प्रौद्योगिकी के अभिसरण की गंभीरता को समझें ... सभी कार्यक्रमों के लिए पिरामिड के निचले हिस्से को ध्यान में रखें ... लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। बता दें कि डाक विभाग (डीओपी) के तहत एक इकाई इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने वित्तीय समावेशन के लिए समाधानों के सह-निर्माण और नवाचार के लिए फिनटेक स्टार्टअप समुदाय के साथ सहयोग करने के लिए फिनक्लुवेशन की शुरूआत की है। इसके तहत, स्टार्टअप्स को भाग लेने, विचार रखने, विकसित करने और बाजार में सहज तथा अनुरूप उत्पादों और सेवाओं के लिए आमंत्रित किया जा रहा है, जिन्हें ग्राहकों तक ले जाया जा सकता है। स्टार्टअप्स को क्रेडिटाइजेशन, डिजिटाइजेशन, और बाजार से संबंधित समाधान को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जो लक्षित ग्राहकों की सेवा में आईपीपीबी या डीओपी से संबंधित समस्या को हल करने में मदद कर सकता है। अश्विनी वैष्णव ने कहा, आज पूरी दुनिया में भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम का सम्मान किया जाता है। आज हम दुनिया के शीर्ष तीन स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में स्टार्टअप के साथ सहयोग से आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं। वैष्णव ने कहा, प्रत्येक क्षेत्र में, जहां सरकार ने स्टार्टअप के साथ भागीदारी की है, परिणाम अभूतपूर्व और आश्चर्यजनक रहे हैं।

## झारखंड में अवैध कोयला खनन के दौरान हादसा

**धनबाद, एजेंसी**

• 50 फीट जमीन धंसी, दर्जन भर लोग दबे!

झारखंड के धनबाद में अवैध कोयला उत्खनन के दौरान हादसा हुआ है। निरसा विधानसभा क्षेत्र के डूमरजोड़ में अवैध कोयला उत्खनन के बाद 50 फीट के दायरे में जमीन धंस गई है। चिरकुंडा थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के दौरान एक दर्जन लोगों के दबने की सूचना है। मौके पर प्रशासन के आला अफसर पहुंच रहे हैं। धनबाद में कोयला खनन के दौरान आए दिन हादसा होता रहता है। पिछले गुरुवार को चाल धंसने से एक ही परिवार की एक महिला और एक युवती की मौत हो गई थी। इतना ही नहीं इस हादसे में पांच से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। घटना जिले के बरोरा थाना क्षेत्र में चिहाटी बस्ती के निकट मुराईडीह फॉर एच पैच इलाके में हुई थी। यहां चाल धंसने से टुंडू बरमसिया की 20 वर्षीय युवती और 55 साल की महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी। दोनों मृतक एक ही घर की थीं। दोनों रिश्ते में नानी और पोती थीं। सूचना मिलते ही आनन-फानन में आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इसी महीने कोयले की चाल धंसने से दो और मजदूरों की मौत हो चुकी है। पिछले दिनों निरसा क्षेत्र के कापासारा ओसीपी, गोपीनाथपुर ओसीपी, दहिबाड़ी में अवैध खनन के दौरान दर्जनों मजदूरों की मौत चाल धंसने की वजह से हुई थी। इसके बाद भी इस इलाके में अवैध कोयला उत्खनन जारी है, जिसे रोकने में पुलिस विफल साबित हो रही है।

## पंजाब में सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य, कोविड की आहट से सतर्क हुई सरकार

**चंडीगढ़, एजेंसी**

देशभर में खासकर दिल्ली व हरियाणा में कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों के बाद पंजाब सरकार भी सजग हो गई है। राज्य सरकार प्रदेश में सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में प्रिंसिपल सेक्रेट्री अनुराग वर्मा ने निर्देश जारी किए हैं। राज्य में कोरोना के घटते मामलों के कारण प्रतिबंधों से छूट दे दी गई थी। मास्क की अनिवार्यता भी खत्म कर दी गई थी। लेकिन, अब देशभर के कई राज्यों में कोविड केस बढ़ने लगे हैं। ऐसे में पंजाब सरकार भी सतर्क हो गई है। पंजाब में वर्तमान में कोरोना के 113 पाजिटिव केस है। सबसे अधिक 22 केस लुधियाना में है। बीते बुधवार को पंजाब में 30 कोरोना के केस पाए गए थे। गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बसों, रेल गाड़ियों, हवाई जहाज, टैक्सी, सिनेमा हाल, शापिंग माल, डिपार्टमेंटल स्टोर आदि में मास्क पहनना अनिवार्य होगा।

### बारामुला में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता

# मुठभेड़ में एक नाबालिग आतंकी सहित पांच ढेर

**जम्मू, एजेंसी**



• चार जवान सहित पांच घायल

उत्तरी कश्मीर के बारामुला में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। तड़के से जारी मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के 12 लाख रुपये का इनामी आतंकी दुर्दांत आतंकी युसूफ कांतरू सहित कुल पांच आतंकी मुठभेड़ में मारे गए। मारे गए आतंकियों में तीन विदेशी और दो स्थानीय हैं। स्थानीय आतंकियों में एक सोलह साल का किशोर फैसल हफीज भी शामिल है। वह बड़गाम के अरीपंथन का रहने वाला था। उसे सरेंडर करवाने का काफी प्रयास किया गया। उसके परिवार को भी सेना ने बुलाया, लेकिन फैसल से बात नहीं हो सकी। लश्कर का मारा गया आतंकी कांतरू बीते माह बड़गाम में एक पुलिस एसपीओ और उसके भाई की हत्या में भी शामिल था। उसी ने 23 सितंबर, 2020 को बीडीसी चेयरमैन सरदार भुपिंदर सिंह की हत्या की थी। इसके अलावा कई नागरिकों की हत्या में वह शामिल रहा था। इस बीच इस मुठभेड़ में तीन जवान और एक नागरिक घायल भी हो गए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिला के मालवा इलाके में गत देर रात सुरक्षाबलों और स्थानीय पुलिस को आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली। इसके तुरंत बाद देर रात शुरू किए गए तलाशी अभियान के दौरान एक जगह छिपे आतंकियों ने अंधेरे का लाभ उठाते हुए सुरक्षाबलों पर अचानक फायरिंग करना शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए आतंकियों के छिपने वाले ठिकाने पर फायरिंग की। दोनों ओर से जारी फायरिंग के दौरान अभी तक तीन जवान और एक नागरिक घायल हो गए हैं। सुरक्षाबलों को अब तक कुल पांच आतंकियों को मार गिराने में सफलता मिली है। अभी भी मुठभेड़ स्थल पर आतंकियों की ओर से फायरिंग जारी है। कश्मीर के आइजी विजय कुमार ने बताया कि बारामुला के मालवा इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। उन्होंने माना कि दोनों ओर से जारी फायरिंग में तीन जवानों और एक नागरिक को मामूली चोटें आई हैं। उनका अस्पताल में इलाज जारी है। जल्द ही आतंकियों का खात्मा कर दिया जाएगा।

### अखिलेश यादव पर शिवपाल यादव का हमला, बोले-

# अगर उनको हमसे कोई भी दिक्कत है तो पार्टी से बाहर कर दें

**लखनऊ, एजेंसी**



अगर उनको लगता है कि भाजपा से मेरे संपर्क हैं तो मुझे पार्टी से निकाल दें। वह समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हैं और मैं तो पार्टी का विधायक हूं। शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को एक निजी चैनल से

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के विधायक शिवपाल सिंह यादव के बीच जारी जंग अब सार्वजनिक हो गई है। अखिलेश यादव ने बुधवार को शिवपाल सिंह यादव पर आरोप लगाया था कि वह भाजपा के संपर्क में हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आरोप पर शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को पलटवार किया है। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि बातचीत में कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीते दिनों से कहा कि मेरे भाजपा से संपर्क हैं। अगर उनको लगता है कि भाजपा से मेरे संपर्क हैं तो मुझे विधानमंडल दल से निकाल क्यों नहीं देते हैं। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि मैं समाजवादी पार्टी के 111 विधायकों में से एक हूं। उनको तो मुझे समाजवादी पार्टी से निकालने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि अगर उनको हमसे कोई भी दिक्कत है तो हमको पार्टी से बाहर कर दें।

## कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ दो दिनों की बातचीत के बाद चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर अगले कुछ दिनों में पार्टी में शामिल हो सकते हैं। समाचार एजेंसी एएनआइ के सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के नेता अभी भी संगठन को मजबूत करने के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत की गई लगभग 600 स्लाइडों की जांच कर रहे हैं। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी एक बार फिर शुक्रवार को प्रशांत किशोर के साथ बातचीत करेंगी। चुनावी रणनीतिकार के करीबी सूत्रों ने बताया कि वह अगले तीन से चार दिनों में कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।

# राजनाथ ने अमेरिकी कंपनियों से रक्षा क्षेत्र में भारत के साथ साझेदारी करने को कहा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी कंपनियों से क्रेता और विक्रेता के संबंधों को पीछे छोड़ रक्षा क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी करने की अपील की है। सिंह ने गुरुवार को यहां भारत में अमेरिकी वाणिज्य चैम्बर (एमचैम इंडिया) के सदस्यों को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए संस्था की 30 वीं वार्षिक आम सभा के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए संबोधित किया। उन्होंने अमेरिकी कंपनियों को सरकार द्वारा की गई नीतिगत पहलों का लाभ उठाने तथा मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के विजन को साकार करने के लिए भारत में रक्षा उपकरणों के संयुक्त अनुसंधान एवं विकास, विनिर्माण तथा रखरखाव करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने अमेरिकी कंपनियों को भारत में सह-उत्पादन, सह-विकास, निवेश संवर्धन तथा रखरखाव एवं मरम्मत संबंधी ओवरहॉल सुविधाओं के लिए मिलकर काम करने के लिए आमंत्रित किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि हाल ही में कुछ अमेरिकी कंपनियों ने अपनी भारतीय सहयोगी कंपनियों के साथ साझेदारी को और आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है जो सराहनीय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बढ़ते व्यवसाय के साथ अमेरिकी कंपनियां बड़े स्तर पर भारत में निवेश करेंगी। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका की कंपनियों को स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने तथा एक दूसरे की रक्षा आपूर्ति श्रंखला में सहभागिता बढ़ाने की दिशा तेजी से काम करना चाहिए। उन्होंने भारत में विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना करने के लिए अमेरिकी कंपनियों का स्वागत किया।

**कार्यक्रम** टेरर फंडिंग पर प्रहार जरूरी था और एनआईए ने यह भूमिका भली-भांति निभाई है

# आतंकवाद के खात्मे में एनआईए की महत्वपूर्ण भूमिका: शाह

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने देश और विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे में महत्वपूर्ण योगदान देकर केंद्र की मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की लक्ष्य सिद्धि को पूरा करने में सहयोग किया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए एनआईए को किसी भी तरह की ओर कोई भी मदद देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने गुरुवार को यहां एनआईए के स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के जड़ से सफाये के लिए वहां टेरर फंडिंग पर प्रहार जरूरी था और एनआईए ने यह भूमिका भली-भांति निभाई है। एजेंसी ने टेरर फंडिंग के 105 मामले दर्ज किए हैं और उनसे आतंकवाद पर नकेल लगाने में सफलता मिली है।

उन्होंने कहा कि दुनिया भर में भारत का हर क्षेत्र में वर्चस्व बढ़ा है और पर्यावरण से लेकर आर्थिक क्षेत्र तथा आतंकवाद से निपटने में भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए देश में आंतरिक सुरक्षा की स्थिति को बेहद मजबूत बनाए जाने की जरूरत है और इसके लिए एनआईए जैसी एजेंसी को संकल्प लेकर लक्ष्य को हासिल करने का रोडमैप बनाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को 50 खरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है, इसे भी पुख्ता आंतरिक सुरक्षा के बल पर ही हासिल किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि एनआईए ने 13 वर्ष के अपने छोटे से कार्यकाल में आदर्श मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए 93.25 प्रतिशत की दोष सिद्धि दर हासिल की है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि अब एनआईए को अंतरराराष्ट्रीय जांच एजेंसी का दर्जा हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए और इसके लिए उसे एक व्यवस्था बनानी होगी जिसमें सूचना तथा अन्य पहलुओं को संस्थागत रूप देना होगा। उन्होंने कहा कि एनआईए देश भर की जांच एजेंसियों के लिए प्रेरणा स्रोत है, इसलिए उसे सभी एजेंसियों के साथ तालमेल बढ़ाकर राष्ट्रीय ग्रिड बनाने की तरफ बढ़ना चाहिए। शाह ने कहा कि आतंकवाद दुनिया में सबसे बड़ा अभिशाप है और उनका मानना है कि आतंकवाद मानवाधिकारों का सबसे बड़ा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि वह मानते हैं कि आतंकवाद का खात्मा और मानवाधिकारों की रक्षा परस्पर विरोधाभासी नहीं है। आतंकवाद का खात्मा कर मानवाधिकारों की रक्षा व्यापक स्तर पर की जा सकती है।

उन्होंने एनआईए से अपनी जांच पद्धति में आमूलचूल परिवर्तन करने का आह्वान करते हुए कहा कि अब थर्ड डिग्री के बजाय जांच की पद्धति तकनीक और सूचना पर आधारित होनी चाहिए और इसकी मदद के लिए राष्ट्रीय स्तर पर डेटाबेस भी बनाया जाना चाहिए। इस मौके पर एनआईए के महानिदेशक कुलदीप सिंह तथा गृह मंत्रालय और अन्य एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# गुजरात में बोरिस हुए बुलडोजर पर सवार




**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन दो दिनों के भारत दौरे पर हैं। गुरुवार सुबह अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचे. इसके बाद उन्होंने अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान वह हलोल के जेसीबी फैक्ट्री में गए। बोरिस वहां एक जेसीबी पर चढ़ गए और इसकी सवारी भी की। इसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जेसीबी से लटके ब्रिटिश प्रधानमंत्री की फोटो पर लोग कई मजेदार कॉमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- बुलडोजर मॉडल अब इंटरनेशनल हो चुका है। दूसरे यूजर ने लिखा- अब जेसीबी तेरा भाई चलाएगा। बोरिस ने कहा- अब तक के ट्रिप का एक्सपीरियंस शानदार रहा है। गुजरात में होना भी बड़े सौभाग्य की बात है। गुजरात अद्भुत जगह है।

## संक्षिप्त खबरें

### उच्च न्यायालय का रुड़की के महापौर को अवमानना नोटिस

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अदालत के आदेश का अनुपालन नहीं करने के मामले में रुड़की नगर निगम के महापौर गौरव गोयल को अवमानना का नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह के अंदर जवाब पेश करने को कहा है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने मामले की सुनवाई की। रुड़की निवासी सुबोध गुप्ता ने अवमानना याचिका दायर कर अदालत को बताया कि दिसम्बर 2021 में न्यायालय ने नगर निगम रुड़की को आदेश दिए थे कि उनकी लीज का दो महीने के अंदर नवीनीकरण करें परन्तु नगर निगम ने अभी तक इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की है। न्यायालय ने रुड़की नगर निगम के महापौर को अवमानना का नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह के अंदर जवाब पेश करने को कहा है। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि उनकी लीज 2012 में समाप्त हो गयी। अवमानना याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि महापौर द्वारा बोर्ड बैठक को बार-बार टाला जा रहा है।

# उत्तराखंड में पुलिस के पहरे के बीच निकाली जाएंगी धार्मिक शोभायात्रा

देहरादून, एजेंसी


फाइल फोटो

**निर्देश**
- अराजक तत्वों पर शिकंजा कसने के मिले निर्देश
- अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के भगवानपुर में सांप्रदायिक घटना के बाद गृह विभाग ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस विभाग को निर्देश जारी किए हैं। राज्य में शांति व्यवस्था और सौहार्दपूर्ण वातावरण को भंग करने के मकसद से सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर धार्मिक आपत्तिजनक टिप्पणी व चित्र पोस्ट किए जाने पर प्रकोष्ठ प्रभावी निगरानी करेगा। प्रदेश में शोभा यात्राएं पुलिस के कड़े पहरे में निकाली जाएंगी। इतना ही नहीं अराजक तत्वों की पहचान के लिए खुफिया एजेंसी को भी सक्रिय कर दिया गया है ताकि आपराधिक इतिहास वाले ऐसे तत्वों पर पुलिस कड़ी निगरानी रख सके।

शोभा यात्राएं पुलिस के कड़े पहरे में निकाली जाएंगी इसे लेकर प्रमुख सचिव गृह रमेश कुमार सुधांशु द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि 16 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा पर एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा पथराव की घटना से प्रदेश के सांप्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था के लिए निराशाजनक स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने आगे बताया कि अराजक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए प्रदेश में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और प्रशासन को पूरी तरह से सजग रहना होगा। साथ ही अराजक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए निर्देश भी दिए जा चुके हैं। खुफिया तंत्रो को चौकस किया जा चुका है जिससे अराजक तत्वों की पहचान के लिए स्थानीय अभिसूचना इकाइयों को सक्रिय कर दिया गया है। इकाइयों को सक्रिय करने के साथ-2 ऐसे तत्वों की पहचान को उजागर होने पर तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस उनपर भी कड़ी निगरानी बनाए हुए है जो अन्य राज्यों से आने वाले ऐसे अराजक तत्व जिनका अपराधिक इतिहास है। इससे संबंधित राज्यों की सरकारों में समन्वय स्थापित किया जाएगा। जिले के साथ-2 राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली अफवाहों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही निर्देश दिए गए है कि अफवाहों को रोकने के अलावा इनपर काबू करने के लिए प्रभावी व सार्थक उपाय किए जाए। इतना ही नहीं अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन को यह सभी निर्देश दिए गए है कि धार्मिक जुलूसों व शोभा यात्राओं के लिए पहले से मार्ग तय होंगे, तनाव वाले संभावित क्षेत्रों से निकलने वाले जुलूस की सुरक्षा के लिए, संवेदनशील क्षेत्रों में शांति समितियों की नियमित बैठकें होंगी, पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध रहेगा, अप्रिय घटना की समग्र सूचना पुलिस मुख्यालय कंट्रोल रूम के माध्यम से गृह विभाग को दी जाएगी। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि उत्तराखंड संस्कृतिक धर्म और अध्यात्म का केंद्र है।

# केन्द्रीय इस्पात मंत्री ने नेशनल मेटलर्जिस्ट अवार्ड प्रदान किये

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता


स्टील उपयोग से कई फायदे होंगे और इसके टिकाऊ होने के कारण सभी क्षेत्रों में स्टील के उपयोग में तेजी आएगी: राम चन्द्र प्रसाद सिंह

केन्द्रीय इस्पात मंत्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह ने 21 अप्रैल की शाम को राजधानी दिल्ली स्थित इस्पात मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में नेशनल मेटलर्जिस्ट अवार्ड-2021 प्रदान किया। श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि भारत में इस्पात क्षेत्र ने स्वतंत्रता के समय मात्र एक मिलियन टन से पिछले वित्तीय वर्ष में 120 मिलियन टन तक की एक आकर्षक यात्रा तय की है। स्टील उपयोग से कई फायदे होंगे और इसके टिकाऊ होने के कारण सभी क्षेत्रों में स्टील के उपयोग में तेजी आएगी और नए क्षेत्र जैसे ड्रोन प्रौद्योगिकी आदि स्टील कंपनियों को पर्याप्त अवसर प्रदान करेंगे मुझे विश्वास है कि लौह और इस्पात क्षेत्र में स्वदेशी अनुसंधान और विकास श्रेष्ठतम स्तर तक बढ़ जाएगा और आने वाले समय में इस क्षेत्र के विकास के लिए केंद्रीय होगा।

उन्होंने विजेताओं को बधाई दी और तन्मयता और लगन से देश सेवा में काम करने को कहा ये पुरस्कार मेटलर्जिस्ट के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए स्थापित किए गए हैं, जो विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास, डिजाइन, अपशिष्ट प्रबंधन, शिक्षा, ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्रों को कवर करने वाले लौह और इस्पात उद्योग की मूल्य श्रृंखला में काम कर रहे हैं और साथ ही इस्पात क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

स्टील मंत्रालय द्वारा नेशनल मेटलर्जिस्ट अवार्ड के पुरस्कार विजेताओं को स्क्रीनिंग कमेटी और चयन समिति के दो-चरण प्रक्रिया द्वारा एक बहुत ही सुविचारित और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया है। मंत्रालय द्वारा एक अधिसूचना के माध्यम से पुरस्कार प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

# हुबली हिंसा : अब तक कुल 126 लोगों की हुई गिरफ्तारी

हुबली, एजेंसी

कर्नाटक में हुबली हिंसा की जांच में दंगाइयों द्वारा पुलिसकर्मियों को मारने की कोशिश का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर 126 हो गई है।

कसबा पुलिस थाने के कांस्टेबल अनिल कांडेकर और मंजुनाथ ने अपनी शिकायत में कहा है कि दंगाइयों ने उनपर हमला करने की कोशिश की, जिसमें वह बाल-बाल बचे। शनिवार की रात हिंसा के दौरान पथराव किया गया। वाहनों को आग लगा दी गई। इस बीच जब दंगाइयों को रोकने की कोशिश की गई तो उन्होंने उल्टा पुलिसकर्मियों पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। कांस्टेबल इस हमले से जैसे-तैसे जान बचाकर भागे। हिंसा के आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष टीमों ने अभियान को तेज कर दिया है। अब तक 126 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेकिन अभी भी मौलवी वसीम पठान की तलाश जारी है। इस बीच, जेएमएफसी अदालत ने आरोपी युवक अभिषेक हिरेमठ को 22 अप्रैल से शुरू होने वाली दूसरी पीयूसी परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति दे दी है। उसे सुरक्षा घेरे में परीक्षा केंद्र ले जाया जाएगा। पढ़ने के लिए जेल में पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। इस घटना को लेकर विपक्षी नेताओं ने आरएसएस, विहिप और सनातन संगठन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। सत्तारूढ़ बीजेपी नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर लोग शांति से नहीं रहते हैं, तो उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। कर्नाटक पुलिस ने शहर में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हुबली शहर में कर्फ्यू को 23 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट के बाद शनिवार देर रात हुबली में हिंसा भड़की। जिसे रोकने के लिए पुलिस विभाग को अपनी पूरी ताकत लगानी पड़ी।

# धार्मिक भावना भड़काकर दंगा फैलाना आम आदमी पार्टी की राजनीति है: आदेश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आदेश गुप्ता ने कहा कि आखिर ऐसी कौन सी राजनीति आम आदमी पार्टी करती है कि साल 2020 में भी जो दंगा हुआ तो उसके नेता ताहिर हुसैन के छत पर पत्थर और एसिड की बोतलें मिलती हैं। शाहीन बाग में इनके नेता आमतुल्लाह खान कह रहे थे कि हम हमें कोई झुका नहीं सकता क्योंकि हमने 2000 साल तक शासन किया है।

धार्मिक भावना भड़काना, दंगा करवाना, दंगाइयों को भड़काना यह आम आदमी पार्टी की राजनीति का एक हिस्सा बन चुका है। उन्होंने कहा कि 2017 आरटीआई पीआईएल हुई, जिसमें 5000 बांग्लादेशी और रोहिंग्या के अवैध बसने पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा गया था, लेकिन दिल्ली सरकार ने जवाब नहीं दिया। इनकी शुरू से ही मंशा जो थी आज उजागर होने पर उनकी बौखलाहट सामने आ रही है। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता के. के. शर्मा उपस्थित थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि आज जब निगम द्वारा दंगाइयों एवं रोहिंग्या-बंग्लादेशियों पर कार्रवाई की गई है तो पूरा विपक्ष उनके पक्ष में खड़ा हो गया है लेकिन, ये सभी लोग उस वक्त क्यों चुप थे जब शान्तिपूर्ण ढंग से निकाली जा रही शोभायात्रा पर तलवार एवं बन्दूकों से हमला किया गया और दिल्ली पुलिस के जवानों को भी हमला कर जख्मी किया गया।

आज भजपा राष्ट्रीय कार्यालय में हुए प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी का चेहरा बिल्कुल बेनकाब हो गया है। ताहिर हुसैन से लेकर अंसार तक, अमानतुल्लाह खान से सोनू तक, इन सभी लोगों को आम आदमी पार्टी के सारे विधायक इनको संरक्षण दे रहे हैं। आम आदमी पार्टी का दूसरा नाम अब दंगा पार्टी हो गया है। आदेश गुप्ता ने कहा कि मदनपुर खादर में लगभग 3000 रोहिंग्या-बांग्लादेशियों द्वारा उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की लगभग 100 बीघा जमीन के ऊपर अवैध रुप से कब्जा किया हुआ था जिसे एक महीने के अंदर योगी सरकार ने हटाया लेकिन जिस मदनपुर खादर में उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की जमीन के बगल में जो दिल्ली सरकार की पीडब्ल्यूडी की जमीन पड़ी थी, उसमें उन सभी रोहिंग्या-बांग्लादेशियों को बसाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने सिर्फ उन्हें बसाया ही नहीं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के साथ मुफ्त बिजली, पानी, राशन ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट के 15 मार्च 2010 के जजमेंट के अनुसार किसी भी अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए, किसी नोटिस की जरूरत नहीं होती। यह निगम का रूटीन कार्य है और इसे राजनीति रंग देने का काम केजरीवाल सहित सभी विपक्षी पार्टियां कर रही हैं।

# गोवा: कैदी ने चिकित्सा अधिकारी पर किया हमला

पणजी, एजेंसी

उत्तरी गोवा के कोलवले गांव में स्थित केंद्रीय कारागार में एक कैदी ने एक चिकित्सा अधिकारी पर कथित तौर पर हमला कर दिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हमले के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की गोवा ईकाई ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय कारागार में बतौर चिकित्सा अधिकारी तैनात डॉ दिलीप कुंकोलिनकर पर बुधवार को जेल परिसर के अंदर साइरोन रोड्रिग्स नामक कैदी ने हमला किया था। उन्होंने कहा कि कोलवले पुलिस थाने में दर्ज एक शिकायत में कुंकोलिनकर ने दावा किया कि हमला बिना उकसावे के किया गया था और यह तब हुआ, जब वह जेल के दवाखाना के अंदर थे। शिकायतकर्ता चिकित्सक ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उन पर कई बार वार किए तथा उन पर प्लेट और सिरिंज की बोतलें भी फेंकीं। केंद्रीय कारागार के अधीक्षक गौरेश कुर्तीकर ने भी पुलिस को पत्र लिखकर डॉक्टर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही, इस अपराध के लिए उसके खिलाफ अदालत में एक अलग आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा। इस बीच, आईएमए गोवा ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। आईएमए गोवा के अध्यक्ष डॉ रूफिनो मोंटेइरो ने कहा कि डॉक्टर के साथ एक ऐसी जगह पर मारपीट की गई, जहां सुरक्षा का स्तर सबसे अधिक होने की उम्मीद की जाती है। मोंटेइरो ने कहा, यह जरूरी है कि एक डॉक्टर और उसके मेडिकल सहायक के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए। हम इस कैदी को कड़ी सजा देने की मांग करते हैं।

### त्रिपुरा के धलाई में बीएसएफ अधिकारी ने खुद को गोली मारी

अगरतला। त्रिपुरा के धलाई जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक अधिकारी ने अपने बटालियन मुख्यालय के बाहर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार रात जवाहरनगर इलाके में बीएसएफ शिविर के मुख्य द्वार के सामने हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक राजस्थान का रहने वाला था और वह धलाई में एम के पारा सीमा चौकी पर तैनात था। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा, ऐसा संदेह है कि उसकी मौत आत्महत्या से ही हुई। पुलिस ने मौत का वास्तविक कारण जानने के लिए घटना की जांच शुरू कर दी है। धलाई के पुलिस अधीक्षक रमेश यादव ने बताया कि बीएसएफ अधिकारी को रात करीब नौ बजे मृत अवस्था में कुलई जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि बीएसएफ अधिकारी ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। हमने यह पता लगाने के लिए अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है कि यह घटना किस वजह से हुई।

# केंद्र के वातार्कार एके मिश्रा पहुंचे डिमापुर एनएससीएन (आईएम) ने किया जोरदार स्वागत

डिमापुर, एजेंसी

नगा शांति वार्ता के लिए केंद्र के वातार्कार एके मिश्रा दो दिन से डिमापुर में हैं। वह नगा राजनीतिक मुद्दे को हल करने के लिए अगले कुछ दिन यहां रहेंगे। नगा विद्रोही संगठन ने हेब्रोन स्थित कैंप में उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया और मंगलवार को एक दौर की बातचीत भी काफी अच्छे माहौल में हुई। अगले दौर की बातचीत शुक्रवार को होगी।

नगालैंड का प्रमुख विद्रोही संगठन एनएससीएन (आईएम) केंद्र सरकार के साथ 3 अगस्त, 2015 को एक फ्रेम वर्क समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद शांति वार्ता में शामिल हुआ है। तब से लेकर एनएससीएन (आईएम) की केंद्र के वातार्कारों के साथ कई बार की बातचीत हुई लेकिन अभी तक वार्ता अंतिम रूप नहीं ले सकी है। इस बीच केंद्र के वातार्कार एके मिश्रा नगालैंड पहुंचे हैं। वह एनएससीएन (आईएम) के डिमापुर के हेब्रोन स्थित डेजिगनेटेड कैंप में पहली बार पहुंचे, जहां विद्रोही संगठन के शीर्ष नेताओं के साथ उन्होंने चर्चा की।

दूसरे सात विद्रोही संगठनों के मध्यस्थकार समूह के साझा मंच एनएनपीजी के साथ भी एके मिश्रा ने अलग-अलग बातचीत की है। उन्होंने मुख्यमंत्री नेफ्यो रियो के साथ भी बातचीत की। इस दौरान भाजपा नेता और नगालैंड के उप मुख्यमंत्री वाई पैटन ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री या केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशानुसार केंद्रीय मंत्री 15 अगस्त को डिमापुर आएंगे और नागा शांति समझौते को लेकर कोई घोषणा करेंगे। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के मध्यस्थकार एके मिश्रा मंगलवार को ऐतिहासिक रूप से पहली बार डिमापुर के हेब्रोन स्थित नगा विद्रोही संगठन एनएससीएन (आईएम) के मुख्यालय डेजिगनेटेड कैंप में पहुंचे। जहां पर नगा विद्रोही संगठन ने मिश्रा का रेड कार्पेट बिछाकर जोरदार स्वागत करते हुए गार्ड आफ ऑनर दिया। एनएससीएन (आईएम) की सैन्य इकाई के प्रमुख एंथनी शिमरे और एनएससीएन (आईएम) के कलेक्टिव लीडर आरएच राइजिंग ने कैंप हेब्रोन के प्रवेश द्वार पर आगे बढ़ते हुए एके मिश्रा का स्वागत किया। इसके बाद कैंप के मुख्य मैदान में विद्रोही संगठन द्वारा एके मिश्रा का रेड कार्पेट बिछाकर भव्य स्वागत किया गया। नगा सशस्त्र विद्रोही संगठन के महासचिव और मुख्य वातार्कार थुइंगलेंग मुइवा और केंद्र सरकार के मध्यस्थकार एके मिश्रा के बीच मुलाकात हुई तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। हालांकि, वार्ता किन मुद्दों पर हुई, इसकी जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है।

# जोहाट में चालू हुआ भारत का पहला हरित हाइड्रोजन संयंत्र

गुवाहाटी, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को हरित हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए असम के जोरहाट में पहला 99.999 प्रतिशत शुद्ध ग्रीन हाइड्रोजन पायलट संयंत्र चालू किया, जिसकी शुरुआती क्षमता प्रति दिन 10 किलोग्राम है। इस संयंत्र को ऑयल इंडिया लिमिटेड द्वारा जोरहाट में अपने पंप स्टेशन पर तीन महीने के रिकॉर्ड समय में लगाया गया था।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया, संयंत्र 100 किलोवाट आयन एक्सचेंज मेम्ब्रेन (एईएम) इलेक्ट्रोलाइजर श्रृंखला का उपयोग करके मौजूदा 500 किलोवाट सौर संयंत्र द्वारा उत्पन्न बिजली से ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करता है। एईएम तकनीक का उपयोग भारत में पहली बार किया जा रहा है। इस अवसर पर ऑयल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुशील चंद्र मिश्रा ने कहा कंपनी ने हमारे प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के विजन को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा, इस संयंत्र से भविष्य में हरित हाइड्रोजन का उत्पादन 10 किलोग्राम प्रति दिन से बढ़ाकर 30 किलोग्राम प्रति दिन होने की उम्मीद है।

कंपनी ने प्राकृतिक गैस के साथ ग्रीन हाइड्रोजन के सम्मिश्रण और ओआईएल के मौजूदा बुनियादी ढांचे पर इसके प्रभाव को लेकर आईआईटी गुवाहाटी के सहयोग से एक विस्तृत अध्ययन शुरू किया है। कंपनी मिश्रित ईंधन के वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए इसके उपयोग के मामलों का अध्ययन करने की भी योजना बना रही है। उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए एक वैश्विक हब बनाने के लिए एक राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन की घोषणा की थी।

# इमरान हुसैन ने सरकारी स्कूलों के प्रमुखों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री और बल्लीमारान के विधायक, इमरान हुसैन ने आज बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी स्कूलों के विद्यालय प्रमुखों एवं शिक्षा विभाग के डीडीई सेंट्रल, डीडीई नॉर्थ, डीडी जोन 7 एवं 27 के साथ बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने स्कूलों में छात्रों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं और स्कूलों में चल रहीं कार्यप्रगति की समीक्षा की।

मंत्री इमरान हुसैन ने संबंधित अधिकारियों को शिक्षा प्रणाली को बेहतर करने के लिए कक्षाओं को स्मार्ट कक्षाओं में बदलने, आधुनिक खेल सुविधाएं, बहुउद्देश्यीय हॉल और स्कूल के अन्य नवीनीकृत बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के प्रयासों में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। इमरान हुसैन ने चश्मा स्कूल बिल्डिंग में प्राइमरी क्लासेज को अंग्रेजी माध्यम में उर्दू एक विषय के साथ शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल में साइंस स्ट्रीम शुरू करने की व्यवहार्यता की जांच करने का भी निर्देश दिया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने इस बात की सराहना की कि चश्मा स्कूल ने छठी कक्षा में इंग्लिश मीडियम सेक्शन शुरू किया है, जिससे छात्रों को अत्यधिक लाभ होगा। बैठक के दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जीनत महल के सरकारी स्कूल में कक्षा नर्सरी से प्राइमरी विंग शुरू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने पीडब्ल्यूडी और सिविक एजेंसी की मदद से ईदगाह रोड में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के आस पास अतिक्रमण को हटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने इलाके के निवासियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सर्वोदय को-एड स्कूल, कुरेशनगर में दूसरी पाली शुरू करने के निर्देश दिए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्कूल के अधिकारियों से छात्रों और स्कूल के कर्मचारियों के लिए स्वच्छ पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। उन्होंने विद्यालय परिसर में स्थापित वाटर कूलर के उचित रखरखाव एवं काम नहीं कर रहे वाटर कूलर बदलने के निर्देश दिये। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने हर स्कूल द्वारा छात्रों को दी जाने वाली बुनियादी सुविधाओं का सुविधाओं का जायजा लिया और जल्द से जल्द बुनियादी सुविधाओं को अपग्रेड करने के निर्देश दिए। इमरान हुसैन ने पिछले सात वर्षों में दिल्ली सरकार की अविस्मरणीय उपलब्धियों के लिए शिक्षा विभाग की भी सराहना की। पिछले कुछ वर्षों में, दिल्ली का शिक्षा मॉडल अनुकरणीय है और पूरे देश में इसकी सराहना की गई है।

# आरोपी ने की हिरासत से भागने की कोशिश, पुलिस गोलीबारी में घायल

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के नगांव जिले में बलात्कार के एक मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति उस समय गोलीबारी में घायल हो गया जब उसने कथित तौर पर हिरासत से भागने की कोशिश की। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बटाद्रवा पुलिस ने से बुधवार को एक व्यक्ति को लड़की से बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

उन्होंने बताया कि सीने में दर्द की शिकायत के कारण आरोपी को बुधवार रात अस्पताल ले जाया जा रहा था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अस्पताल जाते समय रास्ते में, उसने कहा कि वे कुछ देर आराम करना चाहता है। लेकिन जैसे ही वह वाहन से नीचे उतरा, उसने हमारे कर्मियों को धक्का दिया और भागने लगा। अधिकारी ने कहा कि जब बार-बार चेतावनी देने के बावजूद भी आरोपी ने रुकने से इनकार किया, तो पुलिस को गोली चलानी पड़ी जिससे उसके पैर में चोट लग गई। फिलहाल उसका इलाज गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चल रहा है।

धुबरी जिले के अगोमानी में हुई एक अन्य घटना में, यूनाइटेड लिबरेशन ऑफ असम (उल्फा) के एक पूर्व कैडर पर गोलीबारी में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए एक अभियान जारी था। जब पुलिस ने गोली मारने वाले व्यक्ति को हिरासत में लेने की कोशिश की, तो उसने कथित तौर पर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने कहा कि हमें गोली चलानी पड़ी और उसके पैर में चोट लग गई। वह अब स्थिर स्थिति में है। मई 2021 में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के पद संभालने के बाद कथित तौर पर हिरासत से भागने या कर्मियों पर हमला करने की कोशिश करते हुए पुलिस गोलीबारी में कुल 46 लोग मारे गए और कम से कम 110 घायल हो गए।

# भारत-पाक शिमला समझौते का गवाह रहे ऐतिहासिक राजभवन को गिराने की तैयारी

शिमला, एजेंसी

कभी भारत-पाक शिमला समझौते की गवाह रही देश की ऐतिहासिक धरोहर में शामिल 190 साल से ज्यादा पुरानी इमारत बार्नेस कोर्ट जो कि वर्तमान में शिमला के राजभवन के रूप में उपयोग की जा रही है, उसको गिराने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस इमारत को गिराकर नए सिरे से वापस बनाया जाएगा।

इस भवन के पुरानी धज्जी दीवार तकनीक से बने होने के कारण इसका रेनोवेशन करना मुश्किल हो गया है, जबकि इस भवन को गिराकर उसी ढांचे में दोबारा तैयार करना आसान बताया गया है। जब तक भवन के पुनर्निर्माण का कार्य किया जाएगा तब तक राज्यपाल को पीटरहॉफ में बैठाने की तैयारी की गई है,जहां से वे अपना कार्यभार सुचारू रूप से करेंगे। अंग्रेजों ने बनवाई इमारत अब है राजभवन इसे 1832 से पहले अंग्रेजी शासनकाल में बनाया गया था। 1832 में इसमें तत्कालीन ब्रिटिश हुकूमत के कमांडर इन चीफ सर एडवर्ड्स बार्नेस रहते थे। 1981 में जब पीटरहॉफ में आग लगी तो। राजभवन पीटरहॉफ से बार्नेस कोर्ट के लिए बदला गया। बार्नेस कोर्ट परिसर 9647 वर्ग मीटर में फैला है। जबकि वर्तमान में यहां शिमला का राजभवन चल रहा है।

राजभवन के छज्जे का एक टुकड़ा अचानक से राज्यपाल के ऊपर गिर गया था जिसमें वे चोटिल होने से बाल-बाल बचे थे। उसके बाद राज्यपाल ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को राजभवन बुलाकर इसके रेनोवेशन और मरम्मत की संभावना पर विचार-विमर्श किया गया है। 3 जुलाई 1972 को भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी और जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच जो शिमला समझौता उसकी निशानी यहां है। यही वो भवन है जहां दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये थे इसी की भवन के ग्रांउड फ्लोर में एक कीर्तिकक्ष है। आज भी इस कक्ष में वह कुर्सियां और टेबल सुरक्षित हैं, जिन पर यह समझौता हुआ था।

यह धरोहर भवन है। इसलिए सरकार ने लोक निर्माण विभाग को कंसल्टेंट हायर करने की अनुमति दे दी है कि वह यह तय कर ले कि इसका जीर्णोद्धार करना या इसका पुनर्निर्माण किया जाना है। परामर्शकों की राय के अनुसार सरकार आगामी प्रक्रिया को शुरू करवाएगी। इस बारे में लोक निर्माण विभाग के सचिव ही ज्यादा बता सकते हैं। भवन को गिराकर दोबारा उसी तरह से बनाने की न्यूनतम लागत लगभग 44 करोड़ होगी, जबकि रेनोवेशन पर अनुमानित लागत 22 करोड़ रुपये तक हो सकती है। हालांकि दोनों परिस्थितियों में निर्माण की लागत और भी बढ़ सकती है। एनजीटी के कड़े निर्देश पर इसे पुराने स्वरूप के तहत ही बनाना पड़ेगा, जैसे गेयटी थियेटर और टाउन हॉल बने हैं।

### नगालैंड में इंस्पेक्टर की हत्या मामले में मुख्य आरोपी को 10 साल की जेल

कोहिमा। नगालैंड पुलिस के एक इंस्पेक्टर की हत्या के मुख्य आरोपी को यहां एक अदालत ने 10 साल की जेल की सजा सुनायी और उसके तीन अन्य साथियों को भी अलग-अलग सजा सुनायी है। लोक अभियोजक टी मार्लेम्बा ने यहां एक बयान में कहा कि कोहिमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाई लॉन्गकुमेर ने मुख्य आरोपी युइरेंगम आर. शिमरे और उसके तीन अन्य साथियों रिंथिंगचोन लुंगहारवोशी, पोरहोसी पोजार और एंथनी काफो को इंस्पेक्टर नेफरियो मेत्सेइ-ओ की हत्या तथा उसका वाहन चोरी करने के संबंध में दोषी ठहराया। लोक अभियोजक ने बताया कि न्यायाधीश ने चार अप्रैल को युइरेंगम आर. शिमरे को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनायी जबकि रिंथिंगचोन को तीन साल सात महीने, पोरहोसी को पांच महीने 10 दिन और एंथनी को पांच महीने 10 दिन की जेल की सजा सुनायी। गौरतलब है कि फेक जिले में नगालैंड की पांचवीं सशस्त्र पुलिस बटालियन में काम कर रहे मात्सेइ-ओ सात सितंबर 2018 को लापता हो गए थे।

# ओडिशा:झोलाछाप डॉक्टर को छोड़ने पर एएसआई निलंबित

बारीपदा (ओडिशा), एजेंसी

ओडिशा पुलिस ने गुरुवार को मयूरभंज जिले में एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा एक व्यक्ति को पशुओं को लगने वाला इंजेक्शन लगाने के कथित मामले में ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में सहायक उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया।

मयूरभंज के एसपी खिलाड़ी ऋषिकेश ज्ञानदेव ने महुलडीहा थाने में तैनात एएसआई पवित्र मोहन राउत को निलंबित कर दिया। एएसआई पर आरोप है कि उन्होंने स्थानीय लोगों द्वारा पशुओं को दिया जाने वाला इंजेक्शन आदमी को लगाने के एक प्रकरण में झोलाछाप डॉक्टर को पुलिस के हवाले किया था, लेकिन राउत ने उसे जाने दिया। क्योंकि जिले के कांतिपाल के विश्वनाथ बेहरा (62) के रूप में पहचाने जाने वाले झोलाछाप डॉक्टर ने 16 अप्रैल को पीठ दर्द से पीड़ित 55 वर्षीय श्रीकांत मोहंता को तीन पशुओं के इंजेक्शन दे दिए थे। इसके अलावा उसने मोहंता को कुछ गोलियां भी दीं और उसे दिन में दो बार सेवन करने का सुझाव दिया। विश्वनाथ ने जानवरों वाला इंजेक्शन लगाने के लिए मरीज से 470 रुपये वसूले थे। संयोग से, पशु दवा लेने के बावजूद रोगी पर ऐसा कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा।

हालांकि, मरीज के बेटे को विश्वनाथ पर झोलाछाप डॉक्टर होने का शक था। उसने ठाकुरमुंडा के एक डॉक्टर को इंजेक्शन की तस्वीर भेजी, जिन्होंने पुष्टि की कि इंजेक्शन जानवरों को दिया जाता है। महुलडीहा थाना पुलिस ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एएसआई से जाने की अनुमति मिलने के बाद वह फरार हो गया था। फिलहाल पुलिस ने फरार झोलाछाप डॉक्टर की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है।

# हमें स्कूल, अस्पताल व सड़कें बनानी आती है, बिजली-पानी और कट्टर ईमानदार सरकार देनी आती है: केजरीवाल

## अगर आपको दंगा और गुंडागर्दी चाहिए तो उनको वोट दे देना, अगर आपको स्कूल और अस्पताल चाहिए, तो केजरीवाल को वोट दे देना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित नेशनल कॉलेज ग्राउंड में आयोजित एक जनसभा में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आपको दंगा और गुंडागर्दी चाहिए, तो उनको वोट दे देना और अगर आपको स्कूल व अस्पताल चाहिए, तो केजरीवाल को वोट दे देना। हमें स्कूल, अस्पताल, सड़कें बनानी आती है। बिजली-पानी देने आता है और कट्टर ईमानदार सरकार देनी आती है। पूरे देश में दंगे हो रहे हैं। सब जानते हैं कि कौन सी पार्टी दंगे करा रही है। ऐसे देश कैसे आगे बढ़ सकता है? देश के लोग दंगे नहीं, शांति से जीना चाहते हैं। पूरे देश में कहीं भी जो गुंडे, लुच्चे, लफंगे, जाहिल और गंवार लोग हैं, वो एक ही पार्टी में जाते हैं और उस पार्टी को सब जानते हैं। आम आदमी पार्टी सरीफों, देशभक्तों और ईमानदार लोगों की पार्टी है, हमें गुंडई करनी नहीं आती। ह्यआपह्न के



राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश के करीब 45 फीसद लोग किसानी पर निर्भर हैं। अगर ये सब लोग इकट्ठे हो जाएं, तो बड़ी से बड़ी सरकारों को गिरा सकते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि पूरे देश के किसान आम आदमी पार्टी ज्वाइन करें। जब तक तब तक हम लोग चैन से नहीं बैठेंगे।

आजादी के 75 साल बाद भी किसानों का बुरा हाल है, देश के कोने-कोने में किसान आत्महत्या कर रहे हैं- अरविंद केजरीवाल आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज किसानों को राजनीति में आने का निर्णय क्यों लेना पड़ा? आजादी को 75 साल हो गए हैं। 75 साल के बाद भी आज किसानों का इतना बुरा हाल है। देश के कोने-कोने में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। खासकर छोटा किसान बहुत गरीबी की हालत में जीता है। किसान का बेटा किसान नहीं बनना चाहता है, वो चाहता है कि मैं कुछ और बन जाऊं, लेकिन मैं किसान नहीं बनूंगा। इन्होंने किसानों का बुरा हाल कर दिया है। देश के करीब 45 फीसद लोग किसानी पर निर्भर हैं। इतनी बड़ी आबादी अगर किसानी पर निर्भर है और अगर ये सब लोग इकट्ठे हो जाएं, तो बड़ी से बड़ी सरकारों को गिरा सकते हैं। हम भी अन्ना हजारे जी के साथ रामलीला मैदान में बैठा करते थे और हम कह रहे थे कि भ्रष्टाचार खत्म करो। पर उन्होंने हमें चुनौती दी और बोले कि केजरीवाल जी भ्रष्टाचार दूर करना है, तो राजनीति में आओ और खुद चुनाव लड़ लो। हमने कहा कि हम छोटे लोग हैं, हमसे चुनाव नहीं लड़ा जाता, आप लोग भ्रष्टाचार दूर करो। उन्होंने कहा कि नहीं, आप चुनाव लड़ो और आप सिस्टम बदलो। मैंने उनको बार-बार कहा कि इस देश के आम आदमी को मत ललकारो। यह जो आम आदमी बैठा है न, यह आम आदमी बहुत ही शक्तिशाली है। जिस दिन इस देश का यह आम आदमी खड़ा हो गया, जिस दिन आम किसान खड़ा हो गया, यह बड़े-बड़े सिंहासन हिल जाएंगे। इन्होंने हमें ललकारा और आम आदमी पार्टी बनी। पहले दिल्ली में सरकार बनी, फिर पंजाब में सरकार बनी और अब कर्नाटक में सरकार बनानी है।

### केंद्र सरकार को 13 महीनों के संघर्ष के बाद तीनों काले कानून वापस लेने पड़े, किसानों ने केंद्र सरकार के अहंकार को रौंद दिया

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित नेशनल कॉलेज ग्राउंड में आयोजित एक जनसभा में किसानों को संबोधित किया। इस जनसभा में कर्नाटक के कोने-कोने से बड़ी तादात में किसान आए थे। इस दौरान आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कहते हैं, इंसान को अहंकार नहीं करना चाहिए। रावण ने अहंकार किया था। रावण सीता माता को हर के ले गया। उसको सबने समझाया कि रामचंद्र जी भगवान के अवतार हैं। इनसे दुश्मनी मत लो। विभीषण ने समझाया, रावण की पत्नी मंदोदरी ने समझाया कि सीता को वापस कर दो, लेकिन रावण में बड़ा अहंकार था। उसे लगता था कि वह तो पूरी दुनिया को जीत सकता है और वो नहीं माना। अंत में हम सब जानते हैं कि रावण का क्या हुआ? उसी तरह से केंद्र सरकार को अहंकार था। उनको लगता था कि वो कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने तीन काले कानून पास किए। उनको अहंकार था कि हम किसानों की जरूरत नहीं है। केंद्र सरकार को बहुत समझाया, किसानों से पंगे मत लो। किसान अगर सड़क पर उतर गए, तो तुम्हारी सरकार हिल जाएगी। लेकिन केंद्र सरकार नहीं मानी। अंत में 13 महीनों के संघर्ष के बाद केंद्र सरकार को तीनों काले कानून वापस लेने पड़े।

## दिल्ली में सुहावना हुआ मौसम, हल्की बारिश की संभावना

नई दिल्ली। आसमान में बादल छाए रहने और तेज हवा चलने के साथ गुरुवार की सुबह भीषण गर्मी से दिल्लीवासियों को राहत मिली। अंतर्राष्ट्रीय मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने पहले ही बादल छाए रहने की भविष्यवाणी की है। राष्ट्रीय राजधानी के सभी जिलों में तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे की गति) के साथ बारिश / गरज के साथ बौछारें होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि यह उत्तर पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र पर एक पश्चिमी विक्षेप के प्रभाव के कारण है। हालांकि उन्होंने बुधवार के लिए भी हल्की बारिश/ गरज के साथ होने का पूर्वानुमान लगाया था, लेकिन दिल्ली-एनसीआर के किसी भी स्टेशन ने इसे रिकॉर्ड नहीं किया। दिल्ली के बेस स्टेशन सफदरजंग वेधशाला ने बुधवार को अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक था। अन्य स्टेशनों ने दिल्ली एनसीआर में अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस से 43.5 डिग्री सेल्सियस (गुरुग्राम) के बीच दर्ज किया।

## भाई की दी ड्रग्स को बेचने आया था दिल्ली, गिरफ्तार

नई दिल्ली। लॉकडाउन में कामधंधा बंद होने से आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक नेपाली नागरिक ने अपने भाई द्वारा दी गई ड्रग्स को बेचने की कोशिश की जिससे उसकी आर्थिक तंगी कम हो जाती है और वो अमीर बनने की कतार में लग जाता लेकिन आरोपित बाहरी जिला की एएटीएस पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपित की पहचान आरव तमांग उर्फ दीपक के रूप में हुई है। आरोपित के कब्जे से चार सौ ग्राम अच्छी क्वॉलिटी की चरस बरामद की है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत कई लाख रुपये आंकी जा रही है। पुलिस उसके भाई को भी पकड़ने की कोशिश कर रही है। पुलिस को शक है कि यह एक अंतरराष्ट्रीय गैंग है। डीसीपी समीर शर्मा ने गुरुवार को बताया कि जिले को ड्रग्स को लेकर जीरो टॉलरेंस करने के लिये थानास्तर और विशेष टीमों के जरिये ड्रग्स तस्करों और उसको बेचने वालों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। इसमें टीमें कई बार कामयाब भी हुई हैं। बीते मंगलवार को एएटीएस में तैनात एएसआई रणधीर सिंह को सूचना मिली थी कि तमांग नामक एक नेपाली ड्रग सप्लायर कुछ अज्ञात व्यक्तियों को चरस देने शाम के वक्त पश्चिम विहार स्थित भेरा एन्क्लेव रोड पर आएगा। एसीपी अरुण कुमार चौधरी की देखरेख में पुलिस टीम को आरोपित को पकड़ने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की।

## संक्षिप्त खबरें

### इग्नू का दीक्षांत समारोह 26 अप्रैल को, धर्मेंद्र प्रधान होंगे मुख्य अतिथि

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) का 35वां दीक्षांत समारोह 26 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इग्नू ने गुरुवार को बताया कि 26 अप्रैल को अपराह्न 11 बजे विश्वविद्यालय के बाबा साहेब अंबेडकर कन्वेंशन सेंटर में दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह कार्यक्रम को इग्नू के ज्ञान दर्शन चैनल, उच्च शिक्षा के लिए स्वयं प्रभा चैनलों पर इग्नू द्वारा प्रबंधित और इग्नू के फेसबुक पेज के माध्यम से लाइव प्रसारित किया जाएगा।

### रंजिश के चलते टैक्सी चालक को मारा चाकू

नई दिल्ली। बाहरी जिले के सुल्तानपुरी इलाके में पड़ोसी ने आपसी रंजिश के चलते टैक्सी चालक के पैरों में चाकू मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक घायल चालक की पहचान रामदुलार के रूप में हुई। वह परिवार संग बी ब्लॉक सुल्तानपुरी इलाके में रहता है। रामदुलार ने पुलिस को बताया कि वह टैक्सी चलाया करता है। पड़ोस में ही अर्जुन परिवार के साथ रहता है। सुबह छह बजे जब वह गाड़ी के पास पैदल जा रहा था। अर्जुन ने उसको रोक लिया। उसको बोला कि तेरे से कुछ बात करनी है। वह उसके साथ स्टेट बैंक वाले रोड की तरफ चल दिया। जब वह इंडिया पार्क पहुंचा। अर्जुन उससे बोला कि तुम मेरे से क्या चाहते हो ? अचानक से जेब से चाकू निकालकर अर्जुन ने उसके दोनों पैर पर मार दिये। पीड़ित चिल्लाता हुआ वहीं पर गिर गया। वहीं पर खड़े दो लड़कों ने आरोपित को ऐसा करने से मना किया, लेकिन अर्जुन ने उनको धमकी दी, दोनों वहां से भाग गए। पीड़ित जब उठकर वहां से भागने की कोशिश करने लगा। अर्जुन ने बांए कान के पास चाकू से वार किया। उसके बाद उसको जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

### धोखाधड़ी वारदात में भगौड़ा घोषित बदमाश पकड़ा

नई दिल्ली। नांगलाई पुलिस ने एक धोखाघड़ी की वारदात में शामिल भगौड़ा घोषित बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कपूरथला पंजाब के रहने वाले गुरिजेंद्र सिंह उर्फ लकी के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तीन जुलाई 2007 को आईजीआई एयरपोर्ट थाने में एक धाखाधड़ी की वारदात दर्ज हुई थी। जिसमें आरोपी गुरिजेंद्र सिंह उर्फ लकी को दोषी बनाया गया था। आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार था और माननीय न्यायालय द्वारा घोषित अपराधी (पीओ) घोषित किया गया था। पुलिस टीमें आरोपी को पकडे की कोशिश कर रही थी। उसके ठिकानों पर भी छापेमारी की गई थी। बाहरी जिला पुलिस भी भगौड़ा घोषित बदमाशों को तलाशने की कोशिश कर रही थी। एसीपी एमके मीना की देखरेख में एसएचओ सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में हेड कांस्टेबल जसबीर और कांस्टेबल रोहताश को ऐसे बदमाशों के पकडे का जिम्मा सौंपा गया था।

## बुलडोजर चलाने की कार्रवाई के खिलाफ युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय युवा कांग्रेस ने मध्य प्रदेश और दिल्ली में अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाए जाने के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं को पुलिस ने यहां अकबर रोड के निकट उस वक्त रोक लिया जब वे केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप पुरी के आवास की तरफ बढ़ रहे थे। इस मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. ने आरोप लगाया, देश में सुरक्षा और विश्वास के नाम पर असुरक्षा और अविश्वास को जन्म दिया जा रहा है। सत्ताधारी दल देश में नफरत का माहौल पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा, नफरत का बुलडोजर मेरा भारत महान के बोर्ड पर तो चल सकता है, लेकिन विचारधारा पर नहीं। भारत महान था, है और रहेगा। इसे खत्म करने की न कोई साजिश कभी सफल हुई है, न होगी। हम सभी को मिलकर इस भाजपाई नफरत के खिलाफ आवाज बुलंद करनी पड़ेगी। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल राव ने कहा, देश में महंगाई पर बुलडोजर चलाया जाना चाहिए, बेरोजगारी पर बुलडोजर चलाया जाना चाहिए।

## जहांगीरपुरी पर न्यायालय के आदेश का पालन करेंगे : एनडीएमसी महापौर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि नगर निगम उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करेगा और हिंसा प्रभावित जहांगीरपुरी में अतिक्रमण विरोधी अभियान नहीं चलाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले अन्य इलाकों में अतिक्रमण करने वालों को नोटिस भेजे जाएंगे। महापौर की यह टिप्पणी तब आयी है जब उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी के हिंसा प्रभावित जहांगीरपुरी इलाके में इमारतों को ध्वस्त करने के मुद्दे पर अगले आदेश तक यथास्थिति कायम रखने के बृहस्पतिवार को निर्देश दिए। उत्तर पश्चिम दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में भाजपा शासित एनडीएमसी ने अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत बुधवार को इलाके में एक मस्जिद के पास कई पक्के और अस्थायी ढांचों को बुलडोजर से तोड़ दिया था। उच्चतम न्यायालय ने विध्वंस कार्रवाई के खिलाफ जमीयत की याचिका का संज्ञान लेने के बाद अभियान को रोकने के लिए बुधवार को दो बार हस्तक्षेप किया था। सिंह ने कहा, हम उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करेंगे और जहांगीरपुरी में और कार्रवाई नहीं होगी। बहरहाल, उन्होंने कहा कि उसके अधिकारी क्षेत्र के तहत आने वाले अन्य इलाकों में अतिक्रमण रोधी अभियान जारी रहेंगे। सिंह ने कहा, मैं भी यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि नगर निगम अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करता रहेगा। हम अवैध अतिक्रमण की पहचान करेंगे और उन्हें नोटिस भेजेंगे तथा उन पर कार्रवाई करेंगे। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बीआर गवई ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किए। याचिका में दावा किया गया है कि दंगों के मुस्लिम आरोपियों की इमारतों को तोड़ा जा है। अदालत ने कहा, अगले आदेश तक यथास्थिति बनाए रखी जाएङ्ख. मामले को दो हफ्ते के बाद सूचीबद्ध किया जाए और तब तक दलीलों को पूरा किया जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि वह बुधवार को की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई का गंभीर संज्ञान लेगी जो उत्तर दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) के महापौर को उसके आदेश से अवगत कराए जाने के बाद भी जारी रही थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए महापौर ने कहा, जैसे ही हमें आदेश मिला तो अभियान रोक दिया गया।

## भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

गाजीपुर इलाके में बुधवार रात को जिला भाजपा महामंत्री की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त जीतेंद्र उर्फ जीतू चौधरी (40) के रूप में हुई है। बाइक सवार दो हमलावर ने घर के बाहर उनपर पांच गोली चला दी। एक गोली उनके सिर में लगी। घायल जीतू चौधरी को पास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शुरूआती जांच के बाद पुलिस ने प्रॉपर्टी विवाद की आशंका जताई है। पुलिस घर के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालकर हमलावरों की पहचान करने में जुट गई है। जिला पुलिस उपायुक्त प्रियंका कश्यप ने बताया कि घटना बुधवार रात सवा आठ बजे की है। मूलतः गांव बाली, बागपत उत्तर प्रदेश के रहने वाले जीतू चौधरी अपनी पत्नी और पंद्रह और ग्यारह साल के दो बेटों के साथ मयूर विहार फेज तीन पॉकेट सी वन में रहते थे। परिवार में दो भाई और परिवार के अन्य सदस्य भी रहते हैं। उनका कंस्ट्रक्शन का कारोबार था। वह भाजपा के जिला संगठन में महामंत्री थे। बुधवार रात करीब सवा आठ बजे वह घर पर मौजूद थे। इसी दौरान बाइक से दो हमलावर आए और बातचीत के लिए उन्हें घर से बाहर बुलाया। कुछ देर बात करने के बाद हमलावरों ने उनपर ताबड़तोड़ गोली चला दी। उनपर पांच गोली चलाई गई, जिसमें से एक सिर और दूसरी पेट में लगी। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपित मौके से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और उन्हें नोएडा के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। छानबीन करने के दौरान पुलिस को मौके से कई खोखे मिले। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती जांच में प्रॉपर्टी विवाद की बात सामने आई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है।

## राघव चड्ढा सबसे कम उम्र के सांसद हैं, पंजाब से राज्यसभा के लिए चुने गए हैं निर्विरोध

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को बुधवार को फोरम ऑफ यंग ग्लोबल लीडर्स कम्युनिटी द्वारा यंग ग्लोबल लीडर के रूप में सम्मानित किया गया है। फोरम ऑफ यंग ग्लोबल लीडर्स कम्युनिटी वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के साथ जुड़ी हुई है। यह फोरम सीमाओं और क्षेत्रों से परे (वैश्विक स्तर) नेताओं के विस्तृत और दीर्घकालिक भविष्य को आकार देने के लिए प्रोत्साहित करता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी राघव चड्ढा को बधाई दी है। यंग ग्लोबल लीडर्स कम्युनिटीः विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष क्लाउस श्वाब ने 2004 में दुनिया में तेजी से बढ़ रहे जटिल और एक-दूसरे पर निर्भर समस्याओं से निजात पाने के लिए युवा वैश्विक नेताओं के मंच का निर्माण किया। इसलिए, यंग ग्लोबल लीडर्स कम्युनिटी दुनिया में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए विजन, साहस और प्रभाव वाले विशिष्ट लोगों के सक्रिय समुदाय हेतु एक उत्प्रेरक है। यह 1,400 से अधिक सदस्यों और 120 राष्ट्रीयताओं के एलुमनाई (भूतपूर्व छात्रों) का एक परिवार है। जिसमें नागरिक और व्यावसायिक नवोन्मेषकों, उद्यमियों, प्रौद्योगिकी अग्रदूतों, शिक्षकों, कार्यकताओं, कलाकारों, पत्रकारों सहित दूसरे क्षेत्रों के खास लोग भी शामिल हैं। फोरम का गठबंधन विश्व आर्थिक मंच के मिशन के साथ किया गया है और यह वैश्विक सार्वजनिक हित में सार्वजनिक-निजी सहयोग को प्रबल करने का प्रयास करता है। भारतीय राजनीति में राघव चड्ढा का उदय किसी गाथा से कम नहीं है। उन्होंने दिल्ली में लोकप्रिय भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के दौरान अरविंद केजरीवाल के साथ एक अनौपचारिक बैठक के साथ अपनी यात्रा शुरू की। इसके बाद जल्द ही पार्टी के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए और अंततः चुनाव जीतकर दिल्ली विधानसभा तक पहुंचे। एक विद्वान और रणनीतिकार राघव चड्ढा जो अपने कोमल स्वभाव के लिए मशहूर हैं। उन्हें हाल ही में पंजाब में आम आदमी पार्टी के चुनाव का नेतृत्व किया। उनकी दृढ़ता के सहयोग से पार्टी को प्रचंड बहुमत से जीत मिली। आप के प्रशंसनीय प्रदर्शन की वजह से अन्य दलों के बड़े-से-बड़े नेताओं को हार का सामना करना पड़ा। चड्ढा दिल्ली में अपनी पहचान पहले ही दर्ज करा चुके हैं। उन्होंने न केवल राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी राजनीतिक दृष्टिकोण को साझा किया है, बल्कि कई राज्यों, विशेष रूप से नई दिल्ली और पंजाब में पार्टी के संगठन को सशक्त बनाया है। उनका लंबे समय से चला आ रहा मिशन भारत के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें राजनीति का सक्रिय हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में भी रहा है।

## देश के हर हिस्से से आवाज आ रही है कि भारतीय जनता पार्टी अब भारतीय गुंडा पार्टी हो गई है: आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




भारतीय जनता पार्टी की आम आदमी पार्टी पोल खोलेगी। दिल्ली सहित पूरे देश में बीजेपी की गुंडागर्दी और दंगों को लेकर सर्वे कराएगी। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि इस सर्वे में दिल्ली और देश के लोगों से दो सवाल पूछे जाएंगे। पहला सवाल क्या आप मानते हैं कि भाजपा ने चारों तरफ गुंडागर्दी और लफंगई फैला रखी है? दूसरा सवाल कि क्या आप मानते हैं कि आम आदमी पार्टी शरीफ, पढे-लिखे और ईमानदार लोगों की पार्टी है। इसका लोग हां या ना में जवाब दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब देश के हर हिस्से से आवाज आ रही है कि भारतीय जनता पार्टी अब भारतीय गुंडा पार्टी हो गई है। भारतीय गुंडा पार्टी द्वारा की जा रही हिंसा को लेकर आम आदमी पार्टी ने आज से सर्वे की शुरूआत की है। भाजपा के दंगों का सबसे नया उदाहरण जहांगीरपुरी में देख रहे हैं कि किस तरह से भाजपा नेताओं ने दंगे करवाए, जिसमें भाजपा का स्थानीय नेता अंसार पकड़ा गया है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और विधायक आतिशी ने आज पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। विधायक ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से दिल्ली सहित देश भर में अनेकों जगह बहुत चिंताजनक घटनाएं घट रही हैं। हम दिल्ली और देश के अलग-अलग हिस्सों में देख रहे हैं कि किस प्रकार से गुंडागर्दी, मारपीट और हिंसा हो रही हैं। अभी कुछ दिन पहले भाजपा के कार्यकताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर हमला किया और हिंसा की। उसके तुरंत बाद दिल्ली में भाजपा के नेताओं ने सोनिया विहार यूजीआर पर हमला किया। वहां पर पानी में जहरीला पदार्थ में मिलाने की कोशिश की। इससे कुछ महीने पहले भाजपा नेताओं ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री के परिवार पर हमला करने की कोशिश की। दिल्ली जल बोर्ड में भाजपा ने घुसकर हिंसा, तोड़फोड़ और गुंडागर्दी की। इसके अलावा हमने देखा कि लखीमपुर खीरी में बीजेपी के नेता और मंत्री के पुत्र आशीष मिश्रा ने हिंसा की और किसानों को बेरहमी से कुचलते हुए गाड़ी चलाते हुए निकल गए। इसका सबसे नया उदाहरण जहांगीरपुरी में देख रहे हैं कि किस तरह से भाजपा के नेताओं और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने हिंसा और दंगे करवाए हैं। भाजपा का एक स्थानीय नेता अंसार पकड़ा गया, जो हिंसा में शामिल हुआ और दिल्ली पुलिस की हिरासत में आज एक प्रमुख आरोपी के तौर पर है।

**सूचना** राजेंद्र पाल गौतम ने सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार की तरफ से आयोजित प्रशिक्षण सत्र का किया उद्घाटन

## प्रशिक्षण सत्र से अधिकारियों को लंबित मामले शीघ्र निस्तारित करने में मिलेगी मदद: राजेंद्र पाल गौतम

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने आज दिल्ली में सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन किया और इस प्रशिक्षण सत्र के आयोजन के लिए सभी अफसरों को बधाई दी। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में प्रति बैच 25 प्रशासक व अधिकारी शामिल होंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने प्रशिक्षण सत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक अच्छा डॉक्टर बनने से पहले एक मेडिकल स्टूडेंट को किसी बड़े डॉक्टर के साथ ट्रेनिंग करनी होती है। ऐसे ही एक वकील बनने से पहले लॉ स्टूडेंट को भी किसी बड़े वकील के साथ ट्रेनिंग करनी होती है। मुझे खुशी है कि आज सहकारी समिति ने हमने इस चीज को गंभीरता से लिया और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। इसके लिए मैं विभाग के सभी अधिकारियों को बधाई देता हूं। कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि इस प्रशिक्षण सत्र से सभी अफसर सारी लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा कर पाएंगे। इससे विभाग पर जो काम का बोझ है, वह भी कम होगा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने सहकारी समितियों में चल रही कुरीतियों पर कहा कि अक्सर सहकारी समिति में कदाचार के लिए अधिकारियों और राजनेताओं को दोषी ठहराया जाता है। लेकिन ऐसा नहीं है। कई बार प्रबंधन अपने स्वार्थ के कारण भ्रष्टाचार को जन्म देता है। कई अफसर परिवारवाद और पक्षपात भी करते हैं। इस कदाचार को हम को पूरे सिस्टम से निकाल कर फेंकना है। इसके लिए यह यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसे सभी अधिकारियों को इन चीजों के बारे में जागरूकता मिले और हम आगे ऐसे कर्मचारी को अवसर ना दें जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं। साथ ही कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने अधिकारियों को नागरिकों की मदद करने और सहकारी आंदोलन को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अधिकारियों को प्रेरित किया।

### जादू टोना का विरोध करने पर हथियार से महिला पर हमला

नई दिल्ली। रोहिणी जिले के विजय विहार इलाके में एक महिला ने जब पड़ोसी को जादू टोना करने से रोका तो पड़ोसी के पति ने महिला पर धारदार हथियार से वार किया। पुलिस ने पीड़ित महिला के बयान पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक घायल महिला की पहचान बिन्नी के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ विजय नगर इलाके में रहती है। बिन्नी ने पुलिस को बताया कि उनकी ऊपरी मंजिल पर रहने वाला एक परिवार जादू टोना करता रहता है। परिवार कई बार उनके मैन दरवाजे के बाहर सिंदूर डाल दिया करता है। जिसको लेकर कई बार उनको ऐसा नहीं करने के बारे में बोला। परिवार ने इस कारण उनसे झगड़ा भी किया। बीती शाम को आठ बजे जब उसके पति नौकरी से घर आए। दरवाजे पर संदूर पड़ा था। सिंदूर पर पैर रखना अपशगुन माना जाता है। इस बारे में जब उसने ऊपरी मंजिल पर जाकर घंटी बजाई, जो महिला उसका पति और सास निकलकर आई।


उत्तर रेलवे

संशोधन संख्या–3

**विषयः** संशोधन संख्या–3 NIT No. 325-DY.CEE/C/NDLS/2021-2022 के लिए–

"दिल्ली डिवीजन के चिपियाना में 220 / 25 केवी, 50 हर्ट्ज, ट्रैक्शन सब–स्टेशन के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग के साथ–साथ ट्रैक्शन सब स्टेशन के बिल्डिंग में शामिल सिविल इंजीनियरिंग कार्य और एनडीएलएस / एसएसपी (गैन्ट्री ए सहित), एनडीएलएस / गैन्ट्री(बी), डीएफआरएन / एसएसपी, डीएसबी / एसएसपी, डीएसए / एसएसपी, डीएलआई (गैन्ट्री ए, बी, सी), डीएलआई / एसएसपी, टीकेजे / एसपी (नया), जीजेडबी / एसपी (एमटीसी लाइन)–नया, जीजेडबी / एसएसपी (एएलजेएन लाइन)–नया, जीजेडबी / एसपी (एमबी लाइन)–नया एएनवीआर / एसएसपी और सीएनकेपी टीएसएस के संशोधन सहित सामान्य बिजली आपूर्ति कार्य और चाणक्यपुरी में मौजूदा 66 केवी ट्रैक्शन सबस्टेशन का निराकरण, मौजूदा नई दिल्ली–मुंबई पर गति को 160 / 200 KMPH तक बढ़ाने के सिलसिले में"

निविदा में आंशिक संशोधन करते हुए, निविदा दस्तावेज में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं जिन्हें नीचे पढ़ा जा सकता है:–

| क्र. सं. | मद / क्लॉज नं. | मौजूदा प्रावधान | संशोधित प्रावधान |
|---|---|---|---|
| ए. | (टॉप शीट) निविदा दस्तावेज का पृष्ठ संख्या–2 | | |
| 1 | रेलवे वेबसाइट पर निविदा दस्तावेज की बिक्री / उपलब्धता | निविदा दस्तावेज IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 14.02.2022 से 30.03.2022 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। | निविदा दस्तावेज IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 14.02.2022 से 23.05.2022 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 2 | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि / समय | 30.03.2022, 11:30 बजे तक। निविदा दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा IREPS वेबसाइट पर दिनांक 16.03.2022 से 30.03.2022 तक अपलोड किए जा सकते हैं। | 23.05.2022, 11:30 बजे तक। निविदा दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा IREPS वेबसाइट पर दिनांक 09.05.2022 से 23.05.2022 तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 3 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 30.03.2022 को 11:30 बजे निविदा अपलोड करने के तुरंत बाद। दो पैकेट प्रणाली के मामले में, पात्र निविदाकर्ताओं की वित्तीय बोलियां बाद में अधिसूचित की जाने वाली तिथि और समय पर खोली जाएंगी। | 23.05.2022 को 11:30 बजे निविदा अपलोड करने के तुरंत बाद। दो पैकेट प्रणाली के मामले में, पात्र निविदाकर्ताओं की वित्तीय बोलियां बाद में अधिसूचित की जाने वाली तिथि और समय पर खोली जाएंगी। |

बी. निविदा दस्तावेज का पृष्ठ संख्या–14 (महत्वपूर्ण तिथि)

| क्र.सं. | मद / क्लॉज नं. | मौजूदा प्रावधान | संशोधित प्रावधान |
|---|---|---|---|
| 1 | www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज उपलब्ध होने की तिथि | 14.02.2022 | 14.02.2022 |
| 2 | www.ireps.gov.in पर प्रस्ताव जमा करने की शुरूआत | 16.03.2022 | 09.05.2022 |
| 3 | www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता की समाप्ति निविदा / प्रस्ताव खोलना | 30.03.2022 | 23.05.2022 |

विड दस्तावेज के अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी।

निविदा No. 325-Dy.CEE/C/NDLS/2021-22 दिनांकः 21.04.2022 901/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 अप्रैल, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों को चिन्हित कर दिए जाएंगे नोटिस : एनडीएमसी

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने जहांगीरपुरी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन किया जाएगा। कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए हिंसा प्रभावित जहांगीरपुरी इलाके में अभी अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई नहीं की जाएगी। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे कर रखे हैं और अवैध निर्माण किया है उनको चिन्हित कर नोटिस दिए जाएंगे। इस संबंध में उत्तरी निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने एक वीडियो भी जारी किया है। वीडियो उस समय जारी किया गया जब सुप्रीम कोर्ट ने हिंसा ग्रस्त जहांगीरपुरी इलाके में अतिक्रमण करने के मुद्दे पर अगले आदेश तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। दूसरी तरफ उत्तरी निगम के सूचना विभाग अधिकारियों ने बताया कि जहांगीरपुरी क्षेत्र में बीती 11 अप्रैल को हाई कोर्ट के आदेश पर सी ब्लॉक मार्केट एसोसिएशन की याचिका के बाद वहां अतिक्रमण की कार्रवाई की गई थी।

### कोर्ट ने पूछा, क्या सरकार वीरेंद्र देव के आश्रम को अपने अधीन लेगी?

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से पूछा है कि क्या वह कई वर्षों से फरार कथित संत वीरेंद्र देव दीक्षित के रोहिणी स्थित अध्यात्मिक विश्वविद्यालय (आश्रम) का संचालन अपने हाथ में लेने की इच्छुक है ? न्यायालय ने आश्रम में व्याप्त कुप्रबंधन और वहां रहने वाली महिलाओं की दयनीय स्थिति के बारे में पेश रिपोर्ट को देखने के बाद सरकार से यह सवाल पूछा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आश्रम के बाथरूम, शौचालयों में दरवाजे तक नहीं हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने दिल्ली सरकार के स्थायी अधिवक्ता संतोष त्रिपाठी को महिला एवं बाल विकास विभाग से निर्देश लेकर यह बताने के लिए कहा है कि वह आश्रम का संचालन अपने हाथ में लेने का इच्छुक है या नहीं। पीठ ने कहा है कि तथ्यों से साफ है कि आश्रम में प्रथमदृष्टया नियमों की अनदेखी हो रही है। पीठ ने कहा कि आश्रम के बाथरूम में दरवाजे तक नहीं हैं, जो दयनीय स्थिति बताने के लिए पर्याप्त है। पीठ ने सरकार से कहा कि इस आश्रम को अपने कब्जे में लेने की जरूरत है।

### सरकारी स्कूलों के छात्र आपदा से निपटने के गुर सीखेंगे

नई दिल्ली। सरकारी स्कूलों के छात्र आपदा से निपटने के गुर सीखेंगे। 20 स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में आपदा जोखिम कमी परियोजना को लागू किया जाएगा। परियोजना को अनुमति देने के संबंध में शिक्षा निदेशालय की ओर से परिपत्र जारी किया गया है। सेव द चिल्ड्रन संगठन की ओर से इस संबंध में छात्रों से लेकर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जलवायु परिवर्तन और आपदा के जोखिम को कम करने को लेकर बच्चों और शिक्षकों के साथ मिलकर यह कार्य किया जाएगा। जिसमें सुरक्षा प्रशिक्षण, कार्यशाला और संबंधित गतिविधियां शामिल हैं। परियोजना के तहत सुरक्षित स्कूल योजना तैयार की जाएगी। विशेष स्कूल कार्य दल का गठन होगा। आपातकालीन प्रवेश और निकासी मानचित्र, चेतावनी संकेतक रास्ते में लगाएं जाएंगे। स्कूलों में मॉक ड्रिल से जुड़ीं गतिविधियों से लेकर बुनियादी आपातकालीन जरूरतों का भी प्रावधान किया जाएगा।

### धोखाधड़ी मामले में भगोड़ा घोषित बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। बाहरी जिले के नांगलाई पुलिस ने एक धोखाघड़ी में शामिल भगोड़ा घोषित बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान कपूरथला पंजाब के रहने वाले गुरिजेंद्र सिंह उर्फ लकी के रूप में हुई है। डीसीपी समीर शर्मा ने गुरुवार को बताया कि तीन जुलाई 2007 को आईजीआई एयरपोर्ट थाने में एक धोखाधड़ी की वारदात दर्ज हुई थी जिसमें आरोपित गुरिजेंद्र सिंह उर्फ लकी को दोषी बनाया गया था। आरोपित अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार था और माननीय न्यायालय द्वारा घोषित अपराधी घोषित किया गया था। पुलिस टीमें आरोपित को पकड़ने की कोशिश कर रही थी। उसके ठिकानों पर भी छापेमारी की गई थी। बाहरी जिला पुलिस भी भगौड़ा घोषित बदमाशों को तलाशने की कोशिश कर रही थी। एसीपी एमके मीना की देखरेख में एसएचओ सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में हेड कांस्टेबल जसबीर और कांस्टेबल रोहताश को ऐसे बदमाशों के पकड़ने का जिम्मा सौंपा गया था।

# अंबेडकर स्कूल्स ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में मेगा पीटीएम, उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने पेरेंट्स से की चर्चा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




केजरीवाल सरकार का डॉ. बी.आर. अम्बेडकर स्कूल्स ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में आयोजित पहले मेगा पीटीएम में पेरेंट्स जबरदस्त उत्साह के साथ शामिल हुए पेरेंट्स का कॉन्फिडेंस और उनके चेहरे की खुशी ये साबित कर रही थी कि इन स्कूलों में उनके बच्चों के भविष्य की शानदार नींव डाली जा रही है और बाबा साहेब के सपनों को पूरा करते हुए हर तबके के बच्चों को वर्ल्ड-क्लास एजुकेशन दी जा रही है। गुरुवार को उपमुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने इन स्कूलों का दौरा किया और पीटीएम के दौरान पेरेंट्स व बच्चों से बातचीत की उपमुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी बच्चे को आर्थिक कारणों से क्वालिटी एजुकेशन न मिल पाए इसके जबाव के रूप में अरविंद केजरीवाल ने ये स्कूल तैयार किए है जहाँ हर तबके के बच्चों को शानदार शिक्षा दी जा रही है और अब वो दिन दूर नहीं जब एसओएसई से सीखकर देश के सारे स्कूल बदलेंगे उन्होंने कहा कि एसओएसई देश के पहले ऐसे सरकारी स्कूल है जहाँ बचपन से ही उनकी प्रतिभा को संवारा जाता है उन्होंने पेरेंट्स से अपील करते हुए कहा कि पेरेंट्स अपने बच्चों को मेंटल-इमोशनल सपोर्ट करे और हम उन्हें अच्छी शिक्षा देंगे क्योंकि बच्चे केवल किसी परिवार का भविष्य नहीं बल्कि देश का भविष्य भी है इस मौके पर श्री सिसोदिया ने कहा कि हमारे एसओएसई मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के सपनों का स्कूल है और हम विश्वास दिलाते है कि हमारे स्कूलों में पढ़ने वाले हर बच्चे को ऐसी शिक्षा देंगे की पेरेंट्स-समाज-देश उनपर गर्व करेगा और ये हमारी जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली के सरकारी स्कूलों को शानदार बनाया बच्चों-टीचर्स को सुविधाएं दी ये बदलाव का हिस्सा है लेकिन सबसे बड़ा बदलाव ये है कि हम अब रटने की आदत से हटकर सीखने की आदत को अपना रहे है हमारे शिक्षा प्रणाली की सबसे बड़ी कमी रटने की आदत है और हम उसे समझने और सीखने की आदत में बदल रहे है बच्चों को रटने से आजादी दे रहे है डॉ. बी. आर.अम्बेडकर एसओएसई के मेगा पीटीएम में क्या रहा खास

- पेरेंट्स को अपने बच्चे की प्रगति जानने व फीडबैक देने के लिए मिला टीचर्स के साथ वन-टू-वन इंटरेक्शन का मौका
- एग्जिबिशन के माध्यम से बच्चों के काम,प्रोजेक्ट्स, रोबोटिक्स मॉडल, उनके टैलेंट को देखने व सराहने का मौका
- डीबीएसई बोर्ड के पहले वर्ष में तैयार नया व अनोखा रिपोर्ट कार्ड जो मार्क्स दिखने के बजाय बताता है कि बच्चों ने सालभर में क्या सीखा

**पेरेंट्स ने क्या कहा ?**

एसओएसई में उपमुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान एक पैरेंट ने बताया कि छ्पिछले प्राइवेट स्कूल की तुलना में यहां मेरे बच्चे का कॉन्फिडेंस काफी बढ़ा है और अब मुझे विश्वास है कि मेरी बेटी भविष्य में बेहतर कर पाएगी उन्होंने कहा कि इस स्कूल की सबसे बेहतर बात ये है कि यहां बच्चों को एक्सपेरिमेंटल लर्निंग दी जाती है जबकि पिछले स्कूल में केवल किताबी पढ़ाई ही होती थी वहां टीचर्स केवल 4-5 बच्चों को ही हर चीज में आगे रखते थे लेकिन इस स्कूल में हर बच्चे के ओवरआल डेवलपमेंट पर ध्यान दिया जाता है

एक अन्य पैरेंट ने कहा कि एसओएसई में आने से सालभर में मेरी बेटी में काफी बदलाव आए है और अब वो हमें समझाने लगी है उसने ट्रांस-जेंडर, धर्म-जाति के साथ-साथ सोसाइटी के दूसरे संवेदनशील मुद्दों को लेकर हमारी सोच को बदलने का काम किया है

धर्मेन्द्र लाकड़ा नाम के एक पैरेंट ने बताया कि एसओएसई में एडमिशन करवाने से पहले वो अपने बच्चे का स्कूल 6 बाद बदल चुके थे क्योंकि वो किसी भी स्कूल से संतुष्ट नहीं थे लेकिन स्कूल बदलने का ये सिलसिला एसओएसई में खत्म हो गया जहाँ बच्चों को पढ़ाया नहीं बल्कि सीखाया जाता है

स्टेम एसओएसई में साप्ताहिक बाजार लगाने वाले दीपक जी ने कहा कि मेरा बड़ा बेटा मेरे साथ ही बाजार लगता है आर्थिक स्थिति बेहतर न होने के कारण वो आगे नहीं पढ़ पाया मुझे लगता था कि मेरे छोटे बेटे के साथ भी ऐसा ही होगा लेकिन अब ये सोच बदल गई है मुझे विश्वास है कि यह स्कूल उसे बेहतर भविष्य बनाने में मदद करेगा।

## एमसीडी में बीजेपी की सरकार है और भाजपा ने ही अवैध कंस्ट्रक्शन कराए

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि भाजपा के पार्षद पैसे लेकर अवैध निर्माण करवाते हैं। सुप्रीम कोर्ट से ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करने की उम्मीद है। पिछले 15 साल से एमसीडी में बीजेपी की सरकार है और उन्हीं की अगुवाई में अवैध कंस्ट्रक्शन हुआ है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और विधायक आतिशी ने महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट उन लोगों को भी सख्त से सख्त सजा देगा, जिन लोगों ने ऐसी अवैध कार्रवाई को होने दिया है। पिछले 15 साल से एमसीडी में बीजेपी की सरकार है और उन्हीं की अगुवाई में अवैध कंस्ट्रक्शन हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पार्षद पैसे लेकर अवैध कंस्ट्रक्शन कराते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि सुप्रीम कोर्ट अवैध कंस्ट्रक्शन कराने वालों पर भी सख्त से सख्त कार्रवाई करेगा। आतिशी ने कहा कि जब तक भाजपा की गुंडागर्दी खत्म नहीं होती, देश भर में हिंसा होती रहेगी। हिंसा और गुंडागर्दी करने वालों को राजनीतिक पार्टियां बाहर निकालती हैं। लेकिन बीजेपी उन्हें सम्मानित करती है। देश का हाल आज ऐसा ही होता जा रहा है।

## गाजीपुर भराव क्षेत्र पर आग : दिल्ली के पर्यावरण मंत्री ने ईडीएमसी अधिकारियों को सम्मन भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक दिन पहले गाजीपुर भराव क्षेत्र में लगी आग के संबंध में पूर्वी दिल्ली नगर निगम (ईडीएमसी) के वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मन भेजा है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राय भराव क्षेत्रों में आग लगने की समस्या का तकनीकी समाधान तलाशने के लिए बृहस्पतिवार दोपहर को विशेषज्ञों की संयुक्त बैठक की भी अध्यक्षता करेंगे। गाजीपुर भराव क्षेत्र में बुधवार को भयंकर आग लग गयी थी, जिससे आसमान में घना धुआं छा गया था तथा आसपास के इलाकों की पहले से ही प्रदूषित आबोहवा और बिगड़ गयी थी। यह 28 मार्च के बाद से आग लगने की ऐसी तीसरी घटना है। एक अधिकारी ने कहा, मंत्री ने गाजीपुर भराव क्षेत्र में बार-बार आग लगने की घटनाओं पर ईडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों को तलब किया है। प्राधिकारियों ने पिछले साल गाजीपुर भराव क्षेत्र में आग लगने की चार घटनाओं की जानकारी दी थी। 2017 में इसका एक बड़ा हिस्सा टूटकर सड़क पर गिर गया था जिससे दो लोगों की मौत हो गयी थी। गाजीपुर भराव क्षेत्र 70 एकड़ में फैला है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने 28 मार्च को गाजीपुर भराव क्षेत्र में आग लगने के बाद ईडीएमसी पर 50 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था।

# बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं के अतिक्रमण हटाने के लिए महापौरों को पत्र लिखूंगा : आदेश

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



भाजपा शासित उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा हिंसा प्रभावित जहांगीरपुरी में कई अवैध ढांचों को ढहाने के एक दिन बाद पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रमुख आदेश गुप्ता ने कहा कि वह पूर्वी और दक्षिणी दिल्ली के महापौरों को भी उनके क्षेत्रों में रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों द्वारा किये गये अवैध अतिक्रमण को जमींदोज करने के लिए, इसी तरह का अभियान चलाने के लिये पत्र लिखेंगे। जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती जुलूस के दौरान क्षेत्र में हिंसा भड़कने के बाद गुप्ता ने उत्तर दिल्ली नगर निगम को पत्र लिखा था, जिसके बाद निगम ने इलाके में अवैध अतिक्रमण को गिराने के लिये एक अभियान चलाया। हालांकि, उच्चतम न्यायालय के यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश पर डेढ़ घंटे तक चले इस अभियान को रोक दिया गया था। गुप्ता ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया, मैं दक्षिण और पूर्वी एमसीडी

- **उच्चतम न्यायालय के यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश पर डेढ़ घंटे तक चले इस अभियान को रोक दिया गया था**

के महापौरों को वहां रहने वाले बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए भी पत्र लिखने जा रहा हूं। उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि वे जहांगीरपुरी में दंगाइयों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। जहांगीरपुरी में शनिवार को हनुमान जयंती के जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच झड़प हो गई, जिसके बाद दोनों समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। इस झड़प के दौरान कम से कम नौ लोग घायल हो गए, जिनमें आठ पुलिसकर्मी थे। भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस और वामपंथी नेता दंगाइयों को खुश करने के लिए जहांगीरपुरी गए हैं। मुझे यह भी पता चला है कि ममता बनर्जी (टीएमसी प्रमुख) भी उनसे मिलने आ रही हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि आप विधायक और पार्षद अपने क्षेत्रों में रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने के लिए उनका समर्थन कर रहे हैं।

## विजय कुमार ने नए राज्य निर्वाचन आयुक्त की शपथ ग्रहण की

नई दिल्ली। उपराज्यपाल अनिल बैजल ने बृहस्पतिवार को पूर्व मुख्य सचिव विजय कुमार देव को दिल्ली के नए राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद की शपथ दिलाई। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई है। बैजल ने ट्वीट किया, राज निवास में आयोजित एक समारोह में आईएएस (सेवानिवृत्त) विजय कुमार देव को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के राज्य निर्वाचन आयोग के नए निर्वाचन आयुक्त के रूप में पद की शपथ दिलाई।

उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि देव पदभार ग्रहण करने की तारीख से छह साल की अवधि तक या 65 वर्ष की आयु तक इस पद पर रहेंगे। एस के श्रीवास्तव बुधवार को पद से सेवानिवृत्त हो गए जिसके बाद देव को पद पर नियुक्त किया गया। श्रीवास्तव हाल में तब सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने मार्च में प्रेस वार्ता के दौरान दिल्ली में तीनों नगर निगमों के लिए चुनाव की तारीखों की घोषणा को टाल दिया।

## पुलिस जांच में खुलासा : ड्रग्स सप्लाई करता था जहांगीरपुरी हिंसा का आरोपी अंसार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



जहांगीरपुरी हिंसा मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने खुलासा किया है कि मुख्य आरोपी मोहम्मद अंसार शेख ड्रग्स की आपूर्ति में भी शामिल रहा है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्रों का कहना है कि क्राइम ब्रांच (अपराध शाखा) ने मामले की जांच के सिलसिले में दक्षिण दिल्ली के एक व्यवसायी की बीएमडब्ल्यू कार भी जब्त की है। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने दावा किया है कि पूछताछ के दौरान अंसार ने ड्रग्स तस्करी में अपनी संलिप्तता कबूल की है। उन्होंने दावा किया कि अपने अवैध व्यापार के साथ आरोपी ने खूब पैसे कमाए और इसका इस्तेमाल जहांगीरपुरी में गैंगस्टर जैसी छवि बनाने के लिए किया। अंसार ने शुरू में कबाड़ का कारोबार शुरू किया था और बाद में हेरोइन और स्मैक की आपूर्ति शुरू कर दी। एक सूत्र ने दावा करते हुए कहा, उसे आशंका थी कि अगर वह मादक पदार्थ की आपूर्ति करते हुए पकड़ा गया तो उसे लंबी जेल की सजा दी जाएगी। इस डर ने उसने अपना ड्रग्स पेडलिंग व्यवसाय समाप्त कर दिया। अंसार ने इसके बाद उत्तर-पश्चिम दिल्ली में सट्टा चलाना शुरू कर दिया। सूत्रों ने दावा किया है कि अंसार की बीएमडब्ल्यू कार के साथ कुछ तस्वीरें पुलिस को मिली हैं। एक फोटो में वह कार के बोनट पर खड़ा नजर आ रहा है। पूछताछ में पुलिस ने खुलासा किया कि कार दक्षिण दिल्ली के एक कारोबारी की है। सूत्र ने दावा किया, यह एक विवादित बीएमडब्ल्यू कार है और अंसार ने अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि का इस्तेमाल करते हुए इसे अवैध तरीके से अपने पास रखा था। बाद में उसने कार को पश्चिम बंगाल में रहने वाले किसी व्यक्ति को दे दिया।

## ब्लड कैंसर से जूझ रही युवती को नहीं मिल रहा स्टेम सेल दाता

नई दिल्ली। दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर संस्थान और अनुसंधान केंद्र में ब्लड कैंसर से जूझ रही 23 वर्षीय युवती ने जीवन रक्षक स्टेम सेल प्रत्यारोपण को लेकर गुहार लगाई है। झारखंड के हजारीबाग निवासी युवती को स्टेम सेल के लिए सामान दाता नहीं मिल पा रहा है। वह 11 वर्षों से क्रॉनिक मायलोइड ल्यूकेमिया बीमारी से जूझ रही है। अनुसंधान केंद्र के बोन मैरो प्रत्यारोपण विभाग के वरिष्ठ डॉक्टर नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि जिस दिन से युवती का इलाज चल रहा है, वह दवा पर है। सामान्य जीवन जीने में असमर्थ है। अब युवती महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गई है। युवती के जीवित रहने का एकमात्र विकल्प स्टेम सेल का प्रत्यारोपण है। लेकिन सामान दाता नहीं मिल रहा है। हालांकि, ब्लड कैंसर और संबंधित विकारों के लिए मदद करने वाली डीकेएमएस बीएमएसटी फाउंडेशन ने दाता खोजने को लेकर अभियान चलाया है। जिसके लिए लोग ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। वहीं युवती ने अपील करते हुए कहा कि मैंने अपना आधा जीवन बीमारी से लड़ते हुए बिताया है।

# एंटी ओपन बर्निंग अभियान के तहत 10 विभागों की 500 टीमें तैनात

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली सचिवालय में लैंडफिल साइट्स को लेकर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में आज डीपीसीसी, एमसीडी, आईआईटी दिल्ली, पर्यावरण विभाग, टेरी, सीएसई, आईजीएल, गेल और अन्य सभी सम्बंधित विभागों के एक्सपर्ट के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गई इस बैठक में लैंडफिल साइट्स में बढ़ रही आग लगने की घटनाओं को लेकर सभी पहलुओं पर चर्चा की गई बैठक के बारे में जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि इस बैठक में आईसीएआर-आईएआरआई के भूपिंदर सिंह और शिव प्रसाद , आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर मनोज दत्ता , सीएसई से अतिन बिस्वास और डॉ. ऋचा सिंह, आईजीएल से नरेंद्र पांडेय , गौरव शर्मा और सुशांत चौधरी, टेरी से सुनील पांडेय, गेल से आशु सिंघल और संजीव कुमार जैसे कई विशेषज्ञ शामिल हुए `सभी विभागों के विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श के बाद मुंबई के डंपिंग स्थल पर लगे गैस सकिंग सिस्टम को अपनाने का फैसला लिया गया है इसी के साथ डीपीसीसी और एमसीडी की संयुक्त टीमों को भी मुंबई जाने के निर्देश जारी किए गए है

और साथ ही लैंडफिल साइट्स में बढ़ रही आग की घटनाओं को रोकने लिए डीपीसीसी और एमसीडी की टीमों को सतत निरीक्षण के आदेश भी दे दिए गए है-मुंबई के डंपिंग स्थल में लगे गैस सकिंग सिस्टम को अपनाने के निर्देश पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने लैंडफिल साइट्स पर लगने वाली आग की घटनाओं पर अपनी गंभीरता जताते हुए बताया कि दिल्ली में इस समस्या से स्थाई रूप से नियंत्रण पाने के लिए मुंबई के डंपिंग स्थल पर लगे हुए गैस सकिंग सिस्टम को अपनाने के लिए डीपीसीसी और एमसीडी को निर्देश दिए गए है` इस गैस सकिंग सिस्टम से कूड़े से लगातार निकलने वाली मीथेन गैस पर नियंत्रण पाया जा सकेगा उन्होंने कहा कि लैंडफिल साइट्स में आग लगने का सबसे बड़ा कारण उसमे से लगातार निकलने वाली मीथेन गैस है, जो ना केवल आग कि घटनाओं को बढ़ावा देती है बल्कि वायुमंडल के लिए भी हानिकारक है सभी विभागों के विशेषज्ञों के साथ हुई बैठक में कई तत्कालीन सुझावों पर भी विचार किया गया ताकि जल्द से जल्द उनपर कार्रवाई कर आग की घटनाओं को रोका जा सके बैठक के दौरान विशेषज्ञों के साथ हुई चर्चा में गैस के अनियंत्रित उत्सर्जन की रोकथाम के लिए गैस के कुँए लगाने, कूड़े को लगभग 10 सेंटीमीटर तक मिट्टी से ढ़कने, 6 तरीकों से कचरा पृथक्करण करना जैसे सुझावों के बारे में भी विचार किया गया।

# सिसोदिया ने दिल्ली के 40 मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



केजरीवाल सरकार दिल्ली के व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं देने व उनके व्यापर को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है इसी दिशा में दिल्ली सरकार ने इस साल अपने बजट में दिल्ली के प्रसिद्ध माकेर्टों के पुनर्विकास व दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल जैसी नीतियों की घोषणा की इस बाबत गुरुवार को उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली के 40 मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की व दिल्ली के बाजारों के पुनर्विकास व दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल को लेकर उनके फीडबैक लिए, मार्केट को बेहतर बनाने के लिए उनके सुझाव लिऐ इस मौके पर श्री सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के प्रतिष्ठित बाजारों के पुनर्विकास और दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल न केवल व्यापर व पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि इससे शहर में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसलिए दिल्ली सरकार की इन दोनों योजनाओं का ढांचा तैयार करने से पहले हमारे लिए मार्केट एसोसिएशन के लोगों से बात करना व उनका सुझाव लेना बेहद जरूरी है श्री सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के आइकॉनिक मार्केट के पुनर्विकास से न केवल हमारे माकेर्टों को एक नई पहचान मिलेगी बल्कि इससे व्यापारी भाइयों-बहनों का व्यापार भी बढ़ेगो साथ ही हम दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल द्वारा दिल्ली के लोगों व दिल्ली आने वाले पर्यटकों को शॉपिंग का एक सुखद व जीवंत अनुभव देना चाहते है उन्होंने कहा कि इन दोनों कार्यों के लिए दिल्ली के मार्केट एसोसिएशन व सरकार का साथ आना बेहद जरुरी है ताकि आपसी सहयोग के साथ हम इसे संभव बना सके बैठक में बाजरों के पुनर्विकास के डिजाइन व इम्प्लीमेंटेशन स्टेज के दौरान मार्केट एसोसिएशन की भूमिका व पुनर्विकास के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में चर्चा की गई साथ ही दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल के आयोजन के समय व उसे सफल बनाने को लेकर मार्केट एसोसिएशन की भूमिका जैसे इवेंट्स-ब्रांडिंग आदि पर चर्चा की गई उल्लेखनीय है कि शुक्रवार, 22 अप्रैल से दिल्ली सरकार द्वारा एक लिंक जारी किया जाएगा जहाँ मार्केट एसोसिएशन अपने बाजार के पुनर्विकास के लिए आवेदन व सुझाव भेज सकेंगे आवेदन व सुझाव भेजने की अंतिम तिथि 6 मई होगी।

**जांच** यह सिर्फ आपके बच्चे नहीं, हमारे भी बच्चे हैं। इनको अच्छी शिक्षा देने के लिए, दिल्ली सरकार दिन रात कर रही है मेहनत : आतिशी

# आतिशी ने पैरेंट टीचिंग मीटिंग में अभिभावकों को दिया भरोसा, कहा हम बच्चों को देंगे वर्ल्ड क्लास शिक्षा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




बच्चों के भविष्य को निखारने, संवारने और उनकी शिक्षा में उनके अभिभावकों की भूमिका को और मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कालकाजी में स्थित डॉ. बी. आर. अम्बेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में गुरुवार को मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। कालकाजी विधायक एवं दिल्ली विधानसभा एजुकेशन स्टैंडिंग कमिटी की चेयरपर्सन आतिशी इस मेगा पीटीएम का जायजा लेने व बच्चों के माता-पिता से उनकी शिक्षा को और बेहतर बनाने के सुझाव लेने एस.ओ.एस.ई. कालकाजी पहुँची। आतिशी ने एस.ओ.एस.ई. कालकाजी को एक वर्ष पूरा होने की सफलता पर बधाई दी। आतिशी ने कहा, जब ये स्कूल बनाए गए थे तब हमें चिंता थी कि ये स्कूल कैसे चलेंगे, बच्चे आएंगे या नहीं आएंगे लेकिन मुझे खुशी है कि स्कूल को बच्चों और अभिभावकों का इतना प्यार मिला है। आतिशी ने बताया कि मुझे बेहद आश्चय हुआ जब मुझे पता चला कि इस एस.ओ.एस. ई. कालकाजी में एडमिशन के लिए मौजूद सीट्स से 10 गुना से भी ज्यादा एप्लीकेशन मिली है। आतिशी ने कहा, ऐसा पहली बार हुआ है कि जब किसी सरकारी स्कूल में एडमिशन के लिए उपलब्ध सीट से भी ज्यादा एप्लीकेशन फॉर्म्स प्राप्त हुए हो। उन्होंने बताया कि स्कूल में एडमिशन के लिए करीब 4,000 सीट थी लेकिन बच्चों के एडमिशन के लिए 28,000 से भी ज्यादा प्लिकेशन फॉर्म्स मिलें। उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार का ये लक्ष्य है है कि हम अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें। कई माँ-बाप ऐसे है जिनके पास अपने बच्चों को कोचिंग के लिए या महँगे स्कूल में पढ़ाने के पैसे नही होते है। ऐसे में हम उन सभी माँ-बाप को भरोसा देना चाहते है कि हमारी सरकार उन्हें न केवल देश में सबसे बेहतर शिक्षा देंगी, बल्कि वर्ल्ड क्लास शिक्षा देगी। डॉ. बी. आर. अम्बेडकर. एस.ओ.एस. ई. कालकाजी के प्रिंसिपल मोहम्मद शारीक ने कहा, हम चाहते है कि हमारे बच्चें बुक वॉर्म नहीं बल्कि प्रॉब्लम सॉल्वर बने। हमारी कोशिश है कि बच्चें अपनी प्रॉब्लम सॉल्व करने के काबिल बने फिर चाहे वो स्कूल लेवल पर हो या फिर स्कूल के बाहर। वो जॉब क्रीएटर बने ना की सिर्फ जॉब सीकर। पैरेंट्स टीचर मीटिंग (पीटीएम) के दौरान आतिशी ने स्कूल में मौजूद बच्चों और उनके अभिभावकों से खास बातचीत भी की। साथ ही, उन्होंने अभिभावकों से स्कूल में शिक्षा को और बेहतर बनाने के सुझाव भी लिए । इस पीटीएम में स्कूल के लगभग 250 छात्रों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया।

## उत्तरी निगम का निरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने उत्तरी दिल्ली नगर निगम में कार्यरत एक निरीक्षक समेत दो आरोपियों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने निरीक्षक के कार्यालय और आवास में छापेमारी की, जहां से आपित्तजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। उत्तरी निगम के अधिकारियों का कहना है कि निरीक्षक को निलंबित किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार निरीक्षक राहुल कुमार उत्तरी दिल्ली नगर निगम, केशवपुरम जोन के पशु विभाग में कार्यरत है, जबकि दूसरा आरोपी महावीर सिंह है जो उसके लिए बिचौलिए का काम करता था। सीबीआई को कुछ दिनों पहले निरीक्षक राहुल कुमार के बारे में शिकायत मिली कि वह एक शख्स से प्रति माह पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है। निरीक्षक कहता है कि अगर प्रतिमाह उसे रकम मिलती रहेगी तो वह शिकायतकर्ता की गाय को नहीं पकड़ेगा।

**NAME CHANGE**

I, Sangita Devi W/o Bhashma Bhushan Prasad, R/o Gopalpur, Bhagalpur, Ghogha, Bihar-813205. Do hereby solemnly Affirm. That I have changed my name from Sangita Prasad to Sangita Devi for all future purposes. That I may in future be known as Sangita Devi.

**NAME CHANGE**

I, Bhashma Bhushan Prasad S/o Shri Janardan Prasad, R/o Gopalpur, Bhagalpur, Ghogha, Bihar-813205. Do hereby solemnly Affirm. That I have changed my name from B B Prasad to Bhashma Bhushan Prasad for all future purposes. That I may in future be known as Bhashma Bhushan Prasad

**क्लासिफाइड**

**PUBLIC NOTICE**

GENERAL PUBLIC IS HEREBY INFORMED THAT MY CLIENT SH. BABU LAL, S/O SH. KASHI RAM AND SMT. SANTRA W/O BABULAL BOTH R/O PLOT NO. 22 AND 23, GALI NO 3, TILAK ENCLAVE, DELHI, MOHAN GARDEN, UTTAM NAGAR, WEST DELHI-110059. HAVE DISOWNED AND DISINHERITED HIS DISOBEDIENT SON NAMELY, MITHUN FROM ALL HIS MOVABLE AND IMMOVABLE PROPERTIES AND HAVE SERVED AND DISCONNECTED ALL THEIR RELATIONS WITH HIM. ANY PERSON DEALING WITH SAID MITHUN SHALL BE DOING SO AT OWN RISK AND RESPONSIBILITY.

KRISHAN SOMAWAT
ADVOCATE
CHAMBER
NO. 603, LAWYERS CHAMBERS BLOCK
DWARKA COURTS, NEW DELHI-110075
M-9810256781

# मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में ली जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक

## कष्ट निवारण समिति की बैठक में 18 में से 13 शिकायतों का सीएम ने मौके पर ही किया निपटारा




गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

बुधवार को यहां सेक्टर-43 स्थित पावरग्रिड टाउनशिप के मल्टीपर्पज हॉल में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष कुल 18 समस्याएं अथवा शिकायतें रखी गई थी, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 13 समस्याओं का मौके पर निपटारा किया। बाकी को कार्य पूरा होने तक लंबित रखा है। इन्हीं में से एक मुद्दा था सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली पार्क की दुर्दशा और वहां पर बाहुबलियों द्वारा किए गए कब्जे का।जब शिकायतकर्ता ने सीएम के समक्ष कहा कि इस पार्क की पार्किंग पर बाहुबलियों का कब्जा था, जिसे प्रशासन की मदद से हटवाया गया है तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा-अब कोई बाहुबलि नहीं हैं, सभी सामान्य बलि हैं। बैठक में लेजरवैली पार्क के खराब पड़े म्यूजिकल फाउंटेन का मामला भी रखा गया। जिस पर जीएमडीए के अधिकारियों ने बताया कि इस पार्क में लगे फव्वारे बहुत पुराने होकर खराब हो चुके हैं। अब नया अनुमान तैयार कर लिया गया है और वित वर्ष-2022-23 में प्रस्तावित कार्य योजना के अंतर्गत सभी पार्कों में भी फव्वारे लगाने का प्रावधान करने का प्रस्ताव है। जिस पर लगभग 6.5 करोड़ रुपये की लागत आएगी। लेजरवैली पार्क में गंदगी के ढेर होने और सिक्योरिटी गार्ड नहीं होने का मामला भी उठाया गया, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सप्ताह में पार्क की सफाई करवाकर इसकी फोटो उनके स्टाफ के पास भिजवाएं। उन्होंने कहा कि यदि पार्क में सिक्योरिटी गार्ड रखने का प्रावधान है तो वहां पर गार्ड भी लगवाएं। निगम के वरिष्ठ नगर योजनाकार संजीव मान ने बताया कि डीटीपी प्लानिंग द्वारा प्रस्ताव तैयार करके मुख्यालय पर भेजा गया है और वे उसे फॉलो कर रहे हैं। मुख्यालय से बताया गया है कि विकास योजना में बदलाव की प्रक्रिया चल रही है।

### अधिकारी अतिक्रमण हटवाना सुनिश्चित करें: मनोहर लाल

गुरुग्राम

शहर में सरकारी जमीन पर झुग्गी-झोपड़ी डालने और अतिक्रमण की शिकायत भी मुख्यमंत्री के सामने उठाई गई। इसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाना सुनिश्चित करें और जनसुविधाओं के लिए दी गई जमीन को भी राजस्व रिकॉर्ड में विभाग या सरकार के नाम दर्ज करवाएं। उन्होंने सभी एजेंसियों को आपसी तालमेल से काम करने की हिदायत भी दी। मुख्यमंत्री ने सरस्वती कुंज सोसायटी के मामले में उसका सर्वे करवाकर चार दिवारी बनवाने के निर्देश प्रशासन को दिए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कुछ रास्तों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से अवैध रूप से मलबा डालने वालों पर निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि उन क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाएं तथा कोताही करने वालों के चालान करके जुमार्ना लगाएं।

## शहर में बादल छाए रहने से लोगों को मिली गर्मी से राहत



गुरुग्राम। पिछले कई दिनों से शहर में पड़ी रही भीषण गर्मी से वीरवार को शहरववासियों को कुछ राहत अवश्य मिली। बादल छाए रहने के कारण शहर में ठंडी हवा चलती रही, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम के जानकारों के अनुसार वीरवार को शहर का अधिकतम तापमान 36 डिग्री व न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान गिरने से दिनभर ठंडी हवाएं चलती रही। बताया जाता है कि कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हुई। बतादें कि पिछले कई दिनों से शहर में भीषण गर्मी के कारण आमजन का बुरा हाल हो गया। शहर के मुख्य सदर बाजार सहित अन्य बाजारों में भी लोगों ने दोपहर के समय आना-जाना कम कर दिया था। सडके करीब सूनी ही दिखाई देने लगी। गर्मी से बेहाल लोगों ने ठंडा शरबत, जूस आदि पीकर गर्मी से बचने के प्रयास किए।

# प्रदेश में पावर कट की समस्या का जल्द होगा समाधान : मनोहरलाल



गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की कमी होना स्वाभाविक है क्योंकि इन दिनों में बिजली की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाती है। फिर भी राज्य सरकार बिजली की कमी को दूर करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि इस विषय में बुधवार को ही बिजली उपलब्ध करवाने वाली कंपनियों से उन्होंने फोन पर बात की है, जहां से उन्हें सकारात्मक भरोसा मिला है। इस संदर्भ में जल्द ही बिजली उत्पादक कंपनियों के साथ एक बैठक बुलाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस समस्या का निवारण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में हमनें पुलिस के एक्शन में कोई कमी नही होने दी है। गुरुग्राम पुलिस बहुत की कम समय में घटनाओं को सॉल्व करती है। सरकार के स्तर पर जब भी निवेशकों से बात होती है तो उनका कहना है कि अन्य राज्यों की तुलना में हरियाणा का लॉ एंड आर्डर काफी अच्छा है। आज हरियाणा की बेहतर कानून व्यवस्था के चलते गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ व झज्जर जिला में निवेशकों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि हमनें विजिलेंस को मजबूत किया है। हमने स्टेट विजिलेंस ब्यूरो का दायरा बढ़ाते हुए प्रदेश के सभी 6 डिवीजन में डिविजनल विजिलेंस ब्यूरो(डीवीबी) का गठन भी किया है। इन ब्यूरो में फोर्स बढ़ाने के साथ ही उनके कार्यों को भी बांटा गया है। उन्होंने बताया कि रेजीडेंट वैल्फेयर एसोसिएशनों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जागरूक करने के लिए 29 अप्रैल को गुरूग्राम में सेमिनार का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें वे स्वंय भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में रेरा एक्ट तथा अन्य कानूनी प्रावधानों के संदर्भ में आरडब्ल्यूए की भूमिका व कर्तव्यों , उनके सामने आने वाली समस्याओं के निवारण की प्रक्रिया के सरलीकरण आदि विषयों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञ भाग लेंगे।

# किसान मजबूती से लड़ना जानते हैं : राकेश टिकैत



नारनौंद , प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत बुधवार को खेड़ी चोपता धरने पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के किसान मजबूती से लड़ना जानते हैं और अपने हकों को लेना भी इन्होंने अब सीख लिया है। पिछले 36 दिनों से किसान तहसील पर कब्जा कर बैठे हुए हैं लेकिन सरकार के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है। प्रशासनिक अधिकारियों को मदरस्ता करते हुए सरकार से तुरंत किसानों की बात करवानी चाहिए ताकि काम के समय में किसान अपने घर जाकर अपना काम संभाल सके। हरियाणा के लोगों का दिल्ली के आंदोलन में भी अहम योगदान रहा है। आप लोगों ने 13 महीने की कड़ी तपस्या से शांति व अहिंसा के मार्ग पर चलकर आंदोलन को सफल बनाया है। जिसके लिए आप सभी भागीदार हो और धन्यवाद के पात्र हो। केंद्र सरकार ने किसानों से जमीन को छीनना चाहती है लेकिन हम सरकार को उनकी मंशा में कामयाब नहीं होने देंगे। राजस्थान वह हरियाणा में कई जगह किसानों की जमीनों की नीलामी के मामले भी सामने आए हैं लेकिन किसानों को डरने की जरूरत नहीं है। किसी भी किसान की जमीन को नीलाम नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर सुरेश कोथ, जस्सी पेटवाड़, प्रेम मलिक, राजकुमार राखी, रमेश श्योराण, दिनेश राखी, रामनिवास खेड़ी, साधु खेड़ी, रणधीर मिलकपुर, रतन ठेकेदार, कुलदीप कापड़ों, विकास श्योराण, काला गामड़ा, ओमप्रकाश इत्यादि मौजूद रहे।


# केन्द्रीय कपड़ा और रेल राज्य मंत्री दर्शन विक्रम जरदोश ने किया एक्सपो का उद्घाटन

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता




केन्द्रीय कपड़ा और रेल राज्य मंत्री दर्शना विक्रम जरदोश ने गुरुवार को यहां सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में द फैशन मीट-एक्सपो-22 का उद्घाटन किया। द फैशन मीट-एक्सपो-22 का आयोजन एईपीसी-बीएए-एनएईसी के तहत टॉप फैशन एक्सपोर्ट काउंसिल ने सॉटेक्स (फैशन और टैक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए बी2बी मार्केट प्लेस) की सहभागिता में किया जा रहा है। एक्सपो के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और कोरिया के विदेशी प्रतिनिधियों के अलावा 500 से अधिक शीर्ष फैशन खरीदारों, निर्यातकों और निमार्ताओं की एक्सपो में लगे विभिन्न स्टॉल्स पर काफी अधिक भीड़ रही। इस अवसर पर अपने संबोधन में केन्द्रीय कपड़ा एवं रेल राज्य मंत्री दर्शना बिक्रम जरदोश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कारोबार का विश्लेषण करने और निर्यात लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विदेशों में भारतीय मिशनों के प्रमुखों, और वर्तमान के वाणिज्य क्षेत्रों के हितधारकों के साथ जुडने का प्रयास किया गया। आज की अपैरल इंडस्ट्री कुल भारतीय निर्यात का 4.4 प्रतिशत हिस्सा रखती है और यह लगातार बढ़ रहा है। ये एक बड़ा और भव्य आयोजन है। इस दौरान इंडस्ट्री एक्स्पट्र्स नरेंद्र गोयनका, चेयरमैन एईपीसी, सेवराज सैयद डायरेक्टर टुकाटेक यूरोप, पुनीत दुडेजा डायरेक्टर-बिजनेस डेवेलपमेंट, डब्ल्यूजीएसएन और सोनिल जैन को-फााउंडर और सीईओ सॉटेक्स नेटवर्क और कई अन्य ने इन विषयों पर अपने अनुभवी विचार और गहन जानकारी को सभी के साथ सांझा किया।

## सुंदर कांड पाठ का आयोजन 23 अप्रैल को



गुरुग्राम। सैक्टर 21, 22, 23, 23ए व पालम विहार की सीनियर सिटीजन फोरम द्वारा 23 अप्रैल, शनिवार को सैक्टर 23 स्थित सामुदायिक भवन में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष ओपी शर्मा ने कहा कि सैक्टर 23 के सामुदायिक भवन में आयोजित होने वाले सुंदर कांड पाठ के दौरान संस्था के सदस्यों सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के अनन्य सेवक हनुमान जी की स्तुति करने से सभी प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं और श्रद्धालुओं को यश व वैभव की प्राप्ति होती है।

# परिवहन मंत्री ने फरीदाबाद व पलवल जिले को दी पुलों की सौगात

होडल , प्रात: किरण संवाददाता



बीजेपी जिला कार्यकारिणी के सदस्य मोनू कालडा ने परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व क्षेत्रीय विधायक जगदीश नायर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिवहन मंत्री ने फरीदाबाद व पलवल जिले के लोगों की पिछले काफी समय से चली आ रही पुलों की मांगों पर जो मंजूरी की मोहर लगाई है वह बहुत ही सराहनीय है। उन्होने कहा कि मंत्री गडकरी ने फरीदाबाद से हरियाणा-यूपी बॉर्डर तक नेशनल हाइवे पर जल्द दस पुल व अंडर पास बनवाने की मंजूरी दी है। कालडा ने बताया कि मेवला महारपुर से सेक्टर 45-46 को जाने वाली सडक पर वीयूपी का निर्माण, गांव बघौली में वीयूपी का निर्माण, गांव फुलवाडी में वीयूपी, पलवल असावटा मोड से ओमेक्स क्रांसिग के सामने अंडर पास, औरंगाबाद-मितरौल में नेशनल हाइवे अंडर पास, गांव तुमसरा में अंडर पास, गांव खटैला में अंडर पास, गांव मुंडकटी में अंडर पास तथा गांव भुलवाना के पास वीयूपी पुल का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की मांग परिवहन मंत्री गडकरी ने उन्हें दस दिन के अंदर कमेटी का गठन पर इन पुलों का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार जनता के सभी वायदों का खरा उतरी है और उन्होंने हमेशा जनता का भला किया है। इस मौके पर उनके साथ मंडलाध्यक्ष प्रेमराज तंवर ने भी मुख्यमंत्री, मंत्री व क्षेत्रीय विधायक का आभार व्यक्त किया है।

# राज्यपाल से मिले गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने हरियाणा के राज्यपाल एवं कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय से शिष्टाचार भेंट की। दोनों के बीच करीब विवि के कई मुद्दों पर करीब एक घंटे तक चर्चा हुई। कुलपति ने विश्वविद्यालय की शिक्षा, विश्वविद्यालय द्वारा नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए की जा रही पहल, स्वास्थ्य और ग्रामीण उत्थान के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्य से राज्यपाल को अवगत करवाया। छात्रों को रोजगारोन्मुखी व व्यवसायिक शिक्षा मिले इसके लिए गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने दुनिया भर के प्रमुख संस्थानों के साथ एमओयू साइन किया है, ताकि सहयोगी अनुसंधान के लिए संबंध स्थापित हो सके। छात्रों को इससे लाभ प्राप्त हो। भेंटवार्ता के दौरन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि जीयू विश्वस्तरीय और गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान के लिए कृतसंकल्प है। गुरुग्राम विश्वविद्यालय राष्ट्रीय-शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप व्यवसायिक, शार्ट टर्म कोर्सेज तथा स्थानीय मांग के आधार पर संभावनाएं तलाश कर नए कोर्सेज प्रारम्भ करने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर सेक्टर-87 में करीब 48 एकड़ जमीन पर बन रहे गुरुग्राम विश्वविद्यालय के नए परिसर के निर्माण से सम्बंधित जानकारी भी राज्यपाल को दी।

## अघोषित कटों को लेकर आरडब्ल्यूए ने एसई को लिखा पत्र

गुरुग्राम। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लग रहे लंबे अघोषित बिजली कटों के कारण गर्मी के मौसम में लोगों का हाल-बेहाल हो गया है। इसी को लेकर आरडब्ल्यूए सैक्टर 57 के अध्यक्ष एसएस यादव, अक्षय भाटिया, एसएस राघव, राकेश कटोच, जगदीश प्रसाद, पवन कपूर, संजय रहेजा, राजीव कोचर, अमरनाथ आदि ने दक्षिण हरियाणा विद्युत वितरण निगम के सुपरिटेंडिंग इंजीनियर (एसई) को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि बिजली कटों के कारण क्षेत्र की जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि गर्मी का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है, जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। ऐसे में यदि अघोषित बिजली कट लगते रहेंगे तो फिर क्षेत्र की जनता कैसे अपना गुजारा कर पाएगी। उन्होंने कहा कि पर्याप्त बिजली आपूर्ति न होने से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति भी समय पर नहीं हो पाती। सैक्टर में लगने वाले अवैध बिजली कटों को रोका जाए ताकि लोग इस भयंकर गर्मी में अपना जीवन सुकून से जी सकें।

# तेल व गैस की बचत आज सबसे बड़ी जरूरत : शशिकांत शर्मा

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



आज के समय में गैस व तेल लोगों के जीवन में सबसे बड़ी जरुरत बन गई है। इनके बचत के लिए सभी को जागरुक होने की आवश्यकता है। पानी की तरह गैस व तेल की बचत भी जरुरी है। उक्त बात सेक्टर-37 में आयोजित एलपीजी जागरूकता पंचायत में श्रृंगेरी गैस वितरक शशिकांत शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा 11 से 30 अप्रैल तक तेल व गैस सरंक्षण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत अधिकारी व वितरक गृहणियों, छात्राओं व अन्य लोगों को जागरुक करेंगे। तेल बहुमूल्य है, इसके भंडार बहुत सीमित हैं। दुर्भाग्यवश देश के पास अपना कम तेल है। ऐसे में हम सभी का दायित्व बढ़ जाता है। इसे ध्यान में रखकर सभी को जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि थोड़ी असावधानी से तेल व गैस व्यर्थ में बर्बाद हो जाता है। इसके प्रति गंभीर होना पड़ेगा। पर्यावरण व प्रकृति के लिए भी ईंधन का समझदारी से इस्तेमाल करना चाहिए उन्होंने कहा कि यदि गृहणियां किचन में थोड़ी सी सावधानी बरतें तो 30 फीसदी तक खाना पकाने की गैस और कैरोसिन बचा सकती हैं। छोटी-छोटी असावधानियों से अत्याधिक ईंधन व्यर्थ हो जाता है। उन्होंने बताया कि खाना बनाने वाले सभी आइटम तैयार करने के बाद ही गैस जलाना चाहिए। इतना ही नहीं बड़े बर्नर की लौ अनावश्यक रूप से न जलाए। इससे 135 ग्राम गैस नष्ट होता है। प्रेशर कुकर में खाना पकाना चाहिए। जब कोई भी आइटम उबलना शुरू हो जाए तो लौ कम कर दें। पानी की उचित मात्रा में उपयोग करें। इस तरह के छोटे-छोटे उपाए कर ईंधन को बचाया जा सकता है।

## फर्रूखनगर की कन्या पाठशाला की होगी कायापलट

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री मनोहर लाल का गुरुवार को गुरुग्राम दौरा फरूखनगर कस्बा की कन्या पाठशाला में पढने वाली छात्राओं के लिए वरदान साबित हुआ। इस पाठशाला में छात्राओं के कक्षा भवन की कमी का मामला मुख्यमंत्री के सामने रखा गया। इस मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को लागू करने वाला अग्रणी प्रदेश है। इसलिए शिक्षा विभाग से नया भवन बनाने की मंजूरी जल्द दिलवाई जाएगी। प्रस्ताव मंजूर होने का इंतजार किए बगैर निर्माण कार्य 20 दिन में शुरू कर दिया जाएगा। इस मामले में सर्व शिक्षा अभियान की जिला परियोजना समन्वयक कल्पना रंगा ने बताया कि इस पाठशाला का भवन बहुत ही जर्जर हो गया था जिसका सर्वेक्षण करवाकर तुड़वा दिया गया और उसके स्थान पर लगभग 1 करोड़ 60 लाख रुपये का नए भवन का एस्टीमेट बनाकर मुख्यालय भेजा गया है।

# योगासन प्रतियोगिता में मधुकर व भावना रही विजेता



पलवल , प्रात: किरण संवाददाता

जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन व युवा भारत पतंजलि के संयुक्त तत्वावधान में टीकरी ब्राह्मण में बृहस्पतिवार को प्रतिभा खोजो योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भगवान परशुराम संस्कार निर्मात्री समिति, टीकरी ब्राह्मण के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता का नेतृत्व योगाचार्य गुरमेश सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संयोजन वीरपाल भारद्वाज ने किया। निर्णायक की भूमिका सेवाराम कौशिक, कविता भारद्वाज, डॉ.महेश कुमार, डॉ. हरप्रसाद व टेकचंद अत्री ने निभाई। प्रतियोगिता के दौरान मधुकर भारद्वाज विजेता तथा राहुल अत्री उपविजेता रहा। लड़की वर्ग में भावना विजेता व प्राची उपविजेता बनी। पांच से आठ आयु वर्ग लड़के ध्रुव, उमेश, पूरब, हिमांशी, दिव्या व खुशबू, आठ से 10 आयु वर्ग में भविष्य, विकास, भावेश, भावना, चारू व छवि, 10 से 12 आयु वर्ग में मधुकर, सतीश, लोकेश, प्राची, पारुल व कविता, 12 से 14 आयु वर्ग में राहुल, दर्शन, पुष्कर, लक्की, काजल, तपस्या व टीना तथा 14 से 16 आयु वर्ग में मनीष, रोहित, लोकेश विजेता रहे।

## गाड़ौली खुर्द की प्रदूषण फैलाने वाली दो ईकाइयां बंद करने के सीएम ने दिए आदेश

गुरुग्राम। गांव गाड़ौली खुर्द के आबादी क्षेत्र में दो औद्योगिक ईकाईयों से होने वाले प्रदूषण के मामले में मुख्यमंत्री ने तत्काल फैसला सुनाते हुए आज ही उन्हें बंद करने के आदेश दिए। यह आदेश उन्होंने यहां जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में रखी गई, शिकायत पर संज्ञान लेते हुए दिए। इस मामले में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने शिकायतकर्ता की शिकायत को सही बताते हुए कहा कि निरीक्षण करने पर पाया गया कि जीन्स और कपड़ों की धुलाई का कार्य करने वाली दो यूनिट वहां लगी हुई है, जो पानी को प्रदूषित कर रही हैं। ये यूनिट प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से आवश्यक अनुमति और स्वीकृति लिए बगैर ही अवैध रूप से संचालित हो रही हैं। दोनों ईकाइयों में एफुलयुएंट ट्रीटमेंट प्लांट भी नहीं लगे हुए हैं। इन ईकाइयों को क्लोजर नोटिस दिया गया है। नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद बंद करने की अनुमति मुख्यालय से प्राप्त की जाएगी। इस पर मुख्यमंत्री ने बैठक में ही इन अधिकारियों को दोनों ईकाइयों को बंद करने के आदेश दिए।

# नालियों के उपर से लोहे के जाल चोरी वाहनों व लोगों के लिए बनी मुसीबत

होडल , प्रात: किरण संवाददाता

पुरानी जीटी रोड गोयल नर्सिंग होम चौक स्थित नाली पर लगे लोहे के दो जालों को पिछले दो सप्ताह पहले अज्ञात चोर चुराकर ले गए। जाल चोरी होने के बाद से खुली नालियां दोपहिया व चौपहिया वाहन चालकों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। इन खुली नालियों के कारण इनमें वाहन फसकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इसके अलावा यहां से पैदल निकलने वाले राहगिर भी आए दिन नाली में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। शहर के लोगों ने कई-कई बार संबंधिक नगर परिषद के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन इस समस्या की ओर कोई भी अधिकारी ध्यान देने को तैयार नहीं है। अधिकारियों की इस ओर अनदेखी को देख स्थानीय लोगों में नगर परिषद अधिकारियों के प्रति रोष व्याप्त है। गोयल नर्सिंग होम चौक पर सडक के बीचोंबीच बनी नालियों को ढकने के लिए लगाए गए लोहे के जाल में से दो जाल को लगभग दो सप्ताह पहले अज्ञात चोर चुराकर ले गए। जाल चोरी होने के बाद से खुली नाली वाहन चालकों व पैदल निकलने वाले राहगिरों के लिए मुसीबत बनी हुई है। इस में फसकर जहां चौपहिया व दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं वहीं पैदल राहगिर भी गिरकर घायल हो रहे हैं। शहर निवासी विजय कुमार, सुनील कुमार, योगेश तंवर, दीपक सिंगला, गुलशन गर्ग, जवाहर डूकसह, भविष्य बंसल के अलावा अन्य लोगों का कहना है अधिकारियों की इस ओर अनदेखी को देख स्थानीय लोगों में नगर परिषद अधिकारियों के प्रति रोष व्याप्त है। वहीं वार्ड पार्षद शीशपाल का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर परिषद के एसडीओ से नालियों पर जाल लगवाने की शिकायत की है, लेकिन अधिकारी हैं कि इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं की ओर अनसुनी करने वाले अधिकारियों की शिकायत केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से कर इनके खिलाफ कार्यवाही कराएंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में किया गया वृक्षारोपण

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



पूरे विश्व में 22 अप्रैल का दिन अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में नगर निगम गुरूग्राम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पटौदी रोड़ स्थित स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत स्कूल में पृथ्वी संरक्षण पर पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में वृक्षारोपण करने केसाथ ही पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। स्कूल के सभी विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में समझाया गया तथा बताया गया कि धरती पर कचरा बढने.से वायु व जल प्रदूषित हो रहे हैं। ऐसे में हमारा कत्र्तव्य है कि घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करके नगर निगम द्वारा अधिकृत वैंडर को सौंपें। प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े या जूट से बने थैले का प्रयोग करें। निगम द्वारा स्कूल में कपड़े के थैले भी वितरित किए गए तथा आह्वान किया गया कि सभी अपने शहर को साफ-सुथरा बनाने में अपना योगदान दें। इससे पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहायता मिलेगी। अंत में विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित भी किया गया और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर स्कूल के निदेशक मोहित यादव, प्रिंसीपल भारती यादव व अन्य स्टाफ सहित स्वच्छ भारत मिशन व एचएमएस की टीम उपस्थित थी।

# चीन-पाकिस्तान से निपटने सीमाओं की मजबूती जरूरी

1970 और 80 के दशक में चीन और पाकिस्तान के बीच संबंध विकसित हुए। इनसे मुकाबला करना भारत की पहल था। चीन-पाकिस्तान की धुरी दो मोर्चों पर युद्ध की संभावना को खोलता है, इसलिए भारत को सीमाओं पर अपने सुरक्षा तंत्र को मजबूत रखना अत्यंत जरुरी है। कुछ समय पहले तक, दो मोर्चों पर युद्ध की बातों ने दो परस्पर विरोधी मतों को जन्म दिया। मगर भारत की सेना का दृढ़ मत था कि चीन-पाकिस्तान सैन्य खतरा एक वास्तविक संभावना है, और हमें इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए क्षमताओं का विकास करना चाहिए। दूसरी ओर, सामान्य रूप से राजनीतिक वर्ग और देश के रणनीतिक समुदाय के मुख्य वर्ग ने महसूस किया कि अतिरिक्त संसाधनों और धन के लिए दबाव बनाने के लिए सेना द्वारा दो-मोर्चे के खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐतिहासिक रूप से, चीन ने कभी भी भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया है और भारत और चीन के बीच आर्थिक, राजनयिक और राजनीतिक संबंध दोनों देशों के बीच किसी भी सशस्त्र संघर्ष से इंकार करते हैं। नतीजतन, भारतीय रणनीतिक सोच पाकिस्तान और वहां से निकलने वाले सुरक्षा कारणों पर अत्यधिक केंद्रित थी। चीनी धन और सामग्री (चीनी निर्मित हथगोले सहित) का उपयोग करके पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को बनाए रखने में सक्षम है। जो सीमाओं पर भारत के सुरक्षा तंत्र के लिए खतरा है। वे म्यांमार और बांग्लादेश के साथ खुली और झरझरा सीमाओं का शोषण करके सीमा प्रबंधन को अस्थिर करने के अपने प्रयासों को मिलाने में सक्षम हैं। पीओके के माध्यम से चीन-पाकिस्तान इकनोमिक कॉरिडोर का पारित होना भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को प्रभावित करता है। पाकिस्तान सीमाओं पर दोनों सैन्य उद्देश्यों के लिए बेईदोउ का उपयोग करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे अमेरिका स्थित ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम पर उनकी निर्भरता समाप्त हो जाएगी। ऐसे में चीन-पाक की धुरी से निपटने के लिए सीमा ढांचे को मजबूत रखा चाहिए। बॉर्डर रोड इन्फ्रा अंतर-क्षेत्रीय और अंतर-क्षेत्रीय मुद्दों से संबंधित सुरक्षा चिंताओं को नियंत्रित करके शांति और स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है। बुनियादी ढांचे का निर्माण कर भारत सैनिकों की आवाजाही के लिए समय कम करने के लिए ढोला-सादिया पुल जैसे कुछ महत्वपूर्ण पुलों का भी निर्माण कर रहा है। भारत ने चीन को नियंत्रित करने के लिए उत्तर पूर्व में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को आक्रामक रूप से विकसित करने के लिए जापान के साथ हाथ मिलाया है। पाकिस्तान से घुसपैठ के प्रयासों का मुकाबला करने के लिए भारतीय सेना की शांति समय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए छह सीमा निगरानी प्रबंधन प्रणालियों (बीएसएमएस) की खरीद कर रहा है। बोल्ड-क्यूआईटी व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली (सीआईबीएमएस) के तहत तकनीकी प्रणालियों को स्थापित करने की एक परियोजना है, जो बीएसएफ को ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों के बिना बाड़ वाले नदी क्षेत्र में भारत-बांग्लादेश सीमाओं को विभिन्न प्रकार के सेंसर से लैस करने में सक्षम बनाती है। यूएवी और अन्य सर्विलांस गैजेट्स जो पहले से ही इंस्टालेशन के अधीन हैं, ने मानवीय त्रुटि के कारण होने वाली घटनाओं को काफी कम कर दिया है। मिनी यूएवी का उद्देश्य पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा और चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए टोही करना भी है। भारत को इस बात से चिंतित होने की जरूरत है कि चीन पीओके में उस अच्छी नीति को दोहराने की कोशिश कर रहा है जिसे उसने पहले तिब्बत, शिनजियांग और पूरे मध्य एशिया में लागू किया था। बीजिंग उन अंतरालों को भरने के लिए एक ऐतिहासिक अवसर की तलाश करेगा जहां भारत काफी हद तक विफल रहा है। पीओके की रणनीतिक स्थिति को दक्षिण, पश्चिम, मध्य और पूर्वी एशिया के संपर्क बिंदु के रूप में देखते हुए, चीन के इस कदम के महत्वपूर्ण यूरेशियन क्षेत्र में भारत की पहुंच को सीमित करने के निहितार्थ हैं। पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर सीमा प्रबंधन के लिए पारंपरिक दृष्टिकोण अर्थात केवल सीमा सुरक्षा पर ध्यान देना अपर्याप्त हो गया है। भारत को न केवल निर्बाधता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है, बल्कि सीमा नियंत्रण और निगरानी के लिए नई तकनीकों को अपनाने और डेटा के प्रवेश, विनिमय और भंडारण के लिए एकीकृत प्रणालियों के विकास के साथ, सुरक्षा कर्मियों और भारत की आंतरिक सुरक्षा को खतरे में डाले बिना पूर्ण प्रमाण सीमा सुरक्षा की सुविधा प्रदान करना भी है। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि चीन, एक उभरती हुई और आक्रामक, महाशक्ति, भारत के लिए बड़ा रणनीतिक खतरा है, जिसमें पाकिस्तान बीजिंग की भारत को नियंत्रित करने की रणनीति के लिए दूसरे क्रम का सहायक है। इसलिए, भारत को राजनीतिक रूप से भारत पर लक्षित चीन-पाकिस्तान नियंत्रण रणनीति के प्रभाव को कम करने के लिए वह करना चाहिए जो वह कर सकता है। एक शोध पत्र में कहा गया है कि दो मोर्चों के खतरे के परिदृश्य में, चीन के साथ सैन्य विषमता चौड़ी हो गई है जबकि पाकिस्तान के साथ पारंपरिक विषमता में अंतर कम हो रहा है। संयुक्त खतरे का मुकाबला करने के लिए, भारतीय सशस्त्र बलों को भारत-विशिष्ट सिद्धांत विकसित करने की आवश्यकता है। यह अंतरिक्ष युद्ध लड़ने और एलओसी और एलएसी के साथ प्रौद्योगिकी के साथ-साथ बूट्स ऑन द ग्राउंड को तैनात करने में मदद करेगा।

# मलिन बस्तियों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ता म्यूजियम स्कूल

रूबी सरकार

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की रहने वाली शिबानी घोष एक ऐसी महिला है, जिन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद न सिर्फ अपने परिवार के लिए बल्कि वंचित समुदाय के बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया. उनके इस संकल्प को पूरा करने में उनके पति प्रदीप घोष ने भी साथ दिया. शिबानी कहती हैं, कि उनके पति ने ही उन्हें ऐसा करने के लिए प्रेरित किया. बीएड की पढ़ाई खत्म होते ही पति प्रदीप ने कहा, क्या आप सिर्फ अपने परिवार के लिए नौकरी करेंगी या फिर जीवन में कुछ ऐसा करना चाहेंगी, जिससे समाज व देश का भला हो? इसके बाद जब शिबानी ने अपनी मंशा जाहिर की, तब पति ने ही उसे बढ़ावा दिया और कहा कि अपने परिवार के लिए कमाना, अपने बच्चों की परवरिश करना इतना ही महत्वपूर्ण है, जितना वंचित समुदाय के बच्चों के भविष्य के लिए कुछ नया करना. उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना. बस यही से शिबानी को अपना लक्ष्य दिखाई देने लगा. उसने सोचा यह बच्चे देश का भविष्य हैं. इन्हीं से समाज में बदलाव लाया जा सकता है. लेकिन वह पढ़ाने के पुराने ढर्रे से अलग कुछ ऐसा करना चाहती थी, जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति लगाव बढे.

यहीं से म्यूजियम स्कूल परवरिश की परिकल्पना मूर्त रूप ले लेने लगी. हालांकि यह काम इतना आसान नहीं था, इसमें काफी चुनौतियां रहीं. इन बच्चों को उनके काम से अलग करना, परिजनों की सहमति लेकर उन्हें शिक्षित करना. इसके लिए शिबानी को काफी मेहनत करनी पड़ी. सबसे पहले तो उन्हें मलिन बस्तियों में उन बच्चों को चिन्हित करना पड़ा, जिनकी पढ़ाई किसी न किसी वजह से छूट चुकी थी. चाहे वह आर्थिक कारणों से हो या पढ़ाई में रुचि न होने के कारण हो या फिर छोटी उम्र में काम पर लग जाने के चलते स्कूल से ड्रॉप आउट हो जाना या कोई और कारण. इन बच्चों में दोबारा पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करना मुश्किलों से भरा काम था. ऐसे बच्चे चिन्हित हो जाने के बाद शिबानी ने उसकी एक लिस्ट तैयार की. पहले 10 बच्चे, उसके बाद 20, फिर 50 और अब तो 100 से अधिक बच्चे हो गए हैं. शिबानी ने पहले अपनी जमा पूंजी से किराए पर बस लेकर घर-घर जाकर उन बच्चों को बस में बैठा के संग्रहालयों में लाना शुरू किया तथा उन्हें बिना किसी किताब-कापी के प्रकृति के खुले माहौल में एमपी बोर्ड स्तर की पढ़ाई के लिए तैयार करने लगी. शिबानी कहती है कि शिक्षा का अधिकार यानी राइट टू एजुकेशन पर बातें तो समाज में खूब होती हैं. परंतु इन बच्चों के लिए इस तरह के अधिकार का कोई मतलब नहीं है. बहरहाल इन बच्चों की बेहतरी के लिए इन्हें नेशनल म्यूजियम ऑफ मैनकाइंड, द रीजनल साइंस सेंटर और द रीजनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री के साथ मिलकर परवरिश म्यूजियम स्कूल शुरू किया गया. जहां एक भी क्लासरूम नहीं है और न शिबानी चाहती थी, कि बच्चे चारदीवारी में बंद हो जाएं. हर दोपहर, एक बस शहर भर की झुग्गियों से बच्चों को समेटकर भोपाल के किसी एक संग्रहालय में जाना, जहां दो घंटे तक

# रक्षा मंत्री की अमेरिका यात्रा

रूस के साथ रक्षा समझौते का क्रियान्वयन शुरू हुआ। इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान को प्रभावी रूप में आगे बढ़ाया गया। भारत अब रक्षा उत्पाद का प्रमुख निर्यातक बन रहा है। पचहत्तर देशों को भारत द्वारा रक्षा उत्पाद निर्यात किये जा रहे हैं। सीमा क्षेत्र पर व्यापक निर्माण कार्य किये गए। इस क्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा उपयोगी रही। उनकी यात्रा ऐसे समय में हुई जब रूस-यूक्रेन युद्ध चर्चा में है। इसमें नाटो देश भी लाचार नजर आ रहे हैं। भारत से ही सर्वाधिक अपेक्षा की जा रही है। रूस व यूक्रेन के राष्ट्रपति, भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता कर चुके हैं। रूस के विदेश मंत्री कुछ दिन पहले नई दिल्ली आए थे। अमेरिका भी भारत के महत्व को समझ रहा है। राजनाथ सिंह की पेंटागन में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ इसी माहौल में मुलाकात हुई।





डॉ. दिलीप अग्निहोत्री
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

रक्षा तैयारियों की दृष्टि से वर्तमान सरकार का कार्यकाल अभूतपूर्व रहा है। इस दौरान अनेक मोर्चों पर एक साथ कार्य किया गया। वर्षों से लंबित रक्षा समझौतों को पूरा किया गया। राफेल जैसे लड़ाकू विमान भारतीय वायुसेना में शामिल हुए। रूस के साथ रक्षा समझौते का क्रियान्वयन शुरू हुआ। इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान को प्रभावी रूप में आगे बढ़ाया गया। भारत अब रक्षा उत्पाद का प्रमुख निर्यातक बन रहा है। पचहत्तर देशों को भारत द्वारा रक्षा उत्पाद निर्यात किये जा रहे है। सीमा क्षेत्र पर व्यापक निर्माण कार्य किये गए।

इस क्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा उपयोगी रही। उनकी यात्रा ऐसे समय में हुई जब रूस-यूक्रेन युद्ध चर्चा में है। इसमें नाटो देश भी लाचार नजर आ रहे हैं। भारत से ही सर्वाधिक अपेक्षा की जा रही है। रूस व यूक्रेन के राष्ट्रपति, भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता कर चुके हैं। रूस के विदेश मंत्री कुछ दिन पहले नई दिल्ली आए थे। अमेरिका भी भारत के महत्व को समझ रहा है। राजनाथ सिंह की पेंटागन में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ इसी माहौल में मुलाकात हुई। इसमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा राजनाथ सिंह ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की। उन्होंने भारत-अमेरिका के वर्चुअल शिखर सम्मेलन में भाग लिया। जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ने संबोधित किया।

राजनाथ सिंह और ऑस्टिन वार्ता के बाद साझा बयान जारी किया गया। इसमें कहा गया कि दोनों देश रक्षा साझेदारी को मजबूत करने और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में गुणवत्ता और दायरे को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगे। सैन्य संबंध सूचना साझाकरण, उन्नत रसद सहयोग और संगत संचार व्यवस्था के तहत सशस्त्र बलों की क्षमता पर विचार किया गया। विशेष ऑपरेशन संबंधी सहयोग बढ़ाया जाएगा। दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग भी मजबूत होगा। भारत और अमेरिकी कंपनियों के बीच सह विकास, सह उत्पादन की आवश्यकता है। रक्षा उपकरणों के निर्माण और रखरखाव के लिए अमेरिकी कंपनियों को भारत में आमंत्रित किया गया। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति के सभी पहलुओं की समीक्षा की गई। हिंद प्रशांत और व्यापक हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी के महत्व को स्वीकार किया।

भारत अमेरिका के बीच टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता हुई। राजनाथ सिंह व एस जयशंकर ने अमेरिकी समकक्षों के साथ टू प्लस टू वार्ता में हिस्सा लिया। दोनों देशों के बीच पिछली टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता दो वर्ष पूर्व नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने पिछले साल सितंबर में वाशिंगटन में द्विपक्षीय टू प्लस टू अंतर-सत्रीय बैठक की और दक्षिण एशिया, भारत-प्रशांत क्षेत्र और पश्चिमी हिंद महासागर में विकास पर आकलन का आदान-प्रदान किया था। इसी क्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी वाणिज्य सचिव रैमोंडो से वार्ता की। दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। हमारा लक्ष्य आपूर्ति परिवर्तन के लचीलेपन और विश्वसनीयता और व्यापार में विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाना है। जयशंकर ने व्यापार मामलों की राजदूत कैथरीन से भी मुलाकात की। इसमें द्विपक्षीय व्यापार पर चर्चा और वैश्विक स्थिति पर विचार किया गया।

इस दौरान राष्ट्रपति बाइडेन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वुर्चअल बैठक भी महत्वपूर्ण रही। इस बैठक पर दुनिया की निगाहें थीं। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ शामिल हुए थे। चार चरणों में हुई वार्ता द्विपक्षीय संबंधों की दृष्टि से उपयोगी रही। अमेरिका ने भारत को आश्वस्त किया कि चीन के बढ़ते आक्रामक रुख के विरुद्ध सहायता देगा। बाइडेन ने यूक्रेन के लोगों को भारत की ओर से भेजी गई मानवीय सहायता का स्वागत किया। अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका भारत प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा और कानून के शासन को बढ़ावा देने के लिए भारत और क्वाड भागीदारों के साथ काम करना जारी रखेगा। आर्थिक सुधार और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए भारत और क्वाड भागीदारों के साथ काम करता रहेगा। अमेरिका इस बात से अवगत है कि भारत और रूस स्वाभाविक सहयोगी हैं। भारत किसी तीसरे देश के साथ अपने संबंधों को राष्ट्रीय हितों को देखते हुए प्रतिकूल प्रभाव डालने की अनुमति नहीं देगा। राजनाथ सिंह ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा तैयारियों पर यूक्रेन में जारी युद्ध की वजह से पड़ने वाले किसी भी प्रभाव से इनकार किया। हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कोई समस्या होगी। भारत के पास यह सुनिश्चित करने की क्षमता है कि अगर कोई समस्या आती है तो वह उससे निपट सकता है।

राजनाथ सिंह को अमेरिका के रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन में विशिष्ट सम्मान दिया गया। विशिष्ट सम्मान बेहद खास अतिथियों को ही दिया जाता है। सामान्य सम्मान के तहत अतिथियों का पेंटागन की सीढ़ियों पर सम्मान किया जाता है। हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया जाता है। विशिष्ट सम्मान के तहत दोनों देशों के राष्ट्रगान बजाए जाते हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों के संबंधों में स्थिरता और निरंतरता है। इसे बनाए रखने में दोनों देशों की अहम भूमिका रही है। राजनाथ सिंह ने चीन को भी कड़ा संदेश दिया। कहा कि अगर हमें नुकसान पहुंचा तो भारत किसी को नहीं छोड़ेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक शक्तिशाली देश के रूप में उभरा है और हम दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। किसी देश के साथ हमारे संबंध किसी अन्य देश के साथ संबंधों की कीमत पर नहीं हो सकते।

# गौमूत्र : कुछ हकीकत भी या केवल फसाना ?

इस दिन पूरे देश में हिन्दू समाज के लोग देसी गायों की पूजा करते हैं तथा गऊ माता से प्रार्थना करते हैं। गाय के दूध में भैंस के दूध की तुलना में कई विशेषतायें होती हैं। उदाहरण के तौर पर गाय के एक कप दूध से 8 ग्राम प्रोटीन प्राप्त होता है। चूँकि इसमें वसा की मात्रा कम होती है इसलिये वजन को नियंत्रित रखने हेतु गाय का दूध श्रेष्ठ माना गया है। भैंस के 1 कप दूध में 285 .5 कैलोरी होती है जबकि गाय के एक कप दूध में केवल 160 कैलोरी ही होती है। सुपाच्य होने कारण डॉक्टर्स भी बच्चों को गाय का दूध पिलाने की ही सलाह देते हैं। गाय के दूध के और भी अनेक फायदे बताये गये हैं। जैसे कि इसके लगातार प्रयोग से हार्ट, डाईबिटीज, कैंसर, टीबी व हैजा जैसी बीमारियां दूर रहती हैं। गाय का दूध बच्चों के दिमागी विकास के लिए भी अत्यंत फायदेमंद माना गया है।





निर्मल रानी
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

गाय विशेषकर देसी गाय का हमारे देश में कितना महत्व है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसे भारत का बहुसंख्यक हिन्दू समाज गऊ माता कहकर संबोधित करता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी पर्व बाकायदा पूरी श्रद्धा एवं धार्मिक विश्वास के साथ एक त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। इस दिन पूरे देश में हिन्दू समाज के लोग देसी गायों की पूजा करते हैं तथा गऊ माता से प्रार्थना करते हैं। गाय के दूध में भैंस के दूध की तुलना में कई विशेषतायें होती हैं। उदाहरण के तौर पर गाय के एक कप दूध से 8 ग्राम प्रोटीन प्राप्त होता है। चूँकि इसमें वसा की मात्रा कम होती है इसलिये वजन को नियंत्रित रखने हेतु गाय का दूध श्रेष्ठ माना गया है। भैंस के 1 कप दूध में 285.5 कैलोरी होती है जबकि गाय के एक कप दूध में केवल 160 कैलोरी ही होती है।

सुपाच्य होने कारण डॉक्टर्स भी बच्चों को गाय का दूध पिलाने की ही सलाह देते हैं। गाय के दूध के और भी अनेक फायदे बताये गये हैं। जैसे कि इसके लगातार प्रयोग से हार्ट, डाईबिटीज, कैंसर, टीबी व हैजा जैसी बीमारियां दूर रहती हैं। गाय का दूध बच्चों के दिमागी विकास के लिए भी अत्यंत फायदेमंद माना गया है। चूँकि यह प्राकृतिक रूप से हल्का मीठा होता है इसकी वजह से यह पित्त और गैस की समस्या से भी निजात दिलाता है। माना जाता है कि दूध में गुड़ मिलाकर इसका सेवन करने से मूत्राशय से संबंधित रोगों में भी आराम मिलता है।

परन्तु हिन्दू समाज जोकि प्रायः जल, सूर्य, वायु और पीपल की तरह जहाँ मानव के लिये लाभप्रद अनेकानेक प्राकृतिक चीजों के प्रति श्रद्धावान होकर उनकी पूजा करता है उसी तरह गाय को भी माता का दर्जा देते हुये उसकी आराधना करता है। उधर खांटी हिंदुत्ववादी पौराणिक कहानियों और धार्मिक शास्त्र सम्मत ग्रंथों को विज्ञान का आधार मान कर गौमूत्र को रामबाण औषधि स्वीकार करते हैं। हालाँकि यह बात भी सच है कि देश का बहुसंख्य हिन्दू समाज भले ही गाय को गऊ माता के रूप में स्वीकार कर उसकी पूजा करता हो व उसके प्रति श्रद्धा रखता हो।

परन्तु वही बहुसंख्य हिन्दू समाज गौमूत्र और गाय के गोबर के लाभप्रद होने पर विश्वास नहीं करता। विशेषकर तर्कशील, वैज्ञानिक सोच व स्वभाव के लोग तो गौमूत्र व गाय के गोबर को औषधि के रूप में हरगिज स्वीकार नहीं करते। बल्कि ऐसा करने व सोचने वालों का तार्किक रूप से विरोध भी करते हैं। दो वर्ष पूर्व जब कोरोना के कहर के समय कुछ अति उत्साही हिंदूवादी संगठन के कुछ लोग व इसी विचारधारा के चंद नेता गौमूत्र के सेवन तथा गाय के गोबर के लेप से कोरोना महामारी से बचाव का प्रचार कर रहे थे। उस समय भी वैज्ञानिक सोच रखने वालों व डॉक्टर्स ने इन प्रयासों का विरोध किया था।

हैरानी की बात तो यह कि भारत सरकार के आयुष मंत्रालय, विज्ञान व टेक्नोलॉजी तथा और भी कई केंद्रीय मंत्रालयों ने भावी शोधार्थियों से कथित तौर पर देसी गाय के दूध के साथ साथ उसके मूत्र व गोबर के भी औषधीय गुणों पर शोध प्रस्तावना मांगी थी। सरकार के इस कदम के बाद ही देश और दुनिया के 576 वरिष्ठतम वैज्ञानिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर गौमूत्र व गोबर को लेकर इस तरह का प्रचार बंद कराने की मांग की थी। हस्ताक्षर कताओं में देश के लगभग सभी अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ वैज्ञानिक शामिल थे जिनमें कि ज्यादातर हिन्दू धर्मावलंबी वैज्ञानिक ही थे।

गौमूत्र का लाभ और किसी को मिले या न मिले परन्तु इसको व्यवसाय बनाकर देश के अनेक बाबा रुपी चतुर्बुद्धि लोग भोले भाले भारतीय हिन्दू समाज से अब तक अरबों रुपए जरूर कमा चुके हैं और कमा रहे हैं। इन बाबाओं से आपने गौमूत्र के गुणों का बखान तो टी वी पर या सार्वजनिक सभाओं में जरूर सुना होगा परन्तु इन्हें स्वयं गौमूत्र का सेवन करते कभी नहीं देखा होगा। जब इन गौमूत्र विक्रेता व्यवसायियों पर किसी भी तरह का शारीरिक कष्ट आता है तो यह स्वयं गौमूत्र का प्रयोग नहीं करते बल्कि वे एलोपैथी चिकित्सा पद्धति की शरण में जाते हैं।

परन्तु स्वयं गौमूत्र के कथित लाभ की भरपूर मार्केटिंग जरूर करते हैं। आश्चर्य तो इस बात का है कि मंत्री, सांसद व विधायक जैसे जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग भी बिना किसी तर्क बिना किसी वैज्ञानिक आधार के गौमूत्र व गोबर के कथित लाभ की वकालत करने लगते हैं। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्म पाल सिंह तो मेरठ में पत्रकार सम्मलेन में गाय के प्रति अपनी श्रद्धा एवं अंधविश्वास की सभी सीमायें पार कर गये। उन्होंने ज्ञान वर्धन किया कि गौमूत्र छिड़कने से भूत प्रेत और वास्तु दोष जैसी समस्याओं से निजात मिलती है। अपनी ज्ञान गंगा प्रवाहित करते हुये उन्होंने फरमाया कि गाय के गोबर में लक्ष्मी का वास होता है जबकि गौमूत्र में गंगा मैय्या का वास होता है। कुछ अति आस्थावान परन्तु अतार्किक व अशिक्षित लोग गौमूत्र को कैंसर जैसी असाध्य बीमारी के लिये भी रामबाण औषधि मानते हैं। जबकि वैज्ञानिकों के अनुसार गौमूत्र में 95 प्रतिशत पानी के अतिरिक्त पोटेशियम, सोडियम, फास्फोरस और क्रिएटिनिन जैसे खनिज होते हैं। और इनमें से कोई भी तत्व कैंसर-रोधी या कैंसर को समाप्त करने वाला नहीं है। कैंसर का इलाज केवल एलोपैथिक पद्धति से की जाने वाली कीमियोथ्रैपी ही है गौमूत्र सेवन हरगिज नहीं। हां गौमूत्र खेतों में डालने वाली चीज जरूर है खेतों में इसके प्रयोग से मिटटी को उपजाऊ बनाया जा सकता है।

वैज्ञानिकों के अनुसार गौमूत्र लगभग इंसानों के मूत्र जैसा ही होता है। दरअसल प्राकृतिक रूप से किसी भी प्राणी के शरीर से बाहर निकलने वाला कोई भी तत्व जैसे मल-मूत्र, पसीना, पस, नाक आंसू आदि कुछ भी मानव के खाने या पीने योग्य नहीं होते। गौमूत्र के कथित फायदों के प्रति आस्था रखने वालों को यह भी सोचना चाहिये कि जो पश्चिमी देशों के वैज्ञानिक नीम जैसी अनेक आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों की उपयोगिता को स्वीकार कर चुके हैं। क्या वे अब तक गौमूत्र या गाय के गोबर की औषधीय विशेषता पर खामोश रहते ? और भारत में यदि इसे सर्वमान्य स्वीकृति प्राप्त होती तो इसे चंद ह्यचतुर व्यवसायियों ह्य के अतिरिक्त और भी अनेक कम्पनियाँ बेच रही होतीं। अस्पतालों में चिकित्सकों द्वारा मरीजों को गौमूत्र और गाय का गोबर इस्तेमाल करने को प्रोत्साहित किया जा रहा होता। भारत सहित पूरे विश्व में इसका व्यवसाय फलता फूलता। परन्तु चूँकि यह पूर्णतयः अवैज्ञानिक और केवल आस्था से जुड़ा विषय है इसीलिये इसे वैश्विक स्वीकार्यता हासिल नहीं। कुल मिलाकर गौमूत्र को लेकर हकीकत कम फसाना ज्यादा प्रतीत होता है।

# वर्ल्ड अर्थ डे (22 अप्रैल) पर विशेष : आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी ?

योगेश कुमार गोयल

इस साल मार्च महीने से ही भीषण गर्मी का जो कहर देखा जा रहा है, उसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। न केवल मार्च बल्कि अप्रैल मध्य तक तापमान प्रायः सामान्य ही रहता था लेकिन इस बार तापमान जिस तरह के रिकॉर्ड तोड़ रहा है, ऐसे में पूरी संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में पृथ्वी और ज्यादा तीव्रता के साथ तपेगी और भारत में लोगों को लू का भयानक कहर झेलना पड़ सकता है। वैसे न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाने तथा पृथ्वी को संरक्षण प्रदान करने के साथ दुनिया के समस्त देशों से इस कार्य में सहयोग व समर्थन हासिल करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। पृथ्वी दिवस पहली बार बड़े स्तर पर 22 अप्रैल 1970 को मनाया गया था और तभी से केवल इसी दिन यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। उस समय अमेरिकी सीनेटर गेलार्ड नेल्सन द्वारा पृथ्वी को संरक्षण प्रदान करने के लिए इस महत्वपूर्ण दिवस की स्थापना पर्यावरण शिक्षा के रूप में की गई थी, जिसे अब दुनिया के कई देशों में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। दरअसल, धरती की सेहत बिगाड़ने और इसके सौन्दर्य को ग्रहण लगाने में समस्त मानव जाति जिम्मेदार है। आधुनिक युग में सुविधाओं के विस्तार ने पर्यावरण को सर्वाधिक क्षति पहुंचाई है और निरन्तर हो रहा जलवायु परिवर्तन इसी की देन है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं और वर्ष 2015 में पेरिस सम्मेलन में 197 देशों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए अपने-अपने देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने और 2030 तक वैश्विक तापमान वृद्धि को 2 डिग्री तक सीमित करने का संकल्प लिया था। इसके बावजूद इस दिशा में अभी तक कोई ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। हालांकि प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से लगातार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में स्थिति की गंभीरता का संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर प्रकृति से भयानक खिलवाड़ के खतरनाक नतीजे होंगे लेकिन अपेक्षित कदम अबतक नहीं उठाए गए। जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हम यह समझना नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि अपने विनाश का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पृथ्वी का तापमान यदि इसी प्रकार बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पलभर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह मार्च महीने में ही 40 के पार रहने लगा है। यदि पृथ्वी का तापमान इसी प्रकार बढ़ता रहा तो इससे एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में वृद्धि होगी, वहीं पृथ्वी का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा। इसके साथ एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे। पृथ्वी का तापमान बढ़ते जाने का प्रमुख कारण ग्लोबल वार्मिंग है, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की देन है। पेट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 7.9 अरब हो चुकी है। अब विचारणीय तथ्य यही है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 अप्रैल 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### प्रतिबंधित पशु वध करने वालों की तलाश में डाली दबिश

हसनपुर। प्रतिबंधित पशु वध के फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस ने दबिश डाली। आरोपी घर से फरार हैं। उधर, मौके से पकड़े गए दो सगे भाइयों का चालान किया जाएगा। पुलिस को खबर लगी की मोहल्ला लालबाग के एक घर में गोवंशीय पशु का वध किया जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां पशु का वध किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से करीब 60 किलो मांस व पशु की खाल आदि अवशेष बरामद किए थे। मांस परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। पशु चिकित्सक ने मांस प्रतिबंधित पशु का बताया है। प्रभारी निरीक्षक पीके चौहान ने बताया कि मोईन व बिलाल पुत्रगण नईम को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। दो लोग भागने में सफल रहे। चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। फरार आरोपियों की तलाश में दबिश डाली गई है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### तहसील भवन के विरोध में उतरा सदर तहसील बार एसोसिएशन

अमरोहा। सदर तहसील बार एसोसिएशन भी डिडौली में अमरोहा तहसील के नवीन भवन निर्माण के विरोध में उतर आई है। तहसील भवन निर्माण के प्रस्ताव में डिडौली में चिह्नित की गई भूमि के प्रस्ताव को राजस्व परिषद में भेजे जाने की निंदा कर इसे निरस्त कराने की मांग की है इस बाबत अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कहा कि अमरोहा तहसील के पास ही दो से तीन किलोमीटर की परिधि में नवीन तहसील भवन का निर्माण कराया जाए। डिडौली में तहसील भवन निर्माण के लिए जो भूमि चिह्नित की गई है, उसके प्रस्ताव को निरस्त किया जाए। इस दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष हुकम सिंह चौहान, महासचिव मोहम्मद शौकीन मंसूरी, पुष्कर लाल गुप्ता, विमल किशोर वंदे मातरम, सऊद आसिफ, मंसूर अहमद, अमजद इदरीसी, अली इमाम रिजवी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### चेयरपर्सन शशि जैन ने की तहसील भवन निर्माण के प्रस्ताव को निरस्त कराने की मांग

अमरोहा। नगर पालिका चेयरपर्सन शशि जैन ने अमरोहा तहसील के नए भवन निर्माण के लिए अनुचित प्रस्ताव राजस्व परिषद को भेजने का आरोप लगाया। चिह्नित की गई भूमि का प्रस्ताव निरस्त कराने की मांग की। तहसील मुख्यालय के आसपास भवन निर्माण कराने की मांग की। इस बावत उन्होंने गुरुवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर राजस्व परिषद अध्यक्ष को संबोधित ज्ञापन डीएम को भी सौंपा। कहा कि अमरोहा तहसील भवन निर्माण के लिए डिडौली में भूमि चिन्हित की गई है जबकि अमरोहा से डिडौली की दूरी 11 किमी है। ऐसे में फरियादियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। प्रस्ताव को निरस्त कराते हुए गुलड़िया के आसपास अमरोहा तहसील के नए भवन का निर्माण कराने की मांग की।

### छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के संबंध में किया जागरूक

चांदपुर। पदमावत महिला थाना चांदपुर में मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चला, जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओ/छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गई।

# बाढ़ एक प्राकृतिक आपदा, जिले के लोगों की जान व माल सुरक्षित रखने के लिए शासन एवं प्रशासन कटिबद्ध: डीएम

## विभागीय अधिकारी पूर्व में ही समुचित तैयारियां व व्यवस्थायें सुनिश्चित कर लें

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों व समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित गांवों अथवा उनके निकट बाढ़ चैकी स्थापित करें और वहां पर जिम्मेदार एवं चुस्त कर्मचारियों को तैनात किया जाये। उन्होंने बाढ़ की स्थिति में जिले में नाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा गोताखोरों के नाम व मोबाइल नम्बर की सूची बनाने के निर्देश समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को दिये ताकि बाढ़ के सम्भावित संकट से निपटने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कहा कि बाढ़ एक प्राकृतिक आपदा है, इस संकट से जिले के लोगों की जान व माल सुरक्षित रखने के लिए शासन एवं प्रशासन कटिबद्ध है। उन्होने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए जरूरी है कि पूर्व में ही समुचित तैयारियां और व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जायें ताकि किसी भी स्तर पर नुकसान न होने पाये। उन्होने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का बारीकी से मुआयना कर लिया जाये और प्रभावित गांवों अथवा उनके निकट बाढ़ चैकियां स्थापित की जायें। इसके अलावा तहसील स्तर पर भी उप बाढ़ कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जाये, ताकि तत्काल सहायता एवं व्यवस्था की जा सके। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि जिले में पशु की सुरक्षा की जिम्मेदारी पशुधन विभाग की है। अतः बाढ़ के दृष्टिगत पशुओं की सुरक्षा एवं उनके चारे की व्यवस्था के लिए कार्य योजना बनायें ताकि समय पर किसी भी प्रकार से चारे का संकट पैदा न होने पाये। उन्होने खाद्यान्न की समुचित व्यवस्था के लिए जिला पूर्ति अधिकारी एवं स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए अधिशासी अभियन्ता जलनिगम को नामित किया। उन्होंने जल निगम विभाग के अभियंता को यह भी निर्देश दिये कि जिन गांवो में बाढ़ की हालत में पानी जमा हो जाता है, वहां ऊँचे पलेटफार्म बनवाकर पूर्व में ही हैण्डपम्प लगवायें ताकि प्रभावित ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होती रहे। उन्होने सिचाई एवं लोनिवि के अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त बन्धों एवं सड़कों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया जाये। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि अपने अपने क्षेत्रों में बाढ ग्रस्त क्षेत्रो का मौके पर जाकर निरीक्षण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के0पी0 सिंह, अपर जिलाधिकारी वि/रा अरविंद कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार, समस्त ई०ओ०, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### 21 दिनों में 17 किसानों से हुई 566 कुंतल गेहूं खरीद

अमरोहा। सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद में हीला हवाली चल रही है। गेहूं खरीद से संबंधित व्यवस्थाएं अभी तक भी दुरुस्त नहीं हो पाई हैं। कुछ केंद्रों पर ई-पॉस मशीन तक नहीं है। अव्यवस्थाओं के बीच जिले में बीते 21 दिन के दौरान केवल 17 किसानों से मात्र 566 कुंतल गेहूं की ही खरीद की जा सकी है। हालात तब है, जबकि जिले में 30 फीसदी से ज्यादा गेहूं की कटाई और थ्रेसिंग का कार्य पूरा हो चुका है जिले में गेहूं खरीद के लिए 42 केंद्र खोले गए हैं। एक अप्रैल से सभी केंद्रों पर गेहूं खरीद शुरू होनी थी। इसके उलट 21 दिन बाद भी अधिकांश केंद्रों पर गेहूं खरीद शुरू नहीं हो सकी है। विभागीय आंकड़ों पर गौर करें तो 42 में से सात केंद्रों का ही खाता खुल पाया है। यहां भी मात्र 17 किसानों से अब तक 566 कुंतल गेहूं खरीद की जा सकी है। 35 केंद्रों पर गेहूं के एक दाने तक की खरीद नहीं हो सकी है। यहां सन्नाटा पसरा है। सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की आवक नहीं बढ़ रही है। क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद से संबंधित सभी व्यवस्थाएं भी दुरुस्त नहीं हैं। कुछ क्रय केंद्र पर ई-पॉस मशीन भी नहीं है। इसके चलते गेहूं खरीद प्रभावित हो रही है। डिप्टी आरएमओ सुभाष सिंह ने बताया कि क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद में सुधार का प्रयास जारी है। यदि क्रय केंद्रों पर गेहूं नहीं आता है, तो जिले में मोबाइल क्रय केंद्रों के जरिए गेहूं खरीद की जाएगी।

## आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं पर्व : डीएम



अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

आगामी त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था कायम रखने को लेकर गुरुवार को डीएम बीके त्रिपाठी ने कलक्ट्रेट सभागार में धर्मगुरुओं व प्रबुद्धजनों की बैठक ली। आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ त्योहार को मनाने की अपील की। जिले की गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखने पर जोर दिया। कहा कि किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न करें। लाउडस्पीकर के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया। जुलूस आदि निकालने की स्थिति में आयोजकों के स्तर पर शांति व्यवस्था कायम रखने का शपथ पत्र देने को जरूरी बताया। किसी भी अप्रिय स्थिति में जिम्मेदारी संबंधित आयोजक की ही होगी। कहा कि धर्म स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की आवाज निर्धारित मानक अनुरूप रहे। जुलूस में कोई भी घातक अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग नहीं करें। किसी धर्म विशेष की भावना को ठेस पहुंचाने वाला भड़काऊ भाषण देने से भी बचें। नियमों का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी। एसपी विनीत जायसवाल ने कहा कि अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। माहौल खराब करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। कानून व्यवस्था को चोट पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इस दौरान जिम्मेदार पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी, धर्मगुरु प्रबुद्ध वर्ग मौजूद रहा।

### महिलाओं से अश्लील इशारे कर रहे युवक को दबोचा

जोया। सरकारी अस्पताल के पास खड़े होकर महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कस रहे युवक को एंटी रोमियो टीम ने दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। डिडौली कोतवाली की एंटी रोमियो टीम में शामिल महिला कांस्टेबल पूजा, सोनिया व धर्ममित्रा के अलावा पुलिसकर्मी रिंकू कुमार संदिग्धों व मनचलों की धरपकड़ के लिए जोया कस्बे में गश्त कर रहे थे। इस दौरान लोगों से सूचना मिली कि सरकारी अस्पताल के नजदीक अंडरपास के करीब खड़ा युवक रास्ते से गुजर रहीं महिलाओं और लड़कियों पर कमेंट कर अश्लील इशारे कर रहा है। एंटी रोमियो टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को घेरकर हिरासत में ले लिया। बकौल पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम रिजवान पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी गांव मखदुमपुर थाना नौगावां सादात कुबूल किया। एसओ सुनील मलिक ने बताया कि महिला कांस्टेबल धर्ममित्रा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी रिजवान का चालान किया गया है।

## चौथी लहर की आहट से अलर्ट पर स्वास्थ्य विभाग

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रफ्तार पकड़ते कोरोना संक्रमण के बीच बनी चौथी लहर की आशंका चलते जिले का स्वास्थ्य विभाग चौकन्ना हो गया है। स्वास्थ्य अफसरों ने अस्पतालों में बेड, ऑक्सीजन, दवाओं व स्टाफ की व्यवस्थाओं को रीचेक करना शुरू कर दिया है।

दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ती जा रही है। यहां रोजाना मिलने वाले नए केसों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। रफ्तार पकड़ते कोरोना संक्रमण के बीच बनी चौथी लहर की आशंका को देखते हुए जिले का स्वास्थ्य विभाग भी चौकन्ना हो गया है। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों में कमजोर इम्युनिटी के कारण संक्रमण के खतरे को देखते हुए एहतियातन जरूरी कदम उठाने की रिहर्सल शुरू कर दी गई है।

बीते कोरोनाकाल के दौरान लोगों ने जिस तरह से महामारी के दंश को झेला है, इसे देखते हुए संक्रमण की रोकथाम करने को महकमा कोई भी कोर-कसर बाकी छोड़ने के मूड में नहीं है। यही वजह है कि विभाग की कवायद के बाद सप्ताहभर में ही कोरोना टीकाकरण की रफ्तार बढ़कर दोगुना हो गई है। जांचों की संख्या भी बढ़कर डेढ़ गुना हो गई है। स्वास्थ्य अफसरों ने कोविड अस्पताल से लेकर तीनों एल-1 सेंटरों व पीकू वार्ड में बेड, ऑक्सीजन, मेडिकल उपकरण, दवाओं, चिकित्सक व स्टाफ की व्यवस्थाओं को रीचेक करना शुरू कर दिया है। चालू माह के दौरान एक बच्ची समेत जिले में अब तक तीन पॉजिटिव केस सामने आए हैं। महकमा अभी से कोरोना की रोकथाम की तैयारी में जुट गया है। सीएमओ डा.संजय अग्रवाल ने बताया कि कोरोना से मुकाबले को विभाग तैयार है। कर्मचारियों को टीकाकरण में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई है। लोगों से मास्क लगाने, टीकाकरण कराने व एहतियातन आपस में दो गज की दूरी बनाने की अपील की जा रही है।

### ट्रक की टक्कर से पलटी कार, तीन घायल

गजरौला। नेशनल हाईवे पर ट्रक की टक्कर लगने से कार फिल्मी स्टाइल में पलट गई। हादसे में चालक समेत कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी की।बरेली के प्रेमनगर निवासी विमल कुमार किसी काम से गुरुवार सुबह दिल्ली जा रहे थे। उनके साथ शिवम व नितिन भी थे। नेशनल हाईवे पर गजरैला के निकट सामने आ रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। कार डिवाइडर पर चढ़ गई और फिल्मी स्टाइल में पलट गई। हादसे में कार में सवार तीनों लोग घायल हो गए। आसपास के लोग इकट्ठा हुए तथा घायलों को कार से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर यूपी 112 मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी मिलने पर घायलों के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। शिवम की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

## एक्सईएन व एसडीओ पहुंचे बिजलीघर, शेड्यूल के मुताबिक आपूर्ति का दिलाया भरोसा



ढवारसी , प्रात: किरण संवाददाता

बिजलीघर से जुड़े करीब 30 गांव की आबादी बिजली के लिए तरस रही है। 24 में मात्र 4 घंटे ही बिजली मिल रही है। 4 हजार से अधिक निजी नलकूप भी ठप हैं। लोगों की शिकायत पर एक्सईएन व एसडीओ ने बिजलीघर का निरीक्षण किया।ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिन से बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। विभाग के कर्मचारी व अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है।

बिजली न मिलने से घरों में पानी की किल्लत, इन्वर्टर डाउन होने से मोबाइलों का चार्ज न होना तथा घरों में अंधेरा हो गया। इस भीषण गर्मी में भी लोगों को बिजली के न मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोजेदारों को भी बेहद परेशानी हो रही है। इतना ही नहीं किसानों की मैंथा, ईख और अन्य फसलें पानी के अभाव में सूखने के कगार पर है। विभाग की लापरवाही के चलते लाइनों के जर्जर तार आए दिन टूटते रहते है। कई किसानों की गेहूं फसल जलकर राख हो गई है। दूसरी ओर 33 केवी लाइन पर रोस्टिंग होने से दिक्कत और भी बढ़ गई है। एसएसओ हरीश कुमार ने बताया कि 33 केवी लाइन फाल्ट में करीब 9 और रोस्टिंग के कारण 4 घंटे बिजली नहीं मिल सकी है। लोगों की शिकायत पर एक्सईएन व एसडीओ ने बिजली घर का निरीक्षण किया। लोगों को शेड्यूल के मुताबिक आपूर्ति का भरोसा दिया गया है।

### शहबाज जमाल के फार्महाउस पर रोजा इफ्तार हुआ

स्योहारा। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी ने अपने फार्महाउस पर रोजा इफ्तार कराया इफ्तार में जनप्रतिनिधियों सहित समाजसेवी व नगर के सम्मानित लोग ने लिया हिस्सा। इस मौके पर हाजी अखतर ने कहा कि रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन कराना बहुत नैक काम का है। एडवोकेट महफूज चैधरी ने शहबाज जमाल द्वारा कराई गई रोजा इफ्तार की पार्टी को समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग बताया है कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में भाईचारा व प्रेम बढ़ता है जिसमें सब समाज के लोग हिस्सा लिया करते हैं इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी शाहबाद जमाल ने कहा कि इफ्तार पार्टी का आयोजन कराने का उद्देश्य सभी धर्म व जाति के लोगों को एक साथ इखट्टा करना होता है इफ्स्तार पार्टी के आयोजन में रोजेदारों को साकार करने का अपना एक अलग एहसास होता है इस रोजा इफ्तार ले आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है इस मौके पर शुऐब असलम आरिफ गांधी अफजाल चैधरी खलीक चैधरी खालिद चोधरी अथर परवेज मोहम्मद हसन सुब्हानी दिलशाद ठेकेदार हसन चैधरी सभासद इकरामुद्दीन आलम अंसारी बबलू अंसारी शब्बू चैधरी शकील चैधरी मौलाना अरशद वे नगर के तमाम गणमान्य व राजनीतिक लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है।

## एसपी विनीत जायसवाल पहुंचे डिडौली कोतवाली, किया निरीक्षण



डिडौली, प्रात: किरण संवाददाता

एसपी विनीत जायसवाल ने डिडौली कोतवाली का निरीक्षण किया। कार्यालय में रिकॉर्ड का रखरखाव देखा और अपराधियों की बावत जानकारी लेकर नए सिरे से टॉप टेन अपराधियों की सूची तैयार कर प्रभावी कार्रवाई करने की हिदायत दी।नवागत एसपी विनीत जायसवाल अचानक डिडौली कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले कार्यालय में रिकॉर्ड के रखरखाव पर नजर दौड़ाई। मालखाना, हवालात, संतरी पहरा व कंप्यूटर कक्ष का सभी बिंदुओं पर मुआयना किया। हिस्ट्रीशीटर्स की फ्लाई शीट संतोषजनक मिलने पर उन्होंने दोबारा से टॉप टेन अपराधियों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। इस दौरान कोतवाली पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनकर अधीनस्थ को जांच कर कार्रवाई करने की हिदायत दी। महिला बीट की कांस्टेबल से बातचीत कर क्षेत्र में गांव-गांव चौपाल लगाकर महिलाओं से सीधा संवाद कर उन्हें कानूनी अधिकारों व हेल्पलाइन को लेकर जागरूक करने की बात कही। एसपी ने कोतवाली परिसर में खड़े जब्त व दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के मामले में अदालत से आदेश लेकर उनका निस्तारण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान एसओ सुनील मलिक व एसएसआई सुक्रमपाल राणा मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा रहा।

### सड़क हादसे में घायल हुए बाइक सवार की मौत




नहटौर। गांव नवादा चैहान के पास नहर की पुलिया पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव नवादा चैहान निवासी ओमवेश 23 वर्ष पुत्र डालचंद पास के गांव ककराला में स्थित गन्ना क्रेशर में काम करता था। बताया जाता है कि वह बाइक से क्रेशर में काम करके घर लौट रहा था। इसी दौरान नहर की पुलिया के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। कोतवाल सतेन्द्र सिंह का कहना है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## वेंक्टेश्वरा में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस

गजरौला, प्रात: किरण संवाददाता



### इनको किया गया सम्मानित..

वरिष्ठ आई0पी0एस0 एवं आई0जी0 मेरठ प्रवीन कुमार, आई0ए0एस0 एवं डिवीजनल मजिस्ट्रेट सन्दीप भोगिया, जिलाधिकारी अमरोहा आई0ए0एसस0 बालकृष्ण त्रिपाठी, आई0पी0एस0 पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल, अपरजिलाधिकारी मायाशंकर यादव समेत पश्चिमी यू0पी0 के आधा दर्जन से अधिक लोकसेवको को संस्थान द्वारा किया गया सम्मानित।

लोकतन्त्र के सजग प्रहरी एवं आमजनमानस व सरकार के बीच उत्कृष्ट सेतू का काम करके उनको विकास की मुख्य धारा में जोड़ने वाले सम्मानित लोकसेवको को वेंक्टेश्वरा समूह अभिनन्दन करता है

डॉ0 राजीव त्यागी

राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस (नेशनल सिविल सर्विस डे) पर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि मण्डल ने देश के नीतिनिर्धारको एवं देश की प्रगति एवं आमजनमानस के उत्थान के लिए कार्य करने वाले भारतीय सर्वोच्च सेवा (सिविल सेवा) के प0उ0प्र0 के आधा दर्जन से अधिक अतिसम्मानित लोकसेवको (आई0ए0एस0/आई0पी0एस0) को उनके शानदार देश सेवा के कार्यो के लिए स्मृति चिन्ह/तिरंगा, एवं गुलदस्ता भेट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने कहा कि देश के नीतिनिमार्ताओ व उनको प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करने वाले एवं देश की सर्वोच्च सेवा के अधिकारियो/लोकसेवको को सम्मानित करते हुए विश्वविद्यालय स्वयं को गौरान्वित महसूस कर रहा है।गुरुवार को ‟नेशनल सिविल सर्विस डे” पर आयोजित कार्यक्रम्में से विश्वविद्यालय के दो-दो सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डलो ने प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी की अगुवाई में मेरठ, अमरोहा, हापुड़ बागपत आदि जनपदो के वरिष्ठ आई0ए0एस0/आई0पी0एस0 अधिकारियो के साथ भेट कर देश/प्रदेश सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यो की प्रशंसा करते हुए उन्हे स्मृति चिन्ह, तिरंगा एवं गुलदस्ता भेट कर उनके योगदान को अतुल्यनीय बताया।इस अवसर पर वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने कहा कि आजाद भारत के प्रथम गृहमन्त्री लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल ने सबसे पहले 21 अप्रैल को देश के लोकसेवको को सम्बोधित करते हुए उनको सम्मानित किया था। उसी के बाद 2006 से प्रतिवर्ष 21 अप्रैल को देश सेवा के सराहनीय कार्यो के लिए चयनित लोकसेवको को आदरणीय प्रधानमन्त्री जी द्वारा सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 पी0के0 भारती, कुलसचिव डॉ0 पीयूष पाण्डे, मेरठ परिसर निदेशक डॉ0 प्रभात श्रीवास्तव, निदेशक एडमिशन अलका सिंह, निदेशक एडिमिनिस्ट्रेशन डॉ0 किशन यादव, डॉ0 राजेश सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## पालिकाध्यक्ष राजेश सैनी ने पाँच टीबी की रोगियों को लिया गोद



मंडी धनौरा, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने नगर के पांच क्षय रोगियों को उनके द्वारा गोद लिया गया । तथा पोस्टिक आहार की किट प्रदान की गई।बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2025 तक क्षय रोग को पूर्ण रूप से समाप्त करने और राज्यपाल द्वारा वर्ष 2019 से उत्तर प्रदेश क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें भावनात्मक ,राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली निशुल्क सुविधाओं के उद्देश्य से गोद लेने की प्रथा शुरू की गई है। इसी क्रम में गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी द्वारा नगर के पांच क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक आहार की किट प्रदान किए।इस अवसर पर बोलते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंच रही है । जिसका सभी लोगों को लाभ पहुंच रहा है।इस अवसर पर बीपीएम अभिषेक वर्मा, एसटीएस अदनान खान, ओम प्रकाश सैनी, कपिल ठाकुर ,मोहित शर्मा ,श्याम बाबू, निखिल सैनी आदि मौजूद रहे।

### युवा समाजसेवी फिरोज ने कराया रोजा इफ्तार



स्योहारा। नगर की जानी मानी समाजिक संस्था स्योहारा यूथ वेलफेयर सोसायटी के तत्वधान में युवा समाजसेवी फिरोज अहमद ने रोजा इफ्तार कराया जिसमे चेयरमैन पुत्र इमरान अख्तर, आप नेताफैसल वारसी,तनवीर चोधरी, हाजी फरीद पप्पू भाई,हाजी खुर्शीद, दानिश चोधरी, आजम,फहीम चोधरी, हसीन,सलीम यूनुस ,डॉ सलीमआदि भी मौजूद रहे।

## मुकद्दस रमजान : तीसरा जुमा आज कड़ी सुरक्षा में अदा होगी नमाज

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

रमजान का आज तीसरा जुमा है। पुलिस-प्रशासन ने नमाज के मद्देनजर कड़ा सुरक्षा चक्र तैयार किया है। पुलिस टीमों का दिन निकलते ही क्षेत्र में मूवमेंट शुरू हो जाएगा। संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगाह रखी जाएगी। नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

पुलिस अफसर कोई लापरवाही बरतने के मूड में नहीं है। जुमे के मद्देनजर सभी थानाध्यक्षों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है।शुक्रवार को 20वां रोजा होगा। इस दिन मस्जिदों में रमजान के तीसरे जुमे पर नमाज भी अदा की जाएगी। दरअसल, प्रदेश के कई शहरों में विवाद की स्थिति बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था को लेकर अपना रुख सख्त कर लिया है। इन हालात में अमरोहा पुलिस भी नमाज के दौरान सुरक्षा के नजरिए से कोई लापरवाही बरतने के मूड में नजर नहीं आ रही है। इसी कड़ी में पुलिस अफसरों द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानों में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन कर लोगों से कानून व्यवस्था बरकरार रखने में सहयोग मांगा जा रहा है। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। एसपी विनीत जायसवाल ने सभी थानाध्यक्षों को नमाज के मद्देनजर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। लिहाजा जिले की सभी मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के सख्त बंदोबस्त शुक्रवार को दिनभर रहेंगे। शरारती व असमाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पुलिसकर्मियों को मुस्तैद किया जाएगा। इसके अलावा संवेदनशील व मिश्रित आबादी से जुड़े इलाकों में भी दिनभर पुलिस टीमें मूवमेंट करती रहेंगी। एसपी ने साफ किया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### भाजपा आरएसएस के नफरती एजेंडे से एकता और सद्भाव को पहुंच रहा नुकसान : अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा और आरएसएस नफ रत फैलाने के जिस एजेण्डे का प्रसार कर रहे हैं, उससे लोकतंत्र, एकता तथा सद्भाव को गम्भीर नुकसान पहुंच रहा है। गरीब और कमजोर जनता तथा विपक्षी दलों के नेताओं कार्यकताओं पर भाजपा सरकार का उत्पीडन बढ़ता ही जा रहा है। इस सबके पीछे उसका इरादा महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था के बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाना और असहमति की आवाज को दबाना है। यहां जारी एक बयान में सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा और आरएसएस पहले सबको धर्म के आधार पर भड़काते हैं। बहुसंख्यक समाज की भावनाओं के साथ खेलते है। बड़ी मुश्किल से भारत एक लोकतांत्रिक और पंथनिरपेक्ष, समाजवादी देश बन पाया। संविधान में सबको एक समान नागरिक अधिकार दिए गए। भाजपा इस सामाजिक तानाबाना को तोडने में लगी है। हिन्दू-मुस्लिम की गंगा-जमुनी तहजीब को भाजपा खण्डित करने का प्रयास कर रही है।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली



मंडी धनौरा, प्रात: किरण संवाददाता

स्कूल चलो अभियान के तहत गुरुवार को राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डा. यतीन्द्र कटारिया के नेतृत्व में विकास क्षेत्र के गांव कैसरा स्थित संविलियन स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं शिक्षकों ने गांव के गली मोहल्लों से स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर अभिभावकों से 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की। इस अवसर पर स्कूली बच्चे अपने हाथों में प्रेरक सूक्तियां से लिखे हुए नारे लेकर चल रहे थे वही नन्हे-मुन्ने बच्चों की आवाज में नारे लगे की पापा सुन लो विनय हमारी, पढ़ने की है उम्र हमारी,मम्मी पापा ना कुछ हम चाहेंगे, बस स्कूल पढ़ने हम जाएंगे आदि नारों के बीच गांव के गली मोहल्लों में अभिभावकों से संपर्क किया गया। जिसमें 6 से 14 वर्ष तक के अभिभावक प्राइमरी स्कूल में अपने बच्चों का नामांकन करने के लिए राजी हुए तथा रैली के पश्चात बच्चों का डॉ यतीन्द्र कटारिया की उपस्थिति में प्रवेश कराया गया।इस अवसर पर पूर्व ब्लाक समन्वयक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक गजेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह,कविता सैनी, स्वीटी, छवि, चरन, सुमन रानी, आदि सहित अभिभावक गण एवं ग्राम प्रधान रुद्र प्रताप मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने दबोचा थाने का पंजीकृत बदमाश

नजीबाबाद। गुरूवार को थाना नजीबाबाद पुलिस द्वारा थाना नजीबाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 41/22 धारा 420/406/307/504/427/506 भादवि के वांछित अभियुक्त अंग्रेज सिंह पुत्र सरदार इन्द्र सिंह निवासी मौ0 अमीखानपुर जट्टीवाला थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया।

### पॉक्सो अधिनियम में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बढ़ापुर। गुरूवार को थाना बढ़ापुर पुलिस द्वारा थाना बढ़ापुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 75/22 धारा 354क 452/ 504 /506/ 427/ 376 /511 भादवि0 व धारा 7/8 पॉक्सो अधिनियम में वांछित अभियुक्त इजहार पुत्र करामतुल्लाह उर्फ काका निवासी मोहल्ला झोझियान कस्बा व थाना बढ़ापुर जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया।

### महिलाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति के प्रति किया जागरूक

हीमपुर दीपा। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओं/छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाईन नम्बर 102, 108, 112, 181, 1076,1098,1090 की जानकारी दी गई। इस दौरान सडकों पर तथा स्कूल/कॉलेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

### मिशन शक्ति अभियान के संबंध में जागरूक किया व हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी

शेरकोट। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओं/छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाईन नम्बर 102, 108, 112, 181,1076,1098,1090 की जानकारी दी गई। इस दौरान सडकों पर तथा स्कूल/कॉलेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

### पुत्री के गायब होने के संबंध में पिता ने दी थाने में तहरीर

नगीना। नगर के मुहल्ला शेख सराय नई आबादी रहीम कालोनी निवासी गरीब ईरिक्शा चालक मुहम्मद कासिम की रात को सोते समय घर से गायब हुई एक माह की पुत्री अक्सा के संबंध में पिता द्वारा थाना नगीना में अज्ञात के खिलाफ तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही उसकी एक माह की पुत्री अक्सा को भी बरामद कर लिया जायेगा और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

### नहर में तैरती मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश, पोस्टमार्टम को भेजा

स्योहारा। क्षेत्र के ग्राम मकनपुर में उस समय सनसनी मच गई जब यहां स्थित नहर में एक अज्ञात शव तैरता हुआ दिखाई दिया, जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी तो मोके पर पहुंचे थानाध्यक्ष आशीष तोमर व उनकी टीम ने शव के शिनाख्त का प्रयास किया पर शिनाख्त न होने पर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने बताया की शव कुछ दिन पुराना है और लगभग 30 वर्षीय युवक का है। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व धामपुर से गायब हुई युवती का शव भी इसी नदी से मिला था।

# जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से निगरानी की व्यवस्था की गई: मिश्रा

## ईदुल फितर को जिले में पूरे उत्साह एवं साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मनाएं

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता





जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सभी धर्मगुरूओं एवं संभ्रांत लोगों का आहवान किया कि यदि उनके संज्ञान में कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित करने अथवा संप्रदायिक भावना को भड़काने आदि संबंधी कोई सूचना प्राप्त होती है तो स्वयं हस्तक्षेप न करते हुए तत्काल प्रशासन को सूचित करें ताकि तत्काल सक्षम अधिकारियों को मौके पर भेजकर समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने प्रतिबद्वता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन ईद उल फितर सहित सभी त्यौहारों को पूर्ण सौहार्द, परम्परागत और शांतिपूर्वक रूप से सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्व है। उन्होंने जन सामान्य का आवाहन किया कि किसी भी अवस्था में ऐसा कोई कार्य न करें जो अपरम्परागत हो या जिससे साम्प्रदायिक वातावरण को कोई आंच आए।

जिलाधिकारी श्री मिश्रा आज दोपहर विकास भवन के सभागार में सभी धर्मों के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति व्यवस्था की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को ईद उल फितर के पावन पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए निर्देश दे रहे थे। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में ईदुल फितर त्यौहार को सम्पन्न कराने के लिए पूर्व की तरह सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने अपेक्षा करते हुए कहा कि यह पावन त्यौहार पूर्ण संयम, समन्वय एवं आम नागरिकों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए मनाया जाएगा और ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा जिससे दूसरे सम्प्रदायों की भावनाओं को ठेस पहुंचे। उमेश मिश्रा ने उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देश दिए कि जिन रास्तों पर धार्मिक स्थल मौजूद हैं और उनमें ईद की नमाज अदा की जाएगी, वहां पर विशेष सतर्कता और सजगता रखी जाए।, यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा इस वातावरण को संक्रमित करने का प्रयास किया जाएगा तो उसके विरूद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 धर्मवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी के0पी0सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 प्रवीण रंजन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रामार्ज, सभी एसडीएम, सीओ पुलिस, थाना प्रभारी, ईओ के अलावा अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया मेले का आयोजन

संभल। संभल में आजादी के 75वे अमृत महोत्सव के उपलक्ष में ब्लॉक मनोटा के असमोली सी एच सी में स्वास्थ्य मेले का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती संतोष देवी ब्लाक प्रमुख मनोटा श्री हरेंद्र सिंह चौधरी पूर्व प्रत्याशी विधानसभा असमोली द्वारा फीता काटकर किया गया स्वास्थ्य मेले में सभी विभाग द्वारा अपना अपना स्टॉल लगाया गया जिसमें कोर पीसीआई जन कल्याण समिति द्वारा कोविड टीकाकरण एवं कोविड उपयुक्त व्यवहार के बारे में लोगों को स्टॉल लगाकर प्रेरित किया गया प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनोज चोधरी द्वारा बताया गया कि मेले में सभी प्रकार की जांच के बाद लोगों को मुफ्त दवाइयां दी गई मेले में स्वास्थ्य मेले में कोर पीसीआई जन कल्याण समिति की ओर से उडश्क्कटीकाकरण एवं उडश्क्क उपयुक्त व्यवहार को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया साथ ही स्टॉल लगाकर आने वाले लाभार्थियों को सूचना बूथ के माध्यम से कोविड टीकाकरण एवं नियमित टीकाकरण की जानकारी थी विकास विकलांग सेवा समिति के अध्यक्ष श्री आस मोहम्मद ने कोर पीसीआई जन कल्याण समिति एवं अन्य विभागों के स्टोलों पर जानकारी ली और सभी विभागों का धन्यवाद किया।

## शबे कद्र और एतिकाफ रमजान के आखिरी 10 दिनों की इबादत

संभल , प्रात: किरण संवाददाता

शबे कद्र वह मुबारक रात है जिसमें कुरआन पाक एक बार में लौहे महफूज से आसमाने दुनिया की तरफ नाजिल हुआ। फिर थोड़ा थोड़ा कर के कलामे इलाही रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर लगभग 23 साल की मुद्दत में नाजिल हुआ। नुजूले कुरआन की रात की फजीलत में एक पूरी सूरत नाजिल हुई, और शबे कद्र को हजार महीनों से बेहतर करार दिया गया, इस रात में फरिश्तों के सरदार हजरत जिब्राईल अन्य फरिश्तों के साथ अल्लाह के हुक्म से जमीन की तरफ आते हैं, और इस रात में इबादत करने वाले लोगों से मुसाफहा करते हैं और दुआएं करने वालों की दुआ पर आमीन कहते हैं। यह रात सलामती वाली रात है। इसको हासिल करने के लिए नबी पाक ने रमजान के पहले अशरे (शुरू के 10 दिन) का ऐतिकाफ किया, फिर दूसरे अशरे (बीच के 10 दिन) का ऐतिकाफ किया मगर शबे कद्र इन दोनों अशरों में नहीं थी, नबी पाक ने तीसरे अशरे (आखिरी 10 दिन) का ऐतिकाफ किया, उसके बाद नबी पाक का मामूल (आदत) बन गया कि आप रमजान के आखिरी अशरे में ऐतिकाफ फरमाया करते थे। यह ऐतिकाफ सुन्नते किफाया है, अगर किसी एक ने कर लिया तो सब बरी हो गए वरना सब मुजरिम होंगे।

ऐतिकाफ एक उम्दा इबादत है, आदमी दस दिनों तक दुनिया से दूर हो जाता है, वह हर वक़्त इबादत में व्यस्त हो जाता है, तमाम गुनाहों से महफूज हो जाता है। जितनी इबादत वह मस्जिद में रहकत कर लेता है उतनी इबादत ऐतिकाफ के बाहर नहीं कर सकता। ऐतिकाफ के लिए जरूरी है कि बंदा बीसवें रोजे को सूरज डूबने से पहले मस्जिद में पहुँच जाए और ऐतिकाफ कि नियत करे, अगर सूरज डूबने से पहले ऐतिकाफ की नियत नहीं कर पाया तो सुन्नत ऐतिकाफ से महरूम हो जाएगा, इसी तरह यह भी जरूरी है कि वह 29 का चाँद होने की सूरत में चाँद कमेटी के एलान के बाद ही मस्जिद से निकले। और 30 का चाँद होने पर मगरिब के बाद मस्जिद से निकल सकता है, आगाज और अंजाम दोनों तरफ वक़्त की पाबंदी जरूरी है, नफ़्ली ऐतिकाफ के लिए वक़्त की पाबंदी जरूरी नहीं है। आखिरी अशरे में शबे कद्र और ऐतिकाफ का होना इस बात की दलील है कि हमें रमजान के आखिरी दिनों में अपनी इबादतों में इजाफा (बढोत्तरी) कर देना चाहिए।

## गोवंश के संरक्षण के लिए आखिरी साँस तक समर्पित रहूँगा : शक्ति कुमार सिंह बूटी



शाहजहांपुर, प्रात: किरण संवाददाता

तिलहर क्षेत्र के गाँव डभौरा में राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ और दिव्य जीवन ज्योति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे गोवंश की घर वापसी अभियान का भाजपा नेता और पूर्व ब्लॉक प्रमुख शक्ति कुमार सिंह बूटी ने शुभारंभ किया। श्रीमद्भागवत और गौ कथा का आयोजन राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के पदाधिकारी कौशल शर्मा द्वारा डभौरा गाँव में कराया जा रहा है। स्वामी पद्मनाभ महाराज जी ने बताया कि गोवंश घर की वापसी के पूरे उत्तर प्रदेश में 108 श्रीमद्भागवत एवं गो कथाओं का आयोजन कर किया जा रहा है। उन्होंने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि, क्षत्रिय समाज के वंशज सूर्यवंशी भगवान प्रभु श्री राम के वंशज राजा दिलीप ने गौ माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की परवाह नहीं की थी।

उन्होंने कहा कि यदि गोवंश नहीं बचा तो मानव जीवन दूभर हो जाएगा। गाय में 33 कोटि देवताओं का निवास होता है। लेकिन उत्तर प्रदेश में गोवंश की दुर्दशा आज किसी से छुपी हुई नहीं है। गोवंश संरक्षण के लिए हम सभी को एक मंच पर आना होगा जिससे गौमाता का संरक्षण और संवर्धन हो सके इस अवसर पर प्रमुख रूप से। राष्ट्रीय महामंत्री डॉ यशवंत मैथिल, कौशल शर्मा रानू परमार्थी, आदि उपस्थित रहे।

## हजरत मुफ्ती अब्दुल सलाम का हुआ उर्स

संभल , प्रात: किरण संवाददाता



मोहल्ला मंगलपुरा सराय तरीन में स्थित मदरसा जामिया इस्लामिया नजरउल उलूम में मखदूम मिल्लत एकेडमी के तत्वाधान में मखदूम ए मिल्लत हजरत मुफ्ती अब्दुल सलाम का सालाना 33 वां उर्स का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। चादरपोशी कर कुल की रस्म अदायगी के साथ कौम और मिल्लत की सलामती और खुशहाली के लिए दुआ की गई।

इस मौके पर जलसे का आयोजन किया गया जिसकी शुरूआत कारी अकबर अली ने तिलावते कलाम ए पाक से की। नईमुद्दीन बरकाती, मुहम्मद अली, मोलाना फारुक, मौलाना तालिब मिस्बाही, कारी शौकत आदि ने नातो मनकबत का नजराना पेश किया। मौलाना अब्बास अजमली ने कहा मुफ्ती अब्दुस सलाम रह० सादगी, ईमानदारी, नेकी और अच्छाई की मिसाल थे। उन्होंने बताया कि मखदूम ए मिल्लत अपने उस्तादों का बेपनाह एहतराम करते थे। मौलाना तालिब मिस्बाही ने कहा कि सरायतरीन में जामिया इस्लामिया और फैजुल उलूम मदरसा दोनों इन्हीं के कायम किये हुए हैं। उनकी दरगाह के तालुक से उन्होंने कहा यह खानकाहे ही हिन्दू मुस्लिम एकता एवं सौहार्द का काम कर रही हैं। यहां हर समुदाय को फैज मिलता है। मौलाना जियाउल मुस्तफा ने जकात पर तफसील से रोशनी डाली और औलिया किराम की अजमत और फजीलत बयान की। मौलाना कामिल मिस्बाही ने रमजान की अहमियत बताई और कहा कि रमजान मुसलमानो के लिए बहुत एहम है। मौलाना नफीस अख्तर ने कहा कि बुजुर्गों की बारगाह में हाजरी देते रहना चाहिए क्योंकि बुजुर्गों और वलियों के मजारात पर जाने से सुकून भी मिलता है और अल्लाह भी खुश होता है। औलिया के बताए रास्ते पर चलने से दीन, दुनिया और आखिरत सब सँवर जाता है।

इस मौके दरगाह पर सैकड़ो जायरीनों ने हाजरी दी और दुआएं माँगी। सज्जादानशीन मुफ़्ती जाहिद अली सलामी ने आये हुए सभी मेहमानों और जायरीनों का शुक्रिया अदा किया। आखिर में सलातो सलाम के बाद मोलाना मुफ़्ती जाहिद अली सलामी ने कौम के लिए दुआ कराई। संचालन मौलाना आदिल मिसबाही ने किया। सालाना फातिहा में मुख्य रूप से काईद मिल्लत मोलाना नफीस अख्तर, मौलाना अली, मोलाना शाकिर, मौलाना आरिफ, मौलाना शराफत, उमर चचा, अली हुसैन आदि मौजूद रहे।

## द्वारिकेश शुगर मिल तथा गन्ना विकास परिषद द्वारा संयुक्त रूप से की गयी गोष्ठी आयोजित



अफजलगढ़ , प्रात: किरण संवाददाता

द्वारिकेश शुगर मिल अफजलगढ़ तथा गन्ना विकास परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित गोष्ठी में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। मंगलवार को धामपुर रोड स्थित वैंकट हाल में आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिला गन्ना अधिकारी यशपाल सिंह ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि गन्ने की नई प्रजाति पंचामृत के सभी तकनीकों तथा ट्रेन्च विधि से गन्ना बुवाई, सहफसली द्वारा कृषक की आय दुगुना करने प्रबंधन व ड्रिप सिंचाई द्वारा पानी की बचत एवं गन्ने की बुवाई करने के लिए गन्ने की एक आंख व दो आंख के टुकड़ों की बुवाई करने पर जोर दिया गयाघ् गोष्ठी को संबोधित करते चीनी मिल के उपाध्यक्ष एसपी सिंह ने कृषकों को जानकारी दी के 0238 में रेड रॉट बीमारी फैलने के कारण उसके विकल्प के रूप में 15023 तथा 0118 की बुआई करने तथा रेड रॉट नजर आते ही फसल को उखाड़कर जमीदोंज करने का आवाहन किया। वक्ताओं ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत किसानों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा वक्ताओं ने किट-पतंगों सहित विभिन्न बीमारियों तथा उनसे बचाव सम्बन्धी साझा की। इसके अलावा प्रभावित खेत मे ट्राइकोडर्मा का इस्तेमाल कर फसलचक्र अपनाकर काम से कम एक वर्ष दूसरी फसलें उगाने की जरूरत पर जोर दिया। वक्ताओं ने नैनो यूरिया के प्रयोग से कृषि लाभ की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिला गन्ना अधिकारी यशपाल सिंह तथा चीनी मिल के उपाध्यक्ष एसपी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी को मनोज श्रीवास्तव, सचिव साहब सिंह सत्यार्थी, विश्वामित्र पाठक, अजय कुमार ढाका, गन्ना सहकारी समिति अफजलगढ़ के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार, बदन सिंह और अमरीक सिंह ने संबोधित किया।

## असमोली क्षेत्र में खनन माफिया बेखौफ होकर कर रहे हैं अवैध खनन



संभल , प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अवैध खनन पर प्रतिबंध लगा होने के बावजूद खनन माफिया अवैध खनन करने से नहीं आ रहे बाज। उपजाऊ भूमि को बनाया जा रहा है बंजर जबकि जिला जिलाधिकारी द्वारा खनन अधिकारी को आदेशित किया गया कि जिले मे अवैध खनन पर प्रतिबंध लगाया जाए। जिले मे कहीं पर भी अवैध खनन किया जाता है तो 24 घंटे में खनन माफिया के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई जाए। लेकिन खनन माफिया को नही तो पुलिस का डर है और ना कानूनी कार्रवाई की चिंता है। निडर होकर कर रहे है अवैध खनन। ऐसा ही एक मामला थाना असमोली क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर मिलक बिलालपथ मार्ग पर देखने को मिला तीन ट्रैक्टरो से अवैध खनन किया जा रहा है। जबकि समय-समय पर खनन अधिकारी द्वारा खनन माफिया पर कार्रवाई की गई है। इस संबंध में जब खनन अधिकारी सोमेश तिवारी से बात की गई तो बताया गया है कि उस क्षेत्र में भट्टे अधिक हैं हो सकता है यह मिट्टी भट्टे पर जा रही हो यह कहकर पल्ला झाड़ लिया लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां करती है।

### मार्ग की पुलिया टूटी होने के कारण बाइक सवारों को होना पड रहा दुर्घटना का शिकार

नगीना। रायपुर रोड स्थित ग्राम शादीपुर मार्ग की पुलिया टूटी होने के कारण आए दिन बाइक सवारों व अन्य लोगों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ा है। इसी क्रम में थाना ठाकुरद्वारा सुरजानगर नगर निवासी ऋषि पाल 58 वर्ष कोटद्वार उत्तराखंड से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। शादी में शिरकत कर जब वह शाम के समय रायपुर रोड स्थित ग्राम शादीपुर भट्टे से होकर जा रहे थे तभी वहीं टूटी हुई पुलिया पर उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। जिससे ऋषिपाल गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तुरन्त एंबुलेंस 108 को सूचित किया। एम्बुलेंस ने घायल को नगीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## ब्लाक अफजलगढ़ स्थित कार्यालय कासमपुरगढ़ी में आयुष्मान मेले का आयोजन किया गया

अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता





उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर ब्लाक अफजलगढ़ स्थित कार्यालय कासमपुरगढ़ी मे आयुष्मान मेले का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार उर्फ बबली, सरदार मलकीत सिंह, खेल सिंह राजपूत, डॉ सर्वेश निराला ने किया। शुभारंभ के दौरान ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार उर्फ बबली ने ग्रामीणों से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। मेले में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गये। बाल विकास विभाग एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से लगाये गये स्टाल की ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार, सरदार मलकीत सिंह, खेल सिंह राजपूत ने प्रशंसा की। लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने हेतू आयुष्मान मेले का आयोजन किया गया जिसमें कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति विभाग आदि के स्टाल लगाए गये। स्वास्थ्य विभाग की ओर से होम्योपैथिक चिकित्सक डा तय्यब आमिर ने लोगों को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के बारे मे जानकारी दी तथा लगभग 100 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से लगाये गये स्टाल मे बाल विकास परियोजना अधिकारी रीता देवी ने महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए पोष्टिक आहार के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। कृषि विभाग की ओर आधुनिक कृषि उपकरण तथा अनेक कीटनाशक के बारे बताया। वही बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत लोगों से अपने बच्चों को प्राथमिक विद्यालय मे रजिस्ट्रेशन कराने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष देशराज सिंह, डॉ रजनीश कुमार, अमित कुमार, सतीश कुमार, महेश कुमार तथा बिन्दु सिंह आदि उपस्थित रहे।

## माहिम में सेहरी पार्टी का आयोजन, काफी लोग हुए शामिल



संभल , प्रात: किरण संवाददाता

माहिम दरगाह/हाजी अली दरगाह ट्रस्ट के ट्रस्टी सुहेल खंडवानी द्वारा माहिम में एक डिनर पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर कई मशहूर शख्सियत मौजूद रहे। इस डिनर पार्टी में दैनिक मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान, शाकिब माहिमी, आसिफ दादरकर, तनवीर मर्चेंट, सलीम मापखन, अरशद भाई, मोईन अजमेरी, डॉ. मुदस्सिर लांबे, बिजनेसमैन सुरेश कामा, मोहम्मद इब्राहिम शेख, फिरोज सामा, साजिद सुपारीवाला, जावेद पारिख, दाऊद खान, ईगल ग्रुप के नासिर अंसारी सहित कई जाने माने लोग तसरीफ लाये थे। इस मौके पर दैनिक मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान ने कहा कि यह डिनर पार्टी एक यादगार लम्हा बन गया, क्योंकि इस डिनर पार्टी की वजह से आज हम सभी पुराने दोस्तों को मिलने का मौका मिला है, मैं सुहेल खंडवानी साहित इस डिनर पार्टी में शामिल हुये हमारे सभी दोस्तों का तहेदिल से शुक्रिया अदा करता हूं। साथ ही इस डिनर पार्टी के मौके पर ईगल ग्रुप के नासिर अंसारी और फिरोज सामा को माहिम दरगाह/हाजी अली दरगाह ट्रस्ट के ट्रस्टी सुहेल खंडवानी ने शॉल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। नासिर अंसारी और फिरोज सामा ने सुहेल खंडवानी का शुक्रिया अदा किया।

### दिल्ली के जहांगीरपुरी बस्ती जांच के लिए 22 को जाएगा सपा प्रतिनिधिमंडल

लखनऊ। नई दिल्ली की जहांगीरपुरी बस्ती में उजाड़े जाने की घटना की जांच के लिए संभल से लोकसभा सदस्य शफीकु र्रहमान वर्क के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल 22 अप्रैल को नई दिल्ली जाएगा। सपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि 20 अप्रैल को भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम ने बुल्डोजर चलाकर जहॉगीरपुरी बस्ती को उजाड़ दिया है। उसकी जॉच के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 5 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। जांच कमेटी के शफ ीकुर्रहमान बर्क के साथ मुरादाबाद के सांसद एसटी हसन, पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, राज्यसभा सदस्य विशम्भर प्रसाद निषाद, तथा पूर्व सांसद जावेद अली खान शामिल रहेंगे। कमेटी अपनी रिपोर्ट दिल्ली सपा केन्द्रीय कार्यालय और लखनऊ में प्रदेश कार्यालय को सौंपेगी।

## वाहन चालकों को फर्स्ट रेसपाइन्डर का प्रशिक्षण प्रदान किया गया

बिजनौर , प्रात: किरण संवाददाता



परिवहन विभाग बिजनौर द्वारा 18 अप्रैल 22 से 24 अप्रैल 22 तक तिथिवार कार्यक्रम के अनुसार चतुर्थ सडक सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। सडक सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत चतुर्थ दिवस गुरूवार को जनपद बिजनौर में शहर के मुख्य मार्गो पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन शिव शंकर सिंह के निर्देशन में हेलमेट, सीटबेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वालों गलत दिशा में वाहन चलाने वालों एवं ड्रंकन ड्राइविंग करने वालों के विरूद्ध सदभावना चैकिंग का अभियान चलाया गया तथा ऐसे वाहन स्वामियों/चालकों के विरूद्ध सदभावनापूर्ण चैकिंग करते हुए वाहन चालकों को पुष्प भेंट किये गये। उल्लंघनकताओं को हेलमेट, सीटबैल्ट के प्रयोग का महत्व बताया तथा इन उपकरणों का नियमित प्रयोग करने पर होने वाले बचाव की जानकारी प्रदान की गयी। वहीं वाहन चालकों को फर्स्ट रेसपाइन्डर का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। चैकिंग के दौरान जनसामान्य को कोविड 19 से बचाव तथा सडक सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गयी तथा इनसे संबंधित विडियो क्लीप को मोबाइल द्वारा दिखाया गया तथा पम्पलैट वितरित किये गये।

### फेल होता दिख रहा माह में तीन बार खाद्यान्न वितरण का दावा

लखनऊ । खाद्य एवं रसद विभाग का अप्रैल माह में तीन बार राशन वितरण कराने का दावा फेल होता नजर आ रहा है। अप्रैल माह में तीन बार खाद्यान्न का वितरण होना है। जबकि अभी दूसरी बार के वितरण ही नहीं पूरा हो पाया है। 20 अप्रैल तक दूसरा वितरण होना था लेकिन वितरण न हो पाने की वजह से वितरण की तरीख को बढ़ा दिया गया है। अब 24 अप्रैल तक वितरण किया जायेगा। तीसरा खाद्यान्न वितरण कराने में मात्र छह दिन बचे हैं। ऐसे में कैसे सभी कोटेदारों तक कब राशन पहुंचेगा और कब बंटेगा, इस पर विभाग की तरफ से गोलमोल जवाब दिया जा रहा है। प्रत्येक माह दो बार राशन का वितरण किया जा रहा है। पहली बार में राज्य सरकार की तरफ से निःशुल्क गेहूं, चावल के साथ नमक, तेल और चना का वितरण होता था। दूसरी बार में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत निःशुल्क सिर्फ गेहूं और चावल मिलता था। मार्च माह में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत वितरित होने वाले खाद्यान्न को किन्हीं कारणों से नहीं बांटा जा सका।

## परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



संभल , प्रात: किरण संवाददाता

बहमन सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिरसी में स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ एक संगोष्ठी आयोजित की गई तथा श्री अमरीश कुमार एआरटीओ महोदय व प्रभारी यातायात पुलिस संभल श्री अनुज मालिक द्वारा यातायात नियमों का पालन करने के प्रति विस्तार से विद्यार्थियों को बताया गया तथा स्कूली वाहन चालकों को स्कूली वाहन अधिनियम के पालन करने की हिदायत दी गई तथा विद्यार्थियों को दो पहिया वाहन चलाते समय दोनों सवारियों को हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक किया गया । चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने हेतु बताया गया। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करने व वाहनों को अत्यधिक गति से न चलाने एवं स्टंट ड्राइविंग तथा स्पीड ड्राइविंग ना करने रोड पर अपने वाहन खड़े ना करने, बाजारों में अतिक्रमण न करने करने के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसी क्रम में परिवहन कार्यालय में ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें चालकों परिचालकों, टेंपो चालकों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया । एआरटीओ संभल द्वारा दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले गुड़ सेमेरियेटन (नेक व्यक्ति) के बारे में विस्तार से बताया तथा शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि 5000 रुपए देने के बारे में बताया गया तथा जनमानस को सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले व्यक्तियों को सम्मान देने के बारे बताया गया ।

## संक्षिप्त खबर

### अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को महिला विरुद्ध अपराध

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के वह सरकार द्वारा चलाए गए अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य करते हुए इंस्पेक्टर सविता की अगुवाई में फरीदाबाद के गांव मिजार्पुर स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जाकर बच्चों को महिला सुरक्षा, साइबर, यातायात इत्यादि कानूनों के बारे में जानकारी देकर समाज में होने वाले महिलाओं के शोषण के विरुद्ध जागरूक किया। इस अवसर पर उनके साथ ट्रैफिक ताऊ विरेंद्र, साइबर से उप निरीक्षक बाबूराम तथा दुर्गा शक्ति की टीम मौजूद रही। वहीं स्कूल की तरफ से प्रिंसिपल बलबीर कौर तथा शिक्षिका किरण कौसर, सविता, शैली, राजन तथा नवल सहित अन्य शिक्षक गण मौजूद रहे। इंस्पेक्टर सविता की टीम ने छात्राओं को महिला विरुद्ध घटित होने वाले लगभग सभी अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए सरकार द्वारा इनके निषेध के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में जानकारी दी।

### 18 दिन से घर से गायब युवक, पुलिस तलाश में जुटी

पुन्हाना। पिछले लगभग अठारह दिनों से घर से गायब युवक को तलाशने में पुन्हाना थाना पुलिस व परिजन लगातार लगे हुए है, लेकिन युवक का अभी तक कोई सुराग नही लग पाया है। पुलिस ने युवक के गायब होने का मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू की हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार साजिद पुत्र रोजदार निवासी लुहिंगा कलां बीती 3 अप्रैल को घर से बाहर गया था, जो कई दिन तक घर वापिस नही पहुंचा और परिजनों द्वारा जगह जगह तलाशने के बाद भी जब कोई सुराग नही लगा तो परिजनों ने शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी दी है ।जांच अधिकारी एस आई यशपाल ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस गायब युवक को तलाश करने में जुटी है।

### सामाजिक न्याय पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नवजात महिलाओं को किया पोषण आहार वितरित

फरीदाबाद। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर 6 से 20 अप्रैल तक जिला से राज्य स्तर तक चलने वाले सामाजिक न्याय पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्तर पर आंगनवाडी एवं आशा वर्करों के सहयोग से पोषण अभियान चलाया गया। जिसमें नवजात माताओं एवं शिशुओं को महिला मोर्चा कार्यकताओं द्वारा पोषक आहार, बच्चों के लिए खिलौने बांटे गए। सामाजिक न्याय पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत चल रहे इस अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य टीना बेंटिक ने विधायिका श्रीमती सीमा त्रिखा के साथ मिलकर शहर के सरकारी अस्पताल बादशाह खान में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित किया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं, जिनकी पिछले दो दिनों में डिलीवरी हुई है, आधा किलो देशी घी एवं एक किलो दलिया वितरित किया गया।

# फज्जूपुर खादर गौशाला की वेदांता ग्रुप को समर्पित

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



- वेदांता ग्रुप पशुओं की सेवा करने के कार्य को सेवा भाव से कार्य कर रहा है और आगामी 5 वर्षों के लिए 5000 करोड़ रुपए का बजट का भी ग्रुप की तरफ से पशुओं की सेवा के लिए किया गया है

केन्द्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने वीरवार को गांव फज्जूपुर खादर की गौशाला को आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सीएसआर के तहत वेदांता ग्रुप की सामाजिक संस्था अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (द एनिमल केयर ऑगेनाईजेशन (टैको) को संचालन के लिए सौंपा। इस गौशाला में गऊओं की देखरेख, पशुओं के इलाज, व्यवस्था, चारा सहित सभी खर्च व देखरेख अब वेदांता ग्रुप द्वारा किया जाएगा।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फज्जूपुर खादर व फरीदाबाद की जनता की तरफ से अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के सभी प्रदेश पदाधिकारियों का हृदय की गहराइयों से स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि वेदांता ग्रुप ने पशुओं की सेवा का क्षेत्र चुना है। यह बहुत ही सराहनीय कदम है। वेदांता ग्रुप पशुओं की सेवा करने के कार्य को सेवा भाव से कार्य कर रहा है और आगामी 5 वर्षों के लिए 5000 करोड़ रुपए का बजट का भी ग्रुप की तरफ से पशुओं की सेवा के लिए किया गया है।

यह एक बहुत ही बेहद सराहनीय और कारगर कदम है। जो कि पशुओं की सेवा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। वेटरनरी काउंसिल ऑफ इंडिया के डॉ उमेश शर्मा ने कहा कि पशु कल्याण करने वाले टैगो इंडिया पशुओं की सेवा भाव से सेवा कर रहा है। प्रदीप मिश्रा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वेदांता ग्रुप प्रगतिशील भारत निर्माण में पशुओं की सेवा करके बेहतर कार्य कर रहा है। सामाजिक विकास की कड़ी में यह अभूतपूर्व कार्य है। गांव फज्जुपुर खादर के निवर्तमान सरपंच मंजू बाला ने आए हुए सभी मेहमानों का तहे दिल से स्वागत कर धन्यवाद किया।

ग्रामीणों ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर विधायक राजेश नागर का पगड़ी बांधकर स्वागत सम्मान सूचक किया गया। मेहमानों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपायुक्त जितेंद्र यादव, एसडीएम तिलोकचंद, बीडीपीओ मेजर प्रदीप कुमार सहित आसपास गांव के कई निवर्तमान सरपंच व गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय दौरे में युवा वोटरों को जोड़ने की बनाई रणनीति: डॉ० अभिनव प्रकाश



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व हरियाणा प्रान्त के प्रभारी डॉ० अभिनव प्रकाश का प्रवास पर गुरुग्राम गुरु-कमल जिला कार्यालय आना हुआ ।जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने बताया कि डॉ० अभिनव प्रकाश की शालीनता व सहजता उनके व्यक्तित्व को अलग ही पहचान देती दिखी। बैठक की सुचारू शुरूवात के बाद जब उन्होंने अपना वक्तव्य रखना शुरू किया तो युवा कार्यकताओं में एक अलग ही जोश और ऊर्जा का संचार देखने को मिला ।अभिनव प्रकाश ने युवा कार्यकताओं से रूबरू होते हुए कहा कि आज का युवा ही कल के भारत का निमार्ता है। आज के युवा जैसे खेलकूद और पढ़ाई में रुचि रखता है वैसे ही उसे राजनीतिक क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। युवा ही वो शक्ति है जो आने वाले समय मे ये निर्धारित करेगा कि हमारा भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करेगा। डॉ० अभिनव युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में भाजपा से जोड़ने के अभियान पर जोर देते हुए बताया कि हमे नीति बनाकर युवाओं के बीच उनके स्कूल ,कॉलेज में जाना चाहिए उसने विचारों का आदान प्रदान करना चाहिए और उन्हें समझना चाहिए कि देश हित मे भाजपा ही क्यों जरूरी है ।इस मौके पर उनके साथ हरियाणा प्रान्त के सह-प्रभारी एडान सिंह भाटी , प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा , राष्ट्रीय सचिव गौरव गौतम , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व गुरुग्राम प्रभारी उत्कर्ष चौधरी , प्रदेश महामंत्री योगेश शर्मा व सुमित हुड्डा मंच पर सुशोभित रहे और अपने अपने वक्तव्यों के माध्यम से युवाओं को साधा और देश सेवा के लिए प्रेरित किया।

## श्रीपाल शर्मा ने आप पार्टी के राज्यसभा सांसद से की मुलाकात



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

कादीपुर इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष, राष्ट्रीय परशुराम परिषद गुरुग्राम जिला अध्यक्ष, व शहीद यादगार मंच हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा ने हरियाणा प्रभारी व आप पार्टी के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार गुप्ता से एक साधारण मुलाकात की और उनको आजादी आंदोलन के असली हीरो महान क्रांतिकारियों की फोटो स्मृति चिन्ह के रूप में देकर सम्मानित किया। श्रीपाल शर्मा ने बताया शहीद यादगार मंच का उद्देश्य है की ज्यादा से ज्यादा लोगों के पास नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महापुरुषों की फोटो और उनके विचार जाएं, ताकि लोग प्रेरित होकर रास्ता ना भटके बल्कि एक अच्छे समाज का निर्माण करने में और देश की तरक्की में सहायक बने हमारे महापुरुषों ने संघर्ष और बलिदान करना हमें सिखाया है मंच की तरफ से शहर के सैकड़ों प्रतिष्ठित लोगों को इन महापुरुषों की फोटो देकर हम सम्मानित कर चुके हैं और और यह क्रम लगातार जारी है।

## महिला शक्तिकरण का अनूठा उदाहरण हैं सुहानी बजाजः नवीन गोयल

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

जीवन की जद्दोजहद के बीच खुद को साबित करते हुए समाज में मजबूती के साथ खड़ी हुई एक आम महिला सुहानी द्वारा अपने जीवन में लिखी पुस्तक सुहानी की कहानी का विमोचन गुरुवार को यहां मेयर मधु आजाद के निवास पर किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि एक महिला का जीवन सदा संघर्ष में बीतता है। संघर्ष भरे जीवन के बाद भी बहुत कर सकती है। यह सुहानी जी ने साबित कर दिया है। हर किसी को यह पुस्तक पढनी चाहिए, ताकि वे सुहानी के जीवन से प्रेरित होकर खुद के जीवन में बदलाव ला सकें। अपनी पुस्तक के बारे में सुहानी बजाज ने बताया कि यह उनके व्यक्तिगत जीवन पर आधारित हकीकत पर लिखी गई है। यह मोटिवेशनल पुस्तक है। इससे औरतें बहुत कुछ सीख सकती हैं। जीवन में कभी हार नहीं मानना चाहिए। सुहानी कहती हैं कि हिंदी भाषा में यह



पुस्तक लिखी गई है, ताकि हर कोई पढ़ सके। इस अवसर पर एडवोकेट अशोक आजाद, सुहानी बजाज, मनीषा चौधरी, सोनल मल्होत्रा, प्रिया तिवारी, ज्योति राघव, दीपशिखा सहगल, नीतू वर्मा, संतोष अग्रवाल, मनी बजाज, पारस बजाज, अनिकेत कपूर, मधु अरोड़ा, सुभाष अरोड़ा, रीतू गोयल, पारस गोयल समेत काफी लोग उपस्थित रहे।

## सो रही सरकार, बिजली पानी को लेकर मचा हाहाकार : पंकज डाबर

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम वासियों को एक तरफ महंगाई और बेरोजगारी मार रही है तो दूसरी तरफ भाजपा सरकार की अनदेखी के कारण जनता बिजली पानी जैसी सुविधाओं के लिए भी तरस रही है, यह कहना है कांग्रेस व्यापार सेल के चेयरमैन पंकज डावर का। पंकज डावर ने कहा कि यह सरकार आम जनता की समस्याओं को सुलझाना ही नहीं चाहती, शायद सरकार गहरी निद्रा में सो रही है। क्योंकि सरकार को आम लोगों की मूलभूत समस्याएं दिखाई ही नहीं पड़ती। पंकज डावर ने कहा कि गुरुग्राम में 50 से अधिक ऐसी कॉलोनियां है जहां रोजाना 7 से 8 घंटे का बिजली कट लग रहा है, तो पानी की सप्लाई का पता ही नहीं कि कब पानी की सप्लाई होगी। पंकज डावर का कहना है कि गर्मी के सीजन में पानी की डिमांड कई गुना अधिक बढ़ जाती है। फिर भी सरकार कोई ऐसी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर पा रही जिससे लोगों को अपनी जरूरतों भर का पानी मिल सके। गुरुग्राम की कई कॉलोनियों मे पानी की सप्लाई आज भी टैंकरों से की जा रही है, जो पानी इतना दूषित है कि उसे पीने वाला स्वस्थ रह ही नहीं सकता। पंकज डावर ने कहा कि यहां के पार्षद भी किसी काम के नहीं है, वे अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं नहीं सुन रहे हैं। बहुत से पार्षद तो आरोप लगाते हैं कि नगर निगम में उनकी सुनवाई ही नहीं होती। पंकज डावर ने कहा कि यहां की ज्यादातर कॉलोनी नगर निगम के अधीन है, फिर भी नगर निगम कॉलोनियों में बिजली पानी सीवर जैसी समस्याओं को दूर करने में नाकाम क्यों है। फिलहाल उनकी मांग है कि सरकार जरूरत मुताबिक बिजली और पानी आम जनता को मुहैया कराए।

# सात सरोकारों को पूरा करने में भागीदार बनें पंचकूलावासी : विधानसभा अध्यक्ष

पंचकूला, प्रात : किरण संवाददाता



- 1 मई से 15 मई तक पंचकूला में अभियान चलाकार उठाया जायेगा निर्माण अपशिष्ट

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता द्वारा पंचकूला को स्वच्छ, सुंदर और हरा भरा बनाने के लिये दिये गये सात सरोकारो को जमीनी स्तर पर मूर्तरूप देने के लिये जिला प्रशासन के साथ साथ शिक्षण संस्थान, गैर सरकारी संगठन, ओद्योगिक संगठन व धार्मिक व सामाजिक संस्थायें भी आगे आ गई है। आज पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में ज्ञानचंद गुप्ता की अध्यक्षता में लगभग 3 घंटे चली बैठक में संगठनों और संस्थाओं ने इन सात सरोकारों के लक्ष्यों को हासिल करने के लिये एक टीम के रूप में कार्य करने का संकल्प लिया।

बैठक में उपायुक्त श्री महावीर कौशिक, सात सरोकारों के लिये नियुक्त किये गये नोडल अधिकारियों सहित पार्षद, रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन और धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। गुप्ता ने कहा कि उन्होंने पंचकूला को प्लॉस्टिक, प्रदूषण, स्ट्रे कैटल, स्ट्रे डॉग, ड्रग, पॉलिथिन तथा अतिक्रमण मुक्त करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि यह सरोकार उनके साथ-साथ पंचकूलावासियों के अपने सरोकार हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिये धन की कोई कमी नहीं है, पंचकूलावासी इन सरोकारों को पूरा करने में भागीदार बनें। बैठक में सात सरोकारो के लिये नियुक्त किये गये अलग-अलग नोडल अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। श्री गुप्ता ने निर्देश दिये कि नोडल अधिकारी 15 दिन के अंदर एक व्यापक कार्य योजना प्रस्तुत करें ताकि उसके आधार पर आगामी कार्रवाही की जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक सरोकार से संबंधित ह्यडूज एंड डोंटसह्ण का चार्टर तैयार किया जाये ताकि आमजन को इस बारे में जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता फैलाकर ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता हैं। इस अवसर पर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त आयुक्त संयम गर्ग, एसीपी राज कुमार, नगराधीश गौरव चैहान, बीजेपी जिला अध्यक्ष अजय शर्मा और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## सोहना सिटी टू की बिजली रही 12 घंटे ब्रेक डाउन

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता

सोहना शहर में सिटी टू फीडर रात डेढ़ बजे से बन्द होने के चलते पूरी रात बिजली बंद रही। जिसके चलते लोगों के इन्वर्टर काम छोड़ गए और कॉलोनी वासी पूरी रात भटकते नजर आए ।रात भर कॉलोनी वासियों के फोन विभाग के अधिकारियों,फॉरमेन,लाइनमैन के पास बजते रहे लेकिन किसी ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा ।सुबह जब संवाददाता ने 66 के वी पावर हाउस जाकर देखा और कर्मचारियों से बिजली बंद का कारण पूछा तो सिटी टू की केबल जली होने की बात कही ।मामले को लेकर एक्सियन शिवराज सिंह चौहान के संज्ञान में लाया गया। तो उन्होंने बताया कि सुबह 9 बजे तक लाइट ठीक ।हो जायेगी ।लेकिन विभाग के कर्मचारी दोपहर 1 बजे तक लाइट ठीक कर पाए ।वहीं शहरवासी तरुण जुनेजा,लवली जुनेजा,उमेश कोकी,आदि का कहना है कि मुख्यमंत्री माननीय मनोहर लाल से मांग की है कि सभी फीडर दुरुस्त किए जाएं। जबकि प्राप्त सूत्रों के अनुसार विभाग के एस डी ओ को सरकार ने सोसाइटी,कॉलोनी, इंडस्ट्री आदि में पावरकट के निर्देश दिए हुए हैं।

# शिरोमणि भगत धन्ना सेवा समिति ने किया नव युवा जागृति मंच को सम्मानित

नारनौंद, प्रात : किरण संवाददाता

शिरोमणि भगत धन्ना सेवा समिति की अध्यक्ष व हरियाणा बीजेपी महिला उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री देवी ने वीरवार को जाट धर्मशाला हांसी में एक सम्मानित समारोह का आयोजन किया गया जिसमें गायत्री देवी व धन्ना सेवा समिति की पूरी टीम ने समाजसेवी व सामाजिक कार्यकर्ता संगठनों को सम्मानित किया काफी उत्साह देखने को मिला जहां पर बीजेपी महिला उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री देवी ने नव युवा जागृति मंच के युवाओं को उनके अच्छे कार्यों सामाजिक कार्यों के लिए स्पेशल सम्मानित किया गया ओर मंच के युवाओं ने धन्ना सेवा समिति अध्यक्ष व हरियाणा बीजेपी महिला उपाध्यक्ष गायत्री देवी का धन्यवाद किया और बताया कि मानवता के नाते नव युवा जागृति मंच के युवा सामाजिक कार्यों में बढ चढकर हिस्सा लेते हैं बारिश के मौसम में पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान चलाकर पेड़ लगाना कड़क भरी गर्मी में पक्षियों के लिए




कसोरे रखना बच्चों के प्रतिभा समारोह आयोजित करना सरकारी कार्यालयों में कमचारियों की नियुक्ति करवाना आदि काफी सामाजिक काम करते रहे हैंमंच अध्यक्ष कपिल वत्स उपाध्यक्ष नव युवा जागृति मंच मिडिया प्रभारी विपिन कौशिक महासचिव बलवान शांडिल्य सचिव प्रदीप फौजी कोषाध्यक्ष रविन्द्र सोनी सुरेन्द्र कुमार मोनू शर्मा अजमेर राणा आदि मौजूद रहे। फोटो कैप्शन 1 नव युवा जागृति मंच के सदस्यों को सम्मानित करते हुए।

# नगर निगम 200 करोड़ घोटाले का मास्टर माइंड दौलत राम भास्कर

- देश छोडकर भाग सकता है भास्कर, लुक आउट नोटिस जारी

फरीदाबाद, फरीदाबाद नगर निगम में 200 करोड़ रुपए के घोटाले के मामले में स्टेट विजिलेंस ब्यूरो फरीदाबाद ने मुख्य अभियंता सहित 7 अन्य पर मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें मुख्य रूप से सतवीर सिंह ठेकेदार और चीफ इंजीनियर डीआर भास्कर का नाम शामिल किया गया है। इनके अलावा नगर निगम की इंजीनियरिंग ब्रांच और अकाउंट विभाग के कुछ अधिकारियों का नाम भी इसमें शामिल किया गया है। इन सभी के खिलाफ मुकदमे में धोखाधड़ी, अमानत में ख्यानत व भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराएं लगाई गई हैं। ठेकेदार को बिना काम भुगतान मामले की जांच विजिलेंस कर रही है। इसमें एक मुकदमा 28 मार्च को दर्ज किया गया था। छह अप्रैल को विजिलेंस ने ठेकेदार सतबीर को गिरफ्तार कर लिया। सतबीर ने विजिलेंस को बताया कि इस घोटाले का मास्टरमाइंड मुख्य अभियंता डीआर भास्कर है। इसके बाद विजिलेंस ने डीआर भास्कर को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस दिया, मगर वह अपने मोबाइल बंद कर फरार हो गया। उसके विदेश भागने की आशंका को देखते हुए विजिलेंस ने उसके खिलाफ सभी एयरपोर्ट पर लुकआउट सर्टिफिकेट भी जारी कराया। अब तक डीआर भास्कर विजिलेंस के हाथ नहीं आया है। छह दिन की रिमांड के बाद ठेकेदार को विजिलेंस ने अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे जेल भेज दिया। नए दर्ज हुए मुकदमे में विजिलेंस ठेकेदार को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ करेगी। विजिलेंस डिपार्टमेंट



के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 34 से 40 तक विभिन्न कार्यों के लिए 5 करोड रुपए का टेंडर अलॉट किया गया था, जिसमें पुलिया बनाने, इंटरलॉकिंग टाइल लगाने तथा कई और काम किए जाने थे, परंतु ठेकेदार ने नगर निगम के अधिकारियों से मिलीभगत करके बिना काम किए 5 करोड़ की पेमेंट हासिल कर ली। ठेकेदार सतवीर सिंह जोकि विजिलेंस विभाग की कस्टडी में था पूछताछ के दौरान यह जानकारी विजिलेंस की टीम को दी। इस आधार पर स्टेट विजिलेंस ब्यूरो ने फजीर्वाड़े का दूसरा मुकदमा दर्ज किया है। यह घोटाला मई 2020 में उजागर हुआ था। फरीदाबाद नगर निगम के चार पार्षदों ने तत्कालीन निगम आयुक्त को शिकायत दी थी कि निगम के लेखा विभाग ने ठेकेदार सतबीर की विभिन्न फर्मों को बिना काम किए भुगतान कर दिया है। निगम आयुक्त ने अपने स्तर पर मामले की जांच कराई। ठेकेदार को भुगतान में अनियमितताएं पाए जाने पर उन्होंने विजिलेंस से जांच की सिफारिश की। साल 2020 से विजिलेंस इस मामले की जांच कर रही थी। इसके बाद विजिलेंस ने ठेकेदार सतबीर, कार्यकारी अभियंता प्रेमराज, कनिष्ठ अभियंता शेर सिंह, लिपिक पंकज कुमार, प्रदीप, लेखा शाखा लिपिक तस्लीम के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया। विजिलेंस ने ठेकेदार सतबीर की चार फर्मों के बैंक खातों की जांच की। उसके खातों में नगर निगम की तरफ से 190 करोड़ रुपये का भुगतान मिला। विजिलेंस जांच कर रही है कि इसमें कितने रुपये का काम ठेकेदार द्वारा किया गया और कितना रुपया उसे बिना काम किए मिला। विजिलेंस अधिकारियों का कहना है कि अभी इस मामले में शुरूआत हुई है। इसमें अभी और मुकदमे दर्ज होंगे और गिरफ्तारी होंगी। घोटाले में संलिप्त अन्य अधिकारियों के नाम भी जांच में शामिल किए जाएंगे।

**सरकार व प्रशासन में गजब की सेटिंग रखता है भास्कर**

डी आर भास्कर जोकि चीफ इंजीनियर के पद पर पंचकुला में तैनात हैं, प्रशासन व सरकार में गजब की सेटिंग रखते हैं।

## हरियाणा के पलवल में बनेगा युवकों का भविष्यः कृष्ण पाल गुर्जर

पलवल, प्रात : किरण संवाददाता

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत वीरवार को पलवल के डा.बी.आर. अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम के तहत हेल्थ मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया। इस अवसर पर पलवल विधायक दीपक मंगला,होडल विधायक जगदीश नायर भी मौजूद रहे। राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मेले में लगे स्टॉलों का अवलोकन भी किया और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों की प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में लोगों को बेहत्तर स्वास्थ्य सुविधाऐं प्रदान की जा रही है। कोविड़ 19 वैश्विक महामारी से बचाव के लिए देश में अबतक 187 करोड़ वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है। जल्द ही यह आंकडा 200 करोड़ पार हो जाएगा। देश के नागरिकों के स्वास्थ्य की चिंता करने के साथ साथ अन्य देशों को भी वैक्सीन की डोज पहुंचाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल के कुशल नेतृत्व में पलवल जिले के विकास को गति प्रदान की जा रही है। हरियाणा में सबसे अच्छी कनेक्टिविटी पलवल जिले की है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### टाटा टियागो का कुल बिक्री आंकड़ा चार लाख के पार

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसकी हैचबैक गाड़ी टियागो का कुल बिक्री आंकड़ा चार लाख को पार कर गया है। कंपनी ने यह मॉडल 2016 में बाजार में उतारा था। टाटा मोटर्स में यात्री वाहन श्रेणी के उपाध्यक्ष (बिक्री, विपणन और ग्राहक सेवा) राजन अम्बा ने कहा, यह टाटा मोटर्स के लिए एक एतिहासिक उपलब्धि है, टियागो ऐसी पहली गाड़ी है जिसने इतने कम समय में यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि टियागो युवाओं के लिए पसंदीदा विकल्प बन गई है जो स्टाइल के साथ सुविधा और सुरक्षा चाहते हैं और इस गाड़ी के 60 फीसदी से अधिक खरीददार वे हैं जिनके लिए यह उनकी पहली गाड़ी है। टियागो की इस श्रेणी की गाड़ियों के बाजार में हिस्सेदारी 19 फीसदी है। यह कार दो ईंधन विकल्पों में उपलब्ध है-1.2 लीटर पेट्रोल इंजन और आईसीएनजी।

### नेस्ले इंडिया का मुनाफा 1.25 फीसदी घटकर 594.71 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। एफएमसीजी क्षेत्र की कंपनी नेस्ले इंडिया ने बृहस्पतिवार को बताया कि लागत बढ़ने के कारण मार्च 2022 में खत्म तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 1.25 प्रतिशत घटकर 594.71 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने इससे पिछले वर्ष की समान अवधि में 602.25 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। गौरतलब है कि कंपनी वित्त वर्ष के रूप में जनवरीझ्र दिसंबर का अनुसरण करती है। नेस्ले इंडिया ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी शुद्ध बिक्री 9.74 फीसदी बढ़कर 3,950.90 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष समान अवधि में 3,600.20 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बताया कि जनवरी से मार्च तिमाही के दौरान उसका कुल खर्च 12.98 प्रतिशत बढ़कर 3,195.90 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले साल की इसी अवधि में 2,828.61 करोड़ रुपये था। नेस्ले इंडिया की घरेलू स्तर पर बिक्री 10.23 फीसदी बढ़कर 3,794.26 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष समान अवधि में 3,442.03 करोड़ रुपये थी और निर्यात 0.96 फीसदी की गिरावट के साथ 156.64 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष समान अवधि में 158.17 करोड़ रुपये था।

### एलआईसी का आईपीओ लाने की तारीख पर इस हफ्ते फैसला ले सकती है सरकार

नई दिल्ली। सरकार भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आरंभिक सार्वजनक निर्गम (आईपीओ) को लाने की तारीख पर इस हफ्ते के भीतर निर्णय ले सकती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह कहा। एलआईसी में पांच फीसदी हिस्सेदारी या 31.6 करोड़ शेयर की बिक्री पहले मार्च में होने वाली थी लेकिन भूराजनीतिक तनाव के मद्देनजर इसे स्थगित कर दिया गया था। सरकार के पास भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास नए दस्तावेज दाखिल किए बिना जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए 12 मई तक का समय है। एक अधिकारी ने बताया, आईपीओ कब लाया जाए इस बारे में फैसला इस हफ्ते लिया जा सकता है।

# कच्चे तेल में उबाल से टूट रही है वैश्विक आर्थिक वृद्धि की लय

## 2022 के लिए वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 3.6 प्रतिशत कर दिया गया है

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि की गति विभिन्न बाधाओं के कारण अवरूद्ध हो रही है तथा इस पर ऊंची मुद्रास्फीति के लंबे दौर, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं, कच्चे तेल के बाजार में उफान और निवेशकों के मन में अनिश्चितता का भी असर पड़ रहा है।

श्रीमती सीतारमण वाशिंगटन में जी-20 समूह के देशों के वित्त मंत्रियों और उनके केंद्रीय बैंकों के प्रमुखों की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि जी-20 समूह वृहद आर्थिक चुनौतियों का सामना करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नीतियों के समन्वय को उत्प्रेरित करने के लिए एक अच्छी स्थिति में है। श्रीमती सीतारमण ने विश्व की अर्थव्यवस्थाओं की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह आह्वान ऐसे समय में किया है, जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य पर ताजा रिपोर्ट (वर्ल्ड इकोनोमिक आउटलुक) में 2022 के लिए वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 3.6 प्रतिशत कर दिया गया है। आईएमएफ ने चालू वित्त वर्ष में भारत के वृद्धि दर के अनुमान को भी घटाकर 8.2 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ का कहना है कि वैश्विक आर्थिक महामारी के दीर्घकालिक प्रभावों के साथ-साथ यूक्रेन संकट और वैश्विक जिंस एवं ईंधन बाजार में कीमतों में भारी उछाल का निजी निवेश और उपभोग मांग पर असर पड़ रहा है। जनवरी में आईएमएफ ने भारत की वृद्धि दर 9.0 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

श्रीमती सीतारमण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की ग्रीष्मकालीन बैठकों के सिलसिले में वाशिंगटन में हैं। इस अवसर पर जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के

**अनुमान**

- जनवरी में आईएमएफ ने भारत की वृद्धि दर 9.0 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था

गवर्नरों की भी बैठक आयोजित की गयी। वित्त मंत्री ने वाशिंगटन में एक अलग बैठक में सेमिकंडक्टर इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन न्यूफर से मुलाकात की। उन्होंने न्यूफर को भारत में सेमीकंडक्टर और माइक्रो चिप उद्योग में निवेश आकर्षित करने के लिए सरकार की नीतिगत पहलों की जानकारी दी।

दिल्ली में वित्त मंत्रालय के बयान के अनुसार श्री न्यूफर ने वित्त मंत्री से कहा कि वह भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण उद्योग के लिए अनुकुल परितंत्र के विकास के लिए भारत सरकार की पहल से उत्साहित हैं। उन्होंने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को अधिक विश्वसनीय बनाने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता की सराहना की।

# यूएई, ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए समझौतों के प्रसार के लिए कार्यक्रम आयोजित करेगा वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया के साथ हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के प्रसार के लिए देश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनका आयोजन वाणिज्य मंत्रालय हैदराबाद और मुंबई सहित विभिन्न शहरों में करेगा। एक अधिकारी ने बताया, कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य भारतीय निर्यातकों को उन निर्यात अवसरों के बारे में जानकारी करना है जो ये व्यापार समझौते उन्हें माल और सेवा दोनों क्षेत्रों में प्रदान करेंगे।

मंत्रालय इन कार्यक्रमों का आयोजन हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, दिल्ली और आगरा सहित अन्य शहरों में करेगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहला कार्यक्रम हैदराबाद में शनिवार को आयोजित किया जाएगा। वहीं भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच ऐतिहासिक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता इस साल एक मई से लागू होगा। अमीरात के विदेश व्यापार राज्य मंत्री थानी अल जायोदी ने बृहस्पतिवार को एक ट्वीट में यह जानकारी दी। जायोदी ट्वीट किया, क्या आप अवसर के एक नए युग के लिए तैयार हैं? भारत के साथ समझौता एक मई से लागू होगा। इस समझौते का उद्देश्य हमारे निर्यातकों की दुनिया की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंच बनाने में मदद करने के लिए शुल्क कम करना और व्यापार की बाधाओं को दूर करना है। गौरतलब है कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर 18 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच ऑनलाइन शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे।

**कार्यक्रम**

- मंत्रालय इन कार्यक्रमों का आयोजन हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, दिल्ली और आगरा सहित अन्य शहरों में करेगा

इसका उद्देश्य अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 60 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब अमेरिकी डॉलर करना है। वहीं भारत और ऑस्ट्रेलिया ने दो अप्रैल को आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जिसके तहत ऑस्ट्रेलिया कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभूषण और मशीनरी सहित भारत के 6,000 से अधिक व्यापक क्षेत्रों के लिए अपने बाजार में निःशुल्क पहुंच प्रदान करेगा। मुंबई के निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शारदा कुमार सर्राफ ने कहा, इन समझौतों (यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ) से भारतीय निर्यात में भारी उछाल आने की संभावना है।

# अर्थ डे पर गोदरेज एंड बॉयस ने धरती की सुरक्षा के लिये निवेश करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दुनियाभर में 22 अप्रैल को अर्थ डे मनाया जाता है। गोदरेज ग्रुप की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस ने अर्थ डे से पूर्व हमारे ग्रह के संरक्षण के लिये अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। इसके लिये कंपनी हरित प्रौद्योगिकी में निवेश करेगी, जलवायु सम्बंधी साक्षरता बढ़ाकर पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता पैदा करेगी और औद्योगिक प्रकियाओं में बदलाव करने की परंपरा को जारी रखेगी।

पिछले दस वर्षों में, गोदरेज एंड बॉयस ने अपनी पर्यावरणीय, सामाजिक एवं संचालन (ईएसजी) पहलों के लिये 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया है। यह पहलें कंपनी के गुड एंड ग्रीन दृष्टिकोण का हिस्सा हैं, जो संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप है और, जिसका लक्ष्य है अपनी पहलों के माध्यम से पृथ्वी और उसके लोगों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करना। अर्थ डे के महत्व पर बात करते हुए, गोदरेज एंड बॉयस के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक जमशेद एन. गोदरेज ने जलवायु के लिये काम करने की जरूरत बताई और कॉपोर्रेशंस से संवहनीयता के महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ह्लआज हम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं, जहाँ से हम अतीत की भरपाई नहीं कर सकते, लेकिन यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वर्तमान में हमारे काम एक बेहतर भविष्य की दिशा में हों। यह जरूरी है कि हम खुद को एक कुशल हरित ग्रह के विचार से जोड़ें और ऐसे काम शुरू करें, जो हमें उसी दिशा में ले जाएं। भारत के लिये वर्ष 2070 तक ह्यनेट जीरोह्ल के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करना जरूरी है और यदि हम अपने छोटी अवधि के लक्ष्यों पर ध्यान दें तो वह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्बन की तीव्रता को कम करने और ऊर्जा के एक ज्यादा व्यापक, नवीकरण योग्य मिश्रण के लिए एनर्जी ट्रांजिशन के 2025 और 2030 लक्ष्यों को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित किया जाना चाहिये, जिसके लिये सचेत होकर हरित प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा, व्यवसाय के चक्रीय नमूनों को बढ़ावा देना होगा और व्यक्तिगत स्तर पर भी जीवनशैली में बदलाव करने होंगे।

### आयात रूझानों के आकलन के लिए फियो ने समिति के गठन का सुझाव दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने वाणिज्य मंत्रालय से एक समिति के गठन का अनुरोध किया है जो देश के आयात रूझानों का आकलन करे और उत्पादों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दे जिससे कि व्यापार घाटा कम हो सके। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में 20 अप्रैल को हुई बैठक में फियो के अध्यक्ष ए शक्तिवेल ने यह मुद्दा उठाया। शक्तिवेल ने कहा, आयात में वृद्धि और बढ़ते व्यापार घाटे के मद्देनजर एक समिति का गठन किया जा सकता है जो आयात के रूझानों का आकलन करे और ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन दे। उन्होंने मंत्रालय से अनुरोध किया कि निर्यातकों के लिए संशोधित परिवहन एवं विपणन सहायता (टीएमए) योजना लाई जाए। यह योजना पिछले महीने खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि योजना का समापन होने से कृषि निर्यातकों को झटका पहुंचा है क्योंकि उनमें से ज्यादातर के छोटे व्यवसाय हैं। सेवा निर्यात संवर्धन परिषद के महानिदेशक अभय सिन्हा ने इस बैठक में कहा चालू वित्त वर्ष में सेवा निर्यात का लक्ष्य 300 अरब डॉलर से बढ़ाकर 350 अरब डॉलर किया गया है।

# बीपीसीएल के निजीकरण पर नए सिरे से विचार करेगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) के निजीकरण पर नए सिरे से विचार करने की तैयारी में है। एक अधिकारी का कहना है कि सरकार बीपीसीएल की बिक्री की शर्तों में भी बदलाव कर सकती है। अधिकारी ने कहा, हमें बीपीसीएल के निजीकरण के मामले पर नए सिरे से विचार करना होगा। गठजोड़ के गठन, भू-राजनीतिक स्थिति और ऊर्जा बदलाव जैसे पहलू हैं, जिनपर गौर करने की जरूरत है।

सरकार बीपीसीएल में अपनी समूची 52.98 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की तैयारी कर रही है। बीपीसीएल के लिए तीन रुचि पत्र (ईओआई) मिले हैं। इनमें से एक पेशकश उद्योगपति अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाले वेदांता समूह की ओर से आई है। अभी कंपनी के लिए वित्तीय बोलियां नहीं मांगी गई हैं। अधिकारी ने कहा कि हरित और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बदलाव की वजह से मौजूदा शर्तों के साथ निजीकरण मुश्किल है। उसने कहा, संभावित खरीदारों को कितनी हिस्सेदारी की बिक्री की जाएगी, इसपर भी नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। साथ ही शर्तों को सुगम करना होगा, ताकि निवेशक गठजोड़ (कंसोर्टियम) बना सकें। इस बारे में वित्त मंत्रालय को भेजे गए ई-मेल का जवाब नहीं मिला था। मौजूदा बाजार मूल्य पर बीपीसीएल की 52.98 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री से सरकार को करीब 45,000 करोड़ रुपये प्राप्त हो सकते हैं। सरकार ने बीपीसीएल में हिस्सेदारी बिक्री के लिए मार्च, 2020 रुचि पत्र आमंत्रित किए थे। नवंबर, 2020 तक सरकार को बीपीसीएल के लिए तीन बोलियां मिली थीं।

बीपीसीएल के लिए बोली लगाने वाली कंपनियों में वेदांता के अलावा निजी इक्विटी कंपनियां अपोलो ग्लोबल और आई स्कावयर्ड की पूंजीगत इकाई थिंक गैस शामिल हैं।

### एलआईसी का आईपीओ लाने की तारीख पर फैसला इस हफ्ते संभव

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को लाने की तारीख पर इस हफ्ते निर्णय ले सकती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सरकार के पास एलआईसी का आईपीओ लाने के लिए 12 मई, 2022 तक का वक्त है। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी में पांच फीसदी हिस्सेदारी यानी 31.6 करोड़ शेयर की बिक्री पहले मार्च, 2022 में होने वाली थी। मौजूदा वैश्विक संकट के मद्देनजर सरकार ने इसे स्थगित कर दिया था। दरअसल, प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एलआईसी के 13 फरवरी, 2022 को दाखिल डीआरएचपी को पहले ही अपनी मंजूरी दे दी थी। ऐसे में अगर सरकार 12 मई, 2022 तक एलआईसी का आईपीओ नहीं ला पाती है, तो उसे सेबी के पास दिसंबर तिमाही के नतीजे के साथ नए कागजात दाखिल करने होंगे। उल्लेखनीय है कि 30 सितंबर, 2021 तक एलआईसी कंपनी का अंतर्निहित मूल्य 5.4 लाख करोड़ रुपये था।

# व्यापार सम्मेलन में बंगाल को 3.42 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रसताव मिले : ममता

कोलकाता, एजेंसी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस साल की व्यापार शिखर सम्मेलन में पश्चिम बंगाल को 3.42 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। बनर्जी ने यहां आयोजित बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन-2022 (बीजीबीएस) के समापन सत्र में कहा कि इस दौरान निवेश के लिए कुल 137 समझौता ज्ञापन (एमओयू) और आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इस निवेश के जरिये राज्य में 40 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। इन निवेश परियोजनाओं के जल्द क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कार्यबल का गठन किया जाएगा। इसके अलावा शिखर सम्मेलन में कृषि और उससे संबंधित सेवाओं, सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई), निर्यात, सेवा क्षेत्र और पर्यटन के लिए क्षेत्रीय समितियां भी स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगपतियों की सह-अध्यक्षता में इन समितियों की महीने में एक बार बैठक होगी और ये समितियां अधिक रोजगार पैदा करने और निवेश आकर्षित करने के लिए नीतिगत सुझाव देंगी। उन्होंने कहा कि इस व्यापार सम्मेलन में 42 देशों से 4,300 प्रतिभागी शामिल हुए और अगला शिखर सम्मेलन एक से तीन फरवरी, 2023 में आयोजित किया जाएगा।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख, सेंसेक्स 499 अंक तक उछला

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार दूसरे दिन मजबूती का रुख बना हुआ है। बाजार ने आज मजबूती के साथ कारोबार की शुरूआत की और लगातार जारी उतार-चढ़ाव के बावजूद तेजी का रुख बनाए हुए है। अभी तक के कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, आईटीसी और कोल इंडिया के शेयर लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से शेयर बाजार के टॉप गेनर बने हुए हैं।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 421.10 अंक की मजबूती के साथ 57,458.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में बिकवाली का मामूली दबाव भी बना, जिसकी वजह से अगले 15 मिनट के कारोबार में ही सेंसेक्स गिरकर 57,342.49 अंक के स्तर तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद शुरू हुई लिवाली से बाजार को सपोर्ट मिला और देखते ही देखते सेंसेक्स छलांग लगाकर 57,497.18 अंक के स्तर तक पहुंच गया। बाजार में बीच-बीच में लगातार बिकवाली का दबाव भी बनता रहा, जिसके कारण सेंसेक्स की गति पर ब्रेक भी लगता हुआ नजर आया। लेकिन खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स में लगातार तेजी बनी हुई है। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार के दौरान ही सेंसेक्स 499.80 अंक की मजबूती के साथ 57,537.30 अंक के स्तर तक उछल चुका है। हालांकि बीच में हुई बिकवाली के कारण फिलहाल सेंसेक्स थोड़ा नीचे फिसल कर कारोबार कर रहा है। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 445.22 अंक की मजबूती के साथ 57,482.72 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी आज मजबूती दिखाते हुए 98.05 अंक की बढ़त के साथ 17,234.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में निफ्टी को भी बिकवाली के मामले दबाव का सामना करना पड़ा, जिसकी वजह से ये सूचकांक गिरकर 17,215.50 अंक के स्तर पर आ गया।

शुरूआती गिरावट के बाद बाजार में शुरू हुई लिवाली के सपोर्ट से निफ्टी ने भी तेज छलांग लगाई और 139.75 अंक की उछाल के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 17,276.30 अंक तक पहुंच गया। हालांकि बाद में बाजार में हुई बिकवाली के कारण निफ्टी में भी हल्की गिरावट आई। लेकिन फिलहाल बाजार में लिवाली का जोर कायम रहने के कारण निफ्टी में भी मजबूती बनी हुई है। लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 126 अंक की मजबूती के साथ 17,262.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# टेस्ला ने 3 बिलियन डॉलर का लाभ कमाया, इस साल 1.5 मिलियन कारों का लक्ष्य रखा

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

चीन में चल रही सप्लाई चेन की चुनौतियों और फैक्ट्रियों के बंद होने के बावजूद, एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने इस वर्ष की पहली तिमाही में 3.3 बिलियन डॉलर का लाभ कमाया, जिसमें 18.7 बिलियन डॉलर का राजस्व शामिल है। पहली तिमाही में, टेस्ला ने 305,000 से अधिक वाहनों का उत्पादन किया और 310,000 से अधिक वाहनों की डिलीवरी की।

कंपनी ने कहा कि उसने 295,324 मॉडल 3 और मॉडल वाई वाहनों की डिलीवरी की, जबकि 14,724 मॉडल एस और एक्स के लिए थे। देर रात विश्लेषकों के साथ बातचीत में, मस्क ने भविष्यवाणी की कि इलेक्ट्रिक कार निमार्ता इस साल उत्पादन में तेजी लाने और 1.5 मिलियन कारों का उत्पादन करने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि हम इस साल डेढ़

**जानकारी**

- 295,324 मॉडल 3 और मॉडल वाई वाहनों की डिलीवरी की, जबकि 14,724 मॉडल एस और एक्स के लिए थे

मिलियन कारों का उत्पादन करने में सक्षम होंगे। कंपनी ने इस साल दो नई सुविधाएं- एक बर्लिन में और दूसरी ऑस्टिन, टेक्सस में खोली है। टेस्ला ने मार्च 2022 के दौरान बर्लिन में उत्पादन शुरू किया और इस अप्रैल में टेक्सस से मॉडल वाई की डिलीवरी शुरू की। कंपनी ने कहा कि ऑटोमोटिव राजस्व 16.86 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो 2021 में इसी अवधि से 87 प्रतिशत अधिक है। मस्क ने 43 अरब डॉलर का ट्विटर अधिग्रहण प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि टेस्ला 2023 में रोबोटैक्सी कार्यक्रम आयोजित करेगी और 2024 में वॉल्यूम उत्पादन का लक्ष्य है।

**जानकारी** मुझे लगता है कि यह वास्तव में टेस्ला के विकास का एक बड़ा चालक होगा

# टेस्ला रोबोट कार व्यवसाय से ज्यादा बड़ा होगा : मस्क

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी



टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने भविष्यवाणी की है कि रोबोट जल्द ही कार व्यवसाय और यहां तक कि एफएसडी (फुल-सेल्फ-ड्राइविंग) कार्यक्रम से भी अधिक मूल्यवान होंगे। इस महीने की शुरूआत में टेस्ला के टेक्सस गिगाफैक्ट्री ओपनिंग में मस्क ने कहा था कि ऑप्टिमस रोबोट जैसे उत्पादों की एक नई लहर 2023 में पेश की जाएगी।

मस्क ने बुधवार देर रात कंपनी के 2022 की पहली तिमाही की अर्निंग कॉल के दौरान विश्लेषकों से कहा कि लोगों को ऑप्टिमस रोबोट कार्यक्रम के बारे में लोगों को पता नहीं है। उन्होंने कहा, आने वाले वर्षों में ऑप्टिमस का महत्व स्पष्ट हो जाएगा। जो व्यावहारिक हैं या ध्यान से सुनते हैं वे समझेंगे कि ऑप्टिमस अंततः कार व्यवसाय से अधिक मूल्यवान होगा, एफएसडी से अधिक मूल्यवान होगा। टेस्ला एक ह्यूमनॉइड रोबोट और प्रोटोटाइप पर काम कर रहा है जो 2023 में आएगा। टेस्ला रोबोट का वजन 125 पाउंड होगा और इसमें 5 मील प्रति घंटे की पैदल दूरी होगी। 5.8 इंच के बॉट का उपयोग टेस्ला कारखानों में स्वचालित मशीनों को संभालने के लिए किया जाएगा, साथ ही कुछ हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर जो ऑटोपायलट ड्राइवर सहायता सॉफ़्टवेयर को शक्ति प्रदान करते हैं। महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित करने के लिए रोबोट के चेहरे में एक स्क्रीन होगी। मस्क ने यह भी कहा कि कंपनी एक डेडिकेटेड रोबोटैक्सी पर काम कर रही है। उन्होंने घोषणा की, यह स्वायत्तता के लिए अत्यधिक अनुकूलित है, जिसका अर्थ है कि इसमें स्टीयरिंग व्हील या पेडल नहीं होंगे और इसके आसपास कई अन्य नवाचार हैं जो मुझे लगता है कि काफी रोमांचक हैं। रोबोटैक्सी 2024 में वॉल्यूम प्रोडक्शन तक पहुंच सकती है। मस्क ने कहा, हमारे कुछ अनुमानों को देखते हुए, ऐसा प्रतीत होता है कि रोबोटैक्सी की सवारी बस टिकट, सब्सिडी वाले बस टिकट या सब्सिडी वाले मेट्रो टिकट से सस्ती होगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह वास्तव में टेस्ला के विकास का एक बड़ा चालक होगा। और हम अगले साल साइबरट्रक के वॉल्यूम उत्पादन तक पहुंचने के लिए ट्रैक पर हैं।

**जानकारी**

- लोगों को ऑप्टिमस रोबोट कार्यक्रम के बारे में लोगों को पता नहीं है
- कंपनी एक डेडिकेटेड रोबोटैक्सी पर काम कर रही है

# जूम ने जेस्चर रिकॉग्निशन, व्हाइट बोर्ड सहित नई सुविधाओं की घोषणा की

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी




वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म जूम ने घोषणा की है कि वह जेस्चर रिकॉग्निशन, जूम आईक्यू फॉर सेल्स, जूम व्हाइटबोर्ड आदि सहित नई सुविधाओं को पेश कर रहा है। कंपनी ने कहा कि उपयोगकर्ता अब आसानी से शेयर कर सकते हैं कि वे दूसरों के साथ कैसा महसूस कर रहे हैं और जेस्चर रिकॉग्निशन के साथ सहज जुड़ाव को प्रोत्साहित करते हैं। ये विजुयल जेस्चर, जैसे कि उठाया हुआ हाथ को स्वचालित रूप से संबंधित मीटिंग प्रतिक्रिया प्रदर्शित करने की अनुमति देता है।

यह सुविधा वर्तमान में रेज हैंड एंड थम्स अप प्रतिक्रियाओं का समर्थन करती है और इसके लिए क्लाइंट वर्जन 5.10.3 की आवश्यकता होती है और इसे खाता, समूह या उपयोगकर्ता स्तर पर सक्षम किया जा सकता है। यह सेटिंग क्लाइंट स्तर पर डिफॉल्ट रूप से अक्षम होती है। कंपनी ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, इस अपडेट में, हमने आपको और आपकी टीमों को आपके सहयोग को बढ़ाने, सुरक्षित रखने और सुव्यवस्थित करने में मदद करने के लिए कई सुविधाएं दी हैं, जिसमें जेस्चर रिकॉग्निशन, जूम आईक्यू फॉर सेल्स, जूम व्हाइटबोर्ड, जूम इवेंट्स के लिए बैकस्टेज और बहुत कुछ शामिल हैं। जूम ने कहा कि इसने पूरी तरह से नया व्हाइटबोर्ड लाने के लिए व्हाइटबोर्ड अनुभव को फिर से बनाया है। एक क्रॉस-प्लेटफॉर्म, लगातार, ऑनलाइन, विजुअल सहयोग समाधान जो जूम डेस्कटॉप क्लाइंट, जूम मीटिंग्स और टच डिवाइस के लिए जूम रूम में बनाया गया है। कंपनी ने कहा, आकार, कनेक्टर, स्टिकी नोट्स, चित्र जोड़ना, और बहुत कुछ जैसी सुविधाओं के साथ अपने सहयोग को अगले स्तर तक ले जाएं। जूम व्हाइटबोर्ड पर अधिक जानकारी के लिए हमारे ब्लॉग या जूम व्हाइटबोर्ड वेबसाइट देखें। जूम ने कहा कि कंपनियां अब अपनी सेल्स टीमों को जूम आईक्यू फॉर सेल्स के साथ अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद कर सकती हैं। एक वातार्लाप एआई समाधान जो बिक्री बैठकों से प्रमुख अंतर्दृष्टि, कार्यो और सामग्री की सतह के लिए ग्राहकों की बातचीत का विश्लेषण करता है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतें 15वें दिन भी स्थिर

**नई दिल्ली।** देश में तेल विपणन कंपनियों ने गुरुवार को 15वें दिन भी जीवाश्म ईंधन की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं किया। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85 रुपये और डीजल की कीमत 100.94 रुपये पर बरकरार है। कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 115.12 रुपये प्रति लीटर और 99.83 रुपये प्रति लीटर है। यूक्रेन में चल रहे रूस के सैन्य अभियान के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.92 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 107.77 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.81 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 103.02 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### बेंजीमा के खराब फॉर्म के बावजूद जीता मैड्रिड

मैड्रिड। करीम बेंजीमा दोनों हाफ में एक एक पेनल्टी चूक गए लेकिन इसके बावजूद रीयाल मैड्रिड ने ओसासुना को 3.1 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल खिताब की ओर कदम बढा दिया। मैड्रिड को अब दूसरे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड पर 17 अंक की बढत मिल गई है। दोनों टीमों को अब पांच पांच मैच और खेलने हैं ।बासीलौना 18 अंक पीछे है जिसे सात मैच और खेलने हैं यानी वह मैड्रिड तक पहुंच सकती है। पिछले 11 मैचों में बेंजीमा दूसरी बार ही कोई गोल नहीं कर सके। वह 52वें और 59वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए। मैड्रिड के डिफेंडर डेविड अलाबा ने 12वें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद फॉरवर्ड मार्को असेंसियो ने 45वें मिनट में बढत दुगुनी की।

### एशियाई हैंडबॉल महासंघ ने पीएचएल का समर्थन किया

नई दिल्ली। प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) को बढ़ावा मिला है क्योंकि एशियाई हैंडबॉल महासंघ (एएचएफ) ने शीर्ष एशियाई खिलाड़ियों, अधिकारियों और अन्य विशेषज्ञों का प्रवेश सुनिश्चित करके इस लीग के समर्थन का वादा किया है। पीएचएल के प्रतिनिधिमंडल ने हाल में तेहरान में एएचएफ अधिकारियों के साथ मुलाकात और लीग के खाके पर चर्चा की थी जिसके बाद एशियाई महासंघ ने इसका समर्थन किया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुआई आनंदेश्वर पांडे ने की जो भारतीय हैंडबॉल महासंघ (एचएफआई) के कार्यकारी निदेशक हैं। एएचएफ ने कहा कि उन्होंने हमेशा क्षेत्र में हैंडबॉल की प्रगति को प्रोत्साहित किया है और पीएचएल के सफल आयोजन के लिए उसका हर संभव तरीके से समर्थन करेगा।

### राडुकानू, स्वियातेक स्टुटगार्ट ओपन में जीतीं

स्टुटगार्ट। अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा राडुकानू ने आस्ट्रेलिया की स्टोर्म सैंडर्स को 6.1, 6.2 से हराकर स्टर्टगार्ट ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आठवीं वरीयता प्राप्त राडुकानू का सामना अब जर्मनी की तमारा कोरपाश से होगा। इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने जर्मनी की इवा लिस को 6.1, 6.1 से मात दी। छठी वरीयता प्राप्त कैरोलिना प्लिसकोवा ने चेक गणराज्य की पेत्रा क्वितोवा को 6.4, 4.6, 7.6 से मात दी। अब उनका सामना रूस की लियुडमिला सैमसोनोवा से होगा। पांचवीं वरीयता प्राप्त एनेट कोंटावेट ने एंजेलिक कर्बर को 3.6, 6.4, 6.4 से मात दी। वहीं जर्मनी की ही लौरा एस ने स्लोवेनिया की तमारा जिडांसेक को 6.3, 6.3 से हराया।

### जोकोविच सर्बिया ओपन के तीसरे दौर में

बेलग्रेड। नोवाक जोकोविच ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हमवतन लाज्लो जेरे को 2.6, 7.6, 7.6 से हराकर सर्बिया ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच को यह मैच जीतने के लिये साढे तीन घंटे तक संघर्ष करना पड़ा। यह इस साल में उनका पांचवां ही मैच था और 50वीं रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी ने उन्हें खूब परेशान किया। अब उनका सामना सर्बिया के ही मियोमिर केचमानोविच से होगा जिन्होंने जॉन मिलमैन को 6.4, 7.6 से हराया। जोकोविच को पिछले सप्ताह मोंटे कार्लो मास्टर्स में अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के हाथों अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा था। वह फरवरी में दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। इससे पहले कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण वह आस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिका में टूनार्मेंट नहीं खेल सके थे।

### आईपीएल 2022 का 33वें मैच में मुंबई और चेन्नई आमने-सामने

# तिलक वर्मा का पचासा, मुंबई ने चेन्नई के सामने रखा 156 रनों का लक्ष्य

**मुंबई, एजेंसी**



आईपीएल 2022 का 33वें मैच में मुंबई ने चेन्नई के सामने जीत के लिए 156 का टारगेट रखा है। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए मुंबई इंडियंस के टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों ने निराश किया। हालांकि टीम ने 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 155 रनों का सम्मानजनक स्कोर बनाया। तिलक वर्मा ने सबसे ज्यादा नाबाद 51 रन की पारी खेली।

47 पर पहले 4 विकेट गंवाने के बाद मुंबई की पारी मुश्किलों में नजर आ रही थी। ऐसे में अपना पहला क्ढछ सीजन खेल रहे तिलक वर्मा और ऋतिक शौकीन ने न सिर्फ पारी को संभाला बल्कि 5वें विकेट के लिए महत्वपूर्ण 36 गेंदों पर 38 रन भी जोड़े। दोनों की जोड़ी ने मुंबई के खेमे में एक उम्मीद जगा दी थी, लेकिन ड्वेन ब्रावो ने शौकीन (25) को आउट कर उरङ को 5वीं सफलता दिलाई। ऋतिक का कैच मिडऑफ पर उथप्पा ने पकड़ा।

शुरूआती झटकों के बाद मुंबई की पारी का सारा दारोमदार सूयार्कुमार यादव के कंधों पर आ गया था। उन्होंने लगातार गिरते विकेटों के बीच कुछ बढ़िया शॉट्स भी लगाए, लेकिन एक खराब शॉट खेलकर अपना विकेट गंवा बैठे। सूर्या 32 रन बनाकर मिचेल सैंटनर की गेंद पर आउट हुए। उनका कैच डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर मुकेश चौधरी ने पकड़ा। अपनी पारी में उन्होंने 3 चौके और 1 सिक्स लगााया।

मैच के शुरूआती 6 ओवर रोहित एंड कंपनी के लिए किसी बुरे सपने की तरह रहे। पावर प्ले में टीम ने 3 विकेट खोकर 42 रन बनाए। इस दौरान टीम का रन रेट 7 का था। 5 बार की चैंपियन के तीनों विकेट युवा तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी ने लिए। पहली 36 गेंदों में टकने केवल 4 चौके और 1 छक्का जमाया।

रोहित शर्मा (14) क्ढछ में सबसे ज्यादा शून्य पर आउट होने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस मैच में उन्हें चेन्नई के युवा तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी ने आउट किया। रोहित शर्मा फुल लेंथ गेंद पर फ्लिक करना चाहते थे, लेकिन बल्ले का मुंह पहले ही मोड़ दिया। लीडिंग एज लगा और मिड ऑन पर सैंटनर ने आसान सा कैच पकड़ा। टॉस हारकर बैटिंग करते हुए मुंबई की शुरूआचत खराब रही। युवा तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी ने पहले ही ओवर में कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन के विकेट चटकाए। मैच की दूसरी गेंद पर रोहित बिना खाता खोले मिड ऑन पर सैंटनर को अपना कैच दे बैठे। इसके बाद ओवर की 5वीं गेंद पर मुकेश ने ईशान को शून्य पर क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद मुकेश ने अपने अगले ही ओवर में डेवाल्ड ब्रेविस (4) को धोनी के हाथों कैच आउट कराया।

### स्कोरकार्ड

मुंबई 155/7 (20.0)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा<br>कॉट मिचेल सैंटनर बोल्ड मुकेश चौधरी | | 2 | 0 | 0 |
| ईशान किशन<br>बोल्ड मुकेश चौधरी | | 1 | 0 | 0 |
| डेवाल्ड ब्रेविस<br>कॉट एमएस धोनी बोल्ड मुकेश चौधरी | 4 | 7 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव<br>कॉट मुकेश चौधरी बोल्ड मिचेल सैंटनर | 32 | 21 | 3 | 1 |
| तिलक वर्मा<br>बल्लेबाज़ी | 51 | 43 | 3 | 2 |
| ऋतिक शौकीन<br>कॉट रॉबिन उथप्पा बोल्ड ड्वेन ब्रावो | 25 | 25 | 3 | 0 |
| कीरोन पोलार्ड<br>कॉट शिवम दुबे बोल्ड महीश थीक्षाना | 14 | 9 | 1 | 1 |
| डेनियल सेम्स<br>एल बी डब्ल्यू बोल्ड ड्वेन ब्रावो | 5 | 3 | 1 | 0 |
| जयदेव उनादकट *<br>बल्लेबाज़ी | 9 | 5 | 1 | 0 |
| अतिरिक्त | 5 Runs (B: 0, LB: 2, WD: 3, NB: 0 | | | |
| कुल | 155/7 (20.0/) (RR: 7.75) | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W | Econ |
|---|---|---|---|---|---|
| मुकेश चौधरी | 3 | 0 | 19 | 3 | 6.33 |
| मिचेल सैंटनर | 3 | 0 | 16 | 1 | 5.33 |
| महीश थीक्षाना | 4 | 0 | 35 | 1 | 8.75 |
| रवींद्र जडेजा | 4 | 0 | 30 | 0 | 7.50 |
| ड्वेन प्रिटोरियस | 2 | 0 | 17 | 0 | 8.50 |
| ड्वेन ब्रावो | 4 | 0 | 36 | 2 | 9.00 |

# मैच से पहले काफी अनिश्चितता थी लेकिन टीम का पूरा ध्यान मुकाबले पर था: पंत

**मुंबई, एजेंसी**



दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने यहां पंजाब किंग्स पर जीत दर्ज करने के बाद कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच शुरू होने से पहले कोविड-19 मामला सामने आने से काफी अनिश्चितता बनी हुई थी कि यह खेला जायेगा या नहीं। पंत ने अपने तीनों स्पिनरों के प्रदर्शन की प्रशंसा की जिनकी बदौलत टीम पंजाब किंग्स को 115 रन के स्कोर पर समेटने में सफल रही। साथ ही उन्होंने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (नाबाद 60) और पृथ्वी साव के प्रदर्शन की भी तारीफ की जिनकी मदद से टीम ने 10.3 ओवर में नौ विकेट की आसान जीत दर्ज की।

दिल्ली कैपिटल्स के टिम सिफर्ट को सुबह हुई कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया था जिसके कारण मैच के आयोजन पर संदेह बन गया था। पंत ने मैच के बाद कहा, कोविड को लेकर काफी संदेह बना हुआ था। खिलाड़ी भी संदेह में थे। हम थोड़े नर्वस भी थे क्योंकि बात चल रही थी कि इसे रद्द भी किया जा सकता है। लेकिन हमने बतौर टीम बात की और पूरा ध्यान मैच पर लगाया। वार्नर के अर्धशतक और साव (41) के साथ पहले विकेट के लिये 83 की साझेदारी से टीम ने आसानी से यह छोटा सा लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने वार्नर और साव के बारे में कहा, ज्यादातर मैं उन्हें खुलकर खेलने देता हूं क्योंकि वे अपनी भूमिकायें जानते हैं। पंत ने गेंदबाजों के बारे में कहा, पिच से स्पिनरों को मदद मिल रही थी और हमारे तीनों स्पिनरों ने शानदार गेंदबाजी की। मैन ऑफ द मैच कुलदीप यादव रहे जिन्होंने 24 रन देकर दो विकेट चटकाये। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार अक्षर पटेल (10 रन देकर दो विकेट) के साथ साझा करना चाहिए जिन्होंने मध्य के ओवरों में महत्वपूर्ण विकेट झटके। पंजाब किंग्स के कप्तान मयंक अग्रवाल ने अपनी खराब बल्लेबाजी और खराब गेंदबाजी पर हार का ठीकरा फोड़ा। उन्होंने कहा, हमने न तो अच्छी गेंदबाजी की और न ही अच्छी बल्लेबाजी।

### सचिन और गेल ने पोलार्ड को उनके भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं

**मुंबई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। पोलार्ड ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। पोलार्ड, वेस्टइंडीज की सीमित ओवरों की टीमों के कप्तान थे। उन्होंने कैरेबियाई टीम के लिए कुल 123 वनडे और 101 टी20 मैच खेले हैं। सचिन ने अपने ट्विटर पर कैरेबियाई ऑलराउंडर के साथ एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा,, मैदान पर शानदार तेवर वाला एक फाइटर और चैलेंजर! बधाई पोली !! सचिन और पोलार्ड 2010 से एक-दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं,दोनों इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी, मुंबई इंडियंस का हिस्सा हैं। इस बीच वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल ने अपने साथी खिलाड़ी पोलार्ड को अनोखे अंदाज में बधाई दी। गेल ने ट्वीट किया, विश्वास नहीं हो रहा है कि आप मुझसे पहले संन्यास ले चुके हैं। आपके अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए बधाई... आपके साथ खेलना बहुत अच्छा रहा।

# फिल्मों में किस्मत आजमाएंगे श्रीसंत, 'आइटम नंबर वन' से शुरू करेंगे फिल्मी करियर

**कोच्चि, एजेंसी**



भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत, जिन्होंने पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, बॉलीवुड फिल्म 'आइटम नंबर वन' में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका निर्देशन पालूरन द्वारा किया जा रहा है। अभिनय के अलावा, श्रीसंत फिल्म में एक गाना भी गाएंगे, जिसकी रिकॉर्डिंग कोच्चि के एक स्टूडियो में शुरू हो गई है। गाने में म्यूजिक संजीव मंगलथ ने दिया है।

श्रीसंत ने कहा, मैं वास्तव में सम्मानित हूं। एनएनजी फिल्मों और विशेष रूप से पालूरन, निर्देशक और संगीत निर्देशक को धन्यवाद। यह मेरी पहली हिंदी परियोजना है जिसमें मैं एक गीत गाऊंगा और नृत्य करूंगा। मैं वास्तव में निर्देशक का आभारी हूं, क्योंकि केरल के सभी लोग वास्तव में मेरा समर्थन कर रहे हैं, खासकर क्रिकेट से मेरे संन्यास के बाद। मैं एक कलात्मक परिवार से नहीं हूं, यह मेरा करियर नहीं है, लेकिन मैं इस पेशे में अपना 100 प्रतिशत दूंगा। एक खिलाड़ी के रूप में, सभी सम्मान के साथ अन्य क्रिकेटर और खिलाड़ी जिन्होंने अभिनय किया है, मेरा मानना है कि मैं उनसे काफी बेहतर कर सकता हूं। फिल्म में अपनी भूमिका के बारे में, पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि वह वास्तव में उत्साहित हैं क्योंकि उन्होंने पहले कभी किसी फिल्म में नृत्य नहीं किया है। उन्होंने कहा,मैं फिल्म में एक अच्छा किरदार निभा रहा हूं। लोगों ने मुझे रियलिटी शो में नृत्य करते देखा है, लेकिन यह एक नृत्य-उन्मुख कॉमेडी फिल्म है। यह अंत में एक सस्पेंस और एक शानदार फिल्म है। मैं वास्तव में आगे देख रहा हूं। मैंने कभी नृत्य नहीं किया है मेरी तमिल फिल्म में भी। यही कारण है कि मैं वास्तव में उत्साहित हूं। यह मेरे लिए एक दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण भूमिका है।

श्रीसंत ने आगे कहा कि वह क्रिकेट मैचों में कमेंट्री भी करेंगे लेकिन उनका मुख्य ध्यान लीग मैच खेलने और फिल्में करने पर है। श्रीसंत को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगस्त 2013 में उनके राजस्थान रॉयल्स टीम के साथी अजित चंदीला और अंकित चव्हाण के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कथित स्पॉट फिक्सिंग में शामिल होने के लिए आजीवन प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि, 2019 में उनके आजीवन प्रतिबंध को घटाकर सात साल कर दिया गया, जो सितंबर 2020 में पूरा हुआ।

# कोरोना संक्रमण के बाद पोंटिंग से बातचीत से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा : अक्षर पटेल

**मुंबई, एजेंसी**



पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच से पहले कोरोना संक्रमण की शिकार दिल्ली कैपिटल्स के हरफनमौला अक्षर पटेल ने कहा कि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग से बातचीत से उनकी टीम का मनोबल बढा जिसके दम पर उन्होंने जीत दर्ज की। कोरोना संकट से जूझने के बावजूद दिल्ली ने पंजाब को आईपीएल के मैच में नौ विकेट से हराया।

यह मैच पुणे की बजाय यहां ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। मैच से चंद घंटे पहले ही दिल्ली के विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सीफर्ट कोरोना पॉजिटिव पाये गए थे। अक्षर ने कहा, हम पृथकवास में थे और उसके दो तीन दिन बाद अभ्यास शुरू किया। पोंटिंग ने हमसे कहा कि हमारे पास दो विकल्प हैं। हमें मैच खेलना है। या तो पॉजिटिव मामलों के बारे में सोचकर तैयारी भूल जायें या यह सोचकर कि बाहरी चीजें हमारे हाथ में नहीं हैं, तैयारी पर फोकस करें। उन्होंने कहा, हम अपने खेल पर फोकस कर रहे थे और उसी के मुताबिक रणनीति बनाई। उनकी बातें हमारे जेहन में थी। दिल्ली ने पंजाब को 115 रन पर समेटने के बाद 10.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। डेविड वॉर्नर ने नाबाद 60 रन बनाये। अक्षर ने चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के फॉर्म में लौटने पर खुशी जताते हुए कहा कि दिल्ली टीम प्रबंधन ने उसकी काफी हौसलाअफजाई की है। उन्होंने कहा, माहौल काफी अहम होता है। कुलदीप को आत्मविश्वास की जरूरत थी।

### विजडन के साल के सर्वश्रेष्ठ पांच क्रिकेटरों में नामित हुए रोहित शर्मा और बुमराह

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विजडन के साल के सर्वश्रेष्ठ पांच क्रिकेटरों में नामित किया गया है। दोनों ने पिछले साल इंग्लैंड दौरे पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी औसत में शीर्ष स्थान हासिल किया था। पांच मैचों की इस श्रृंखला में भारतीय टीम 2-1 से आगे है, श्रृंखला का पांचवां और आखिरी टेस्ट कोविड के कारण रद्द कर दिया गया था, जो इस वर्ष जुलाई में खेला जाएगा। रोहित-बुमराह के अलावा, ओली रॉबिन्सन, डेवोन कॉनवे और डेन वान नीकेर को भी विजडन के वर्ष के पांच क्रिकेटरों के रूप में नामित किया गया है। दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली दुनिया की नई अग्रणी महिला क्रिकेटर हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट को 2022 के लिए विजडन के विश्व में अग्रणी क्रिकेटर के रूप में नामित किया गया है। रूट के नाम बतौर टेस्ट कप्तान इंग्लैंड को सबसे अधिक मैचों में जीत दिलाने का रिकॉर्ड है। उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने 27 मैचों में जीत दर्ज की है। उनके बाद माइकल वॉन (26), सर एलेस्टेयर कुक और सर एंड्रयू स्ट्रॉस (प्रत्येक 24) हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स बनाम राजस्थान : कुलदीप और चहल के बीच होगा फिरकी का मुकाबला

**मुंबई, एजेंसी**



**अंकुश**

- चहल के लिये चुनौती डेविड वॉर्नर के बल्ले पर अंकुश लगाने की होगी

आत्मविश्वास से ओतप्रोत राजस्थान रॉयल्स का सामना आईपीएल के मैच में आज दिल्ली कैपिटल्स से होगा तो नजरें फिरकी के जादूगरों युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव के हुनर पर लगी होंगी।

आरेंज कैपधारी जोस बटलर (375 रन) और परपल कैपधारी चहल (17 विकेट) के फॉर्म को देखते हुए रॉयल्स इस सत्र की सबसे मजबूत टीमों में से एक बन गई है। शिमरोन हेटमायेर को छोड़कर मध्यक्रम में कोई चल नहीं सका लेकिन इसकी कमी रॉयल्स को खल नहीं रही है। दूसरी ओर दिल्ली के खेमे में कोरोना संक्रमण का साया है लेकिन इसके बावजूद टीम ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को हराया। कलाई के स्पिनर कुलदीप 13 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है और बटलर को अच्छी चुनौती पेश करेंगे। कुलदीप, अक्षर पटेल और ललित यादव की कोशिश रनगति पर अंकुश लगाने की होगी लेकिन बल्लेबाजों की मददगार वानखेड़े की पिच पर बटलर को रोकना उनका प्रमुख एजेंडा होगा। वहीं चहल के लिये चुनौती डेविड वॉर्नर के बल्ले पर अंकुश लगाने की होगी। पृथ्वी साव और कप्तान ऋषभ पंत को भी रन बनाने से रोकना होगा। पिछले पांच साल में कुल चा ने काफी उतार चढाव देखे हैं जिनकी 2017 से 2019 के बीच तूती बोलती थी। चहल को पिछले टी20 विश्व कप की टीम से बाहर कर दिया गया था जबकि कुलदीप भी खराब फॉर्म के कारण रणनीति से बाहर हो गए थे।

उन्हें राष्ट्रीय टीम प्रबंधन और पिछली आईपीएल टीम (केकेआर) से सहयोग नहीं मिला और वह घुटने की चोट का भी शिकार हो गए। अब दोनों के चेहरों पर मुस्कान लौटी है और तरकश में कई तीर भी। दिल्ली के पास मुस्ताफिजूर रहमान और खलील अहमद के रूप में भी चतुर तेज गेंदबाज हैं जो रियान पराग और संजू सैमसन को परेशान कर सकते हैं। दूसरी ओर रॉयल्स के पास डैथ ओवरों में वेस्टइंडीज के ओबेद मैकॉय जैसा गेंदबाज है जिसने केकेआर के खिलाफ शानदार आखिरी ओवर डाला था। पिछले मैच में आईपीएल में पदार्पण करने वाले मैकॉय को गेंदबाजी में लंबे कद का फायदा मिल रहा है। इससे दिल्ली के बल्लेबाजों के लिये वह परेशानी का सबब बन सकते हैं। रॉयल्स की तरह ही मध्यक्रम की बल्लेबाज दिल्ली की भी चिंता का विषय है जिसके पास पंत के अलावा ऐसा कोई बल्लेबाज नहीं है जो गेंदबाजों की बखिया उधेड़ सके। मनदीप सिंह चल नहीं सके और सरफराज खान भी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं।

# गेंदबाजों ने बल्लेबाजों का काम आसान कर दिया : वार्नर

**मुंबई, एजेंसी**



**बल्लेबाज**

- वार्नर ने 1,000 रनों के आंकड़े को भी पार किया और आईपीएल इतिहास में किसी एक टीम के खिलाफ रोहित शर्मा के बाद ऐसा करने वाला केवल दूसरे बल्लेबाज बने

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में बुधवार को तीसरी जीत दर्ज करने के बाद, दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा कि गेंदबाजों ने पंजाब किंग्स को 115 रनों पर समेट कर बल्लेबाजों का काम आसान कर दिया। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में, डेविड वार्नर ने 60 रनों की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली, जिसकी बदौलत दिल्ली ने पंजाब को आसानी से नौ विकेट से हरा दिया।

अपना नाबाद अर्धशतकीय पारी के साथ ही वार्नर ने अपना लगातार तीसरा अर्धशतक और टूनार्मेंट में अपना 53 वां अर्धशतक दर्ज किया। उन्होंने 30 गेंदों की अपनी पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। इसके अलावा वार्नर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 1,000 रनों के आंकड़े को भी पार किया और आईपीएल इतिहास में किसी एक टीम के खिलाफ रोहित शर्मा के बाद ऐसा करने वाला केवल दूसरे बल्लेबाज बने। वार्नर ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि गेंदबाजों ने शानदार काम किया और हमारे लिए इसे आसान बना दिया। हमें पीछा करने के दौरान पावरप्ले में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पिछली रात की तुलना में यह एक अलग सतह थी, लेकिन हमारे गेंदबाजों को श्रेय जाता है।

आयोजकों का आभारी हूं कि हम अपने कमरों से बाहर निकलने और आज रात खेलने में सक्षम थे। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ सकारात्मक होने की कोशिश कर रहा था और शॉ के साथ खेलने के लिए खुश हूं.. मेरे लिए पिच पर टिकना और अपना सर्वश्रेष्ठ देना यह मूल बातें है। मेरे बच्चे बस यह जानना चाहते हैं कि मैं जोस बटलर की तरह शतक क्यों नहीं बना सकता। यह बहुत अच्छा है कि दुनिया भर के छोटे बच्चे इस खेल को देखते हैं। मैच की बात करें तो इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स को 115 रनों पर समेट दिया और फिर बल्लेबाजों ने 10.3 ओवरों में टीम को जीत दिला दी। पंजाब का 115 रन इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया अब तक का सबसे कम स्कोर है।

# निकहत जरीन ने कहा, तकनीकी रूप से सक्षम मुक्केबाज बन गई हूं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई कर चुकी महिला मुक्केबाज निकहत जरीन ने कहा है कि वर्षों से अपने प्रदर्शन का विश्लेषण करके वह तकनीकी रूप से सक्षम मुक्केबाज बन गई हैं।

टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) की डेवलपमेंट टीम का हिस्सा निकहत तुर्की में छह से 21 मई तक होने वाली महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन को लेकर उत्साहित हैं। तोक्यो ओलंपिक 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और निकहत सहित कुल 12 भारतीय मुक्केबाज इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी जिसमें इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों से पहले उनकी कड़ी परीक्षा होगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा जारी विज्ञप्ति में निकहत ने कहा, मैं बेहद रोमांचित और आश्वस्त हूं (विश्व चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा को लेकर)। पिछले कुछ समय में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया है और उम्मीद करती हूं कि इसे जारी रखूंगी। मैंने इसके लिए अच्छी तैयारी की है। उन्होंने कहा, मैंने अपने प्रदर्शन का विश्लेषण किया है और उन चीजों पर काम किया है जिनमें कमी महसूस हो रही थी। विश्व चैंपियनशिप में मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगी। मैंने अपने खेल में शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से सुधार किया है। मैं अब तकनीकी रूप से अधिक सक्षम मुक्केबाज हूं।

# पाकिस्तान और नीदरलैंड पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे अगस्त में

**लाहौर, एजेंसी**



**महत्वपूर्ण**

- नीदरलैंड में क्रिकेट के विकास के साथ-साथ 2023 विश्व कप के लिए दोनों टीमों की प्रगति की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण है

पाकिस्तान और नीदरलैंड अगस्त में अपनी पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे। वहीं, रॉटरडैम तीन आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग मैचों की मेजबानी करेगा। श्रृंखला के तीनों मैच 16, 18 और 21 अगस्त को खेले जाएंगे।

तीन सुपर लीग एकदिवसीय मैचों की योजना पहले जुलाई 2020 में बनाई गई थी, लेकिन कोविड-19 के प्रकोप के बाद इसे स्थगित करना पड़ा। मेजबान नीदरलैंड ने अपने 10 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग मैचों में से दो जीते हैं, जबकि पाकिस्तान के पास 12 मैचों में 50 प्रतिशत का रिकॉर्ड है। पीसीबी निदेशक जाकिर खान ने एक बयान में कहा, हमें खुशी है कि रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन के समर्थन से, हम श्रृंखला को पुनर्निर्धारित करने में सक्षम हैं, जो नीदरलैंड में क्रिकेट के विकास के साथ-साथ 2023 विश्व कप के लिए दोनों टीमों की प्रगति की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा, हमारी पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का 2021-22 सीजन शानदार रहा और मुझे विश्वास है कि वे अच्छे क्रिकेट के साथ प्रवासी पाकिस्तानियों और डच दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। यह श्रृंखला खेल के प्रति नए और युवा दर्शकों को आकर्षित करने में भी मदद करेगी।

डच टीम ने 2017 में आईसीसी विश्व क्रिकेट लीग चैम्पियनशिप जीतकर व 12 पूर्ण सदस्यों में शामिल होकर 13वें टीम के रूप में अपनी जगह पक्की की थी।

# आरएफडीएल : केरल की लगातार दूसरी जीत, हैदराबाद ने भी चखा जीत का स्वाद

**गोवा, एजेंसी**

केरला ब्लास्टर्स एफसी ने कप्तान आयुष अधिकारी के गोल की बदौलत यहां जारी रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इसी तरह हैदराबाद एफसी ने भी पहली बार हो रहे इस टूनार्मेंट में जीत का स्वाद चखा। अपने पहले मैच में हैदराबाद को हराने वाली केरला ने दूसरे मैच में मुम्बई सिटी एफसी को एक गोल के अंतर से हराया जबकि हैदराबाद की टीम ने अपने दूसरे मैच में रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स (आरएफवाईसी) को 2-1 से शिकस्त दी। नागोवा मैदान पर अधिकारी ने अपनी टीम के लिए पांचवें मिनट में गोल किया जबकि दिन के दूसरे मैच में हैदराबाद ने आरएफवाईसी के डिफेंडर शिवाल्डो सिंह द्वारा 62वें किए गए आत्मघाती गोल और बिश्नू बोरडोलोई द्वारा 64वें मिनट में किए गए गोल की मदद से जीत हासिल की। आरएफवाईसी के लिए राजीबुल मिस्त्री ने 32वें मिनट में पेनाल्टी पर गोल किया था। अधिकारी ने केरला को इस साल हीरो आईएसएल के फाइनल में पहुंचाने में अहम किरदार निभाया था। अधिकारी ने पहले मैच की तरह इस मैच में मैदान पर हर ओर अपना जलवा दिखाया और मुंबई के मिडफील्डरों को पांच मिनट में ही गच्चा देकर गोल कर दिया। मैदान के बीचो-बीच गेंद कलेक्ट करने के बाद अधिकारी ने बड़ी चपलता के साथ हैदराबाद के बाक्स में प्रवेश किया और फिर उसके गोलकीपर बिशाल लामा को छकाकर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया, जो बाद में निर्णायक गोल साबित हुआ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें

### श्रीलंका में खुले स्थानों पर मास्क लगाना फिर अनिवार्य किया गया

कोलंबो। श्रीलंका सरकार ने खुले स्थानों पर मास्क लगाने को बृहस्पतिवार को एक बार फिर से अनिवार्य कर दिया। इससे दो दिन पहले ही सरकार ने खुले सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाने की अनिवार्यता खत्म कर दी थी, लेकिन बंद स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में मास्क लगाना जरूरी था। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. ए गुणावर्धना ने एक बयान में कहा कि स्वास्थ्य मंत्री चन्नी जयसुमना की ओर से सोमवार को घोषित की गई छूट को अस्थायी रूप से स्थगित किया जाता है। उन्होंने कहा कि देश में हो रही बड़ी सार्वजनिक सभाओं को ध्यान में रखते हुए, खुले स्थानों पर मास्क लगाने की अनिवार्यता खत्म करने वाली घोषणा पर अस्थायी रोक लगाई जाती है और पहले की तरह ही बाहर भी मास्क अनिवार्य होगा। निर्देश बृहस्पतिवार मध्य रात्रि से प्रभावी हो जाएंगे।

### बीमार पति की मदद के लिए बेल्जियम की विदेश मंत्री ने पद से दिया इस्तीफा

ब्रसेल्स। बेल्जियम की विदेश मंत्री सोफी विल्म्स अपने पद से इसलिए इस्तीफा दे रही हैं ताकि वे अपने पति के साथ अधिक समय व्यतीत कर सकें, जिनके हाल ही में मस्तिष्क कैंसर से पीड़ित होने का पता चला है। सोफी विल्म्स ने बृहस्पतिवार को ट्विटर पर जारी एक पत्र में कहा कि उनकी नौकरी सख्ती, उपलब्धता और प्रतिबद्धता की मांग करती है जो मुझे क्रिस्टोफर और हमारे बच्चों को सहायता और आराम प्रदान करने की अनुमति नहीं देगी जिसकी उन्हें फिलहाल जरूरत है। विल्म्स ने कहा, मैं उनके लिए वहां रहना चाहती हूं जैसे वह हमेशा हमारे लिए रहे हैं। विल्म्स (47) ने 2019-2020 के दौरान बेल्जियम की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। वह देश की पहली महिला विदेश मंत्री भी थीं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यूक्रेन और रूस के युद्ध से जुड़े भू-राजनीतिक संघर्ष के बीच कामकाज कौन संभालेगा।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के सुरक्षाकर्मी को जापानी शख्स से वसूली के जुर्म में जेल की सजा

सिंगापुर। सिंगापुर में एक आलीशान इमारत में भारतीय मूल के एक सुरक्षा कर्मी को बृहस्पतिवार को 27 महीने की जेल और तीन कोड़े मारने की सजा सुनायी गयी। उसने एक जापानी व्यक्ति से वसूली के दोष को स्वीकार कर लिया था, जो एक महिला के साथ इमारत में विकलांग के लिए बने शौचालय से बाहर निकलने हुए पकड़ा गया था। स्ट्रेट टाइम्स की खबर के अनुसार, पिछले साल 19 अक्टूबर को हुई घटना के बाद गिरफ्तार किए गए गणेशन गुणसागरन वेस्ट कोस्ट क्रीसेंट में सीहिल इमारत में वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी था। उसने एक जापानी शख्स और एक महिला को विकलांग के लिए बने शौचालय से एक साथ बाहर निकलते हुए पकड़ लिया था और जापानी व्यक्ति को अवैध रूप से शौचालय में घुसने के लिए जांच कराने की धमकी दी थी।

### सात चुनावी न्यासों को मिला 258 करोड़ का दान, भाजपा को मिली 82 प्रतिशत राशि : एडीआर

नई दिल्ली। सात चुनावी न्यासों (इलेक्टरल ट्रस्ट) को कुल 258.49 करोड़ रुपये की राशि कॉरपोरेट जगत और व्यक्तियों से बतौर दान में मिली जिनमें से 82 प्रतिशत से अधिक राशि अकेले भारतीय जनता पार्टी को दी गई। यह जानकारी चुनाव अधिकार निकाय एडीआर ने दी है। चुनावी न्यास गैर लाभकारी संगठन हैं जिनकी स्थापना भारत में राजनीतिक दलों के लिए उद्योगों और व्यक्तियों से व्यस्थित तरीके से चंदा (योगदान) प्राप्त करने के लिए की गई है। इसका उद्देश्य चुनाव संबंधी खर्चों के लिए राशि के इस्तेमाल में पारदर्शिता लाना है। द एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा कि 23 में से 16 चुनावी न्यासों ने वित्त वर्ष 2020-21 में अपने योगदान की विस्तृत जानकारी निर्वाचन आयोग को सौंप दी है जिनमें से केवल सात ने ही राशि मिलने की घोषणा की है। रिपोर्ट में कहा गया, सात चुनावी न्यासों ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए मिली राशि की घोषणा की है जिन्होंने उद्योग घरानों और व्यक्तियों से कुल 258.49 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त की है।

# अफगानिस्तान के विभिन्न इलाकों में तीन विस्फोट

काबुल, एजेंसी



अफगानिस्तान में गुरुवार को एक के बाद एक कुल तीन विस्फोट हुए। उत्तरी अफगानिस्तान के मस्जिद में हुए विस्फोट में दस के मरने की खबर है और 40 जख्मी हैं। वहीं काबुल में सड़क किनारे हुए विस्फोट की चपेट में आने से दो बच्चे जख्मी हो गए। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली है। इसके अलावा अफगानिस्तान के कुंदूज में हुए विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई स्वास्थ्य अधिकारी नजीबुल्ला साहेल ने यह जानकारी दी और बताया कि घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। उत्तरी अफगानिस्तान स्थित एक मस्जिद में गुरुवार को विस्फोट हो गया। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 40 जख्मी बताए जा रहे हैं। न्यूज एजेंसी एपी को यह जानकारी अस्पताल के अधिकारियों ने दी है। जब से यहां तालिबानी हुकूमत आई है तब से यहां विस्फोट व हमलों का सिलसिला जारी है। अफगानिस्तानी मीडिया टोलो न्यूज ने ट्वीट कर इस घटना की जानकारी दी थी। इसके अनुसार विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई है और 65 जख्मी हैं। इससे पहले विस्फोट की जानकारी तालिबान के कमांडर ने भी दी थी। तालिबान कमांडर के प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वाजेरी ने कहा, ह्यमस्जिद में विस्फोट की घटना हुई जिसमें 20 से अधिक लोग जख्मी हैं। इसके पहले राजधानी काबुल में सड़क किनारे हुए विस्फोट में दो बच्चों के घायल होने की खबर है। काबुल पुलिस प्रवक्ता खालिद जादरान ने यह जानकारी ट्वीट के जरिए दी। इसी इलाके में दो दिन पहले शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाया गया। अनेकों विस्फोट में छह लोग मारे गए जिनमें से अधिकतर बच्चे थे। आज हुए हमले की जिम्मेवारी अब तक किसी संगठन ने नहीं ली है। जब से अफगानिस्तान पर तालिबानी हुकूमत काबिज हुई है विस्फोट व हमलों की घटनाएं नियमित हो गईं हैं। यह जानकारी स्थानीय तालिबान कमांडर ने दी। खोरासान में इस्लामिक स्टेट के आतंकियों ने पहले स्कूलों को निशाना बनाया था साथ ही शिया बहुल इलाके दश्त-ए-बार्ची पर भी हमले किए थे। पिछले महीने मार्च में कंधार में राकेट विस्फोट हुआ था जिसमें कम से कम चार बच्चों की मौत हो गई थी। तालिबान के आने के बाद युद्धग्रस्त देश में केवल राकेट व मिसाइलों के हमले हो रहे हैं। पिछले साल मई में दश्त-ए-बार्ची और स्कूल के बाहर हुए विस्फोट में 60 से अधिक बच्चे जख्मी हो गए थे जिसमें से अधिकतर लड़कियां ही थीं। दश्त-ए-बार्ची और पश्चिमी काबुल के कई इलाके शिया अल्पसंख्यकों का है। यह इलाका अधिकतर इस्लामिक स्टेट के निशाने पर रहा है।

# इस पृथ्वी दिवस पर बाइडन जलवायु एजेंडे में चुनौतियां का सामना करेंगे

वाशिंगटन, एजेंसी




एक साल पहले जो बाइडन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपना पहला पृथ्वी दिवस ग्लोबल वार्मिंग पर एक ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं को जमा कर मनाया था जिसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी शामिल हुए थे। बाइडन ने इस मौके पर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को घटाने के लिए अमेरिकी लक्ष्य को करीब-करीब दोगुना करने का ऐलान किया था जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में मुल्क को पहली कतार में खड़ा करता है। मगर उसके बाद के महीनों में कई नाकामियां हाथ लगीं। बाइडन के कई अहम प्रस्ताव संसद में अटक गए। हालांकि वैज्ञानिकों की इस तरह की चेतावनियां हैं कि दुनिया खतरनाक भविष्य की ओर बढ़ रही है जहां तेज गर्मी व सूखा पड़ेगा और तूफान आएंगे। इसके अलावा, यूक्रेन की जंग ने भी जलवायु परिवर्तन की राजनीति में फेरबदल किए हैं। इस वजह से बाइडन ने राष्ट्र के रणनीतिक भंडार से तेल जारी किया है तथा जमीन से और गैस निकालने को इस उम्मीद से प्रोत्साहित किया है कि गैस की बढ़ती कीमतों को कम किया जा सके। बाइडन वाहनों के लिए ईंधन अर्थव्यवस्था मानकों को बढ़ा रहे हैं और पिछले साल द्विदलीय बुनियादी ढांचे के कानून में हरित नीतियों को शामिल किया है, लेकिन ज्यादा प्रगति नहीं होने से राष्ट्रपति के रूप में उनके दूसरे पृथ्वी दिवस पर ग्रहण लगता दिख रहा है। बाइडन पृथ्वी दिवस के मौके पर शुक्रवार को सिएटल में होंगे जहां उनके साथ गवर्नर जे इंसली होंगे। वह डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े हैं और जलवायु पर काम करने को लेकर उनकी राष्ट्रीय प्रतिष्ठता है। बाइडन बृहस्पतिवार को पोर्टलैंड जाएंगे। यह प्रशांत उत्तर पश्चिम का ऐसा क्षेत्र है जो अक्सर पर्यावरणीय प्रयासों में सबसे आगे रहा है। प्रशासन के अधिकारी बाइडन के ग्लोबल वार्मिंग के रिकॉर्ड का बचाव करते हुए दिखे। उनका कहना है कि और काम करने की जरूरत है। राष्ट्रपति के राष्ट्रीय जलवायु पर उप सलाहकार अली जैदी ने कहा, दो चीजें एक वक्त पर सच हो सकती हैं। हम बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं, और अभी लंबा सफर तय करना है। उन्होंने माना कि कई विपरीत परिस्थितयां और चुनौतियां हैं।

## इमरान ने पीएम पद जाने के लिए सेना प्रमुख जनरल बाजवा को जिम्मेदार बताया

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए आरोप लगाया है कि ह्यगलत कृत्यों में शामिल शक्तिशाली प्रतिष्ठान के कुछ तत्व उनके सत्ता से बेदखल होने के लिए जिम्मेदार थे। बुधवार रात ट्विटर पर पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए इमरान ने लिखा, संस्थाओं में भी इंसान हैं। अगर एक या दो व्यक्ति कुछ गलत करते हैं तो पूरी संस्था जिम्मेदार नहीं होती है। यदि एक व्यक्ति (सेना प्रमुख जनरल बाजवा के संदर्भ में) कोई गलती करता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि पूरी संस्था ही गलत है। पाकिस्तान के पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने बुधवार को एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और सेना के बीच रिश्ते कई महीनों से तनावपूर्ण थे। उन्होंने कहा कि, ह्लहमने प्रतिष्ठान (सेना) के साथ अपनी गलतफहमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके।ह्व पाकिस्तान के गठन को सात दशक से कुछ ज्यादा वक्त हुआ है और इस दौरान आधे से ज्यादा समय तख्ता पलट कर देश पर सेना ने शासन किया है। विशेषज्ञों के मुताबिक, पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में उनके खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पारित होने के बाद 10 अप्रैल को प्रधानमंत्री पद गंवाने वाले इमरान ने पाक सेना का समर्थन उस समय खो दिया था, जब उन्होंने बीते साल खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रमुख के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम की नियुक्ति को समर्थन देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, वह अंत में इसके लिए तैयार हो गए, लेकिन तब तक सेना से उनके संबंध बिगड़ चुके थे। इमरान खान (69) अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से अपदस्थ किए जाने वाले पाकिस्तान के एकमात्र प्रधानमंत्री हैं। बतौर प्रधानमंत्री पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के शहबाज शरीफ ने उनकी जगह ली है। इमरान ने अपने समर्थकों से बृहस्पतिवार को लाहौर की मीनार-ए-पाकिस्तान पहुंचने का आह्वान किया है और वह इस आयोजन को मुल्क के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी रैली बनाने का लक्ष्य रखते हैं। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाएं भ्रष्ट नहीं हैं, लेकिन उनसे जुड़े कुछ तत्व गलत कृत्यों में शामिल होते हैं।

# पुतिन का सेना को मारियुपोल में यूक्रेन के अंतिम गढ़ पर धावा नहीं बोलने का आदेश

कीव, एजेंसी



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी सेना को आदेश दिया है कि वह यूक्रेन के अंतिम गढ़ मारियुपोल पर धावा बोलने के बजाय उसे चारों ओर से घेर ले ताकि वहां परिंदा भी पर न मार सके। रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा कि अजोवस्तान इस्पात संयंत्र के अलावा बाकी के शहर को मुक्त कर दिया गया है। रूस के अधिकारी यूक्रेन के उन इलाकों को मुक्त बता रहे हैं, जिन पर उन्होंने कब्जा कर लिया है। इस संयंत्र में यूक्रेनी सेना छिपी हुई है। पुतिन ने इसे सफलता बताया है। हालांकि, इस संयंत्र को यूक्रेन के हाथों में छोड़ने से रूस की मारियुपोल पर पूर्ण विजय घोषित करने की क्षमता खत्म हो गयी है। बंदरगाह शहर मारियुपोल को कब्जे में लेना रूस के लिए सामरिक और सांकेतिक, दोनों रूप से महत्वपूर्ण है। यह रूस और क्रीमियाई प्रायद्वीप को भूमि के जरिये जोड़ देगा और इससे रूसी सेना डोनबास में कहीं भी जा सकती है। शोइगु ने कहा कि इस संयंत्र को सुरक्षित रूप से घेर लिया गया है। इससे पहले उन्होंने कहा कि नागरिकों को लेकर चार बसें शहर से बाहर निकल गयी हैं। हजारों और नागरिक शहर में हैं। यूक्रेन की उप प्रधानमंत्री इरिदा वेरेश्चुक ने कहा कि मारियुपोल से नागरिकों को निकालने की एक और कोशिश बृहस्पतिवार को की जाएगी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ताजा घटनाक्रम से इस पर क्या असर पड़ेगा। कीव में स्पेन के प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज और डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडेरिकसेन राजधानी की यात्रा के साथ उसके प्रति समर्थन जताने वाले यूरोप के नेताओं की सूची में शुमार हो गए हैं। वे राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे, जिन्होंने रात में एक वीडियो संदेश में आगाह किया कि रूसी नए, बड़े पैमाने पर हमले करके कुछ न कुछ जीत हासिल करने की अपनी कोशिशों को नहीं छोड़ रहे हैं। डेनमार्क के प्रधानमंत्री ने एक बयान में कहा, पश्चिमी देश यूक्रेनी लोगों के समर्थन में एक साथ खड़े हैं। इस बीच, रूस ने कहा है कि उसने संघर्ष को खत्म करने के लिए अपनी मांगों का एक मसौदा यूक्रेन को सौंपा है। वैश्विक तनाव बढ़ने पर रूस ने नयी तरह की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल ह्यसरमटह्व के पहले सफल परीक्षण की जानकारी दी। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यह किसी भी मिसाइल रक्षा प्रणाली से बच सकती है और रूस को धमकाने वाले लोगों को दो बार सोचने पर मजबूर करती है। रूस की सरकारी अंतरिक्ष एजेंसी ने इस परीक्षण को नाटो को तोहफा बताया। पेंटागन ने इसे नियमित परीक्षण बताया और कहा कि वह इसे खतरा नहीं मानता है। युद्ध के मोर्चे पर यूक्रेन ने कहा कि मॉस्को के पूर्वी क्षेत्र पर हमले जारी हैं। रूस ने कहा कि उसने ठिकानों पर सैकड़ों मिसाइल और हवाई हमले किए। इसमें सेना और वाहनों के जमावड़े वाले ठिकाने भी शामिल हैं। क्रेमलिन ने कहा कि उसका मकसद डोनबास को कब्जे में लेना है। मुख्यतः रूसी भाषी यह पूर्वी क्षेत्र कोयला खदान, धातु संयंत्रों और भारी उपकरण वाली फैक्ट्रियों का गढ़ है। वहीं, लुहांस्क के गवर्नर ने कहा कि रूसी सेना का उनके क्षेत्र के 80 फीसदी हिस्से पर कब्जा है। रूस के 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमला करने से पहले कीव सरकार का लुहांस्क क्षेत्र के 60 फीसदी हिस्से पर कब्जा था। गवर्नर सेरही हेदई ने कहा कि रूसी सेना क्रेमिन्ना पर कब्जा जमाने के बाद रूबिझने और पोपस्ना के शहरों की ओर बढ़ रही है। उन्होंने सभी निवासियों से तत्काल शहर छोड़ने का अनुरोध किया है। रूस ने कहा है कि उसने संघर्ष को खत्म करने के लिए अपनी मांगों का एक मसौदा यूक्रेन को सौंपा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, गेंद उनके पाले में है, हम जवाब की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने मसौदे प्रस्ताव पर कोई जानकारी नहीं दी और यह भी स्पष्ट नहीं है कि इसे कब भेजा गया गया।

## सीबीआई ने जम्मू कश्मीर के पूर्व उपराज्यपाल के आरोपों पर दो प्राथमिकी दर्ज कीं

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू कश्मीर कर्मचारी स्वास्थ्य देखभाल योजना और कुरु जलविद्युत परियोजना के काम के लिए अनुबंध देने में भ्रष्टाचार के संबंध में दो प्राथमिकियां दर्ज की हैं। पूर्व उप राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने इनमें भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने प्राथमिकियां दर्ज करने के बाद जम्मू, श्रीनगर, दिल्ली, मुंबई, नोएडा, केरल में त्रिवेंद्रम और बिहार में दरभंगा में 14 स्थानों पर आरोपियों के परिसर पर तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने जम्मू कश्मीर कर्मचारी स्वास्थ्य देखभाल बीमा योजना का अनुबंध रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी को देने और 2017-18 में तकरीबन 60 करोड़ रुपये जारी करने में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है। दूसरी प्राथमिकी कुरु हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के सिविल कार्य के 2,200 करोड़ रुपये का ठेका 2019 में एक निजी कंपनी को देने में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। मलिक ने दावा किया था कि उन्हें परियोजनाओं से संबंधित दो फाइलें पास करने के लिए 300 करोड़ रुपये की घूस की पेशकश की गयी थी। मलिक ने कहा था कि कश्मीर जाने के बाद मेरे पास मंजूरी के लिए दो फाइलें आयी, जिसमें से एक फाइल अंबानी और दूसरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक से संबंद्ध एक व्यक्ति की थी, जो पूर्ववर्ती महबूबा मुफ्ती नीत (पीडीपी-भाजपा गठबंधन) सरकार में मंत्री था और प्रधानमंत्री का बेहद करीबी होने का दावा करता है। मलिक ने पिछले साल अक्टूबर में राजस्थान के झुंझुनू में एक कार्यक्रम में कहा था, मुझे दोनों विभागों के सचिवों ने सूचित किया कि इसमें घोटाला है और फिर मैंने दोनों सौदे रद्द कर दिए। सचिवों ने मुझे कहा कि आपको फाइलों को मंजूरी देने के लिए प्रत्येक फाइल पर 150 करोड़ रुपये मिलेंगे लेकिन मैंने उन्हें कहा कि मैं पांच कुर्ता-पैजामे के साथ आया हूं और उन्हीं के साथ जाऊंगा।





## राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना का लक्ष्य बढ़ायें : प्रधान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इस साल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के दायरे में 10 लाख युवाओं को लाने के लिये राज्यों सहित सभी पक्षों का सहयोग मांगा और कहा कि वह 2 लाख या 5 लाख युवाओं को जोड़ने से संतुष्ट नहीं हैं और लक्ष्य को बढ़ाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेले की शुरूआत करते हुए प्रधान ने उद्योगों को प्रशिक्षुता पहल से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि पहले उद्योगों के लिये प्रशिक्षुता का विषय डराने वाला था लेकिन सरकार ने प्रशिक्षुता अधिनियम में संशोधन किया है। उन्होंने कहा कि उद्योगों के लिये प्रशिक्षुता प्राप्त करने वालों को नौकरी देने की बाध्यता नहीं है, वे बाजार मूल्य के हिसाब से मानदेय दे सकते हैं। प्रधान ने कहा कि उद्योग 7 हजार, 8 हजार या 10 हजार रुपए का मानदेय देंगे। इसमें भारत सरकार 1500 रुपए की जिम्मेदारी उठायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों एवं क्षेत्रीय निदेशकों को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय निदेशकों की यह जिम्मेदारी है कि इस साल 10 लाख नौजवानों को प्रशिक्षुता कार्यक्रम के दायरे में लाएं।











स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129